3 राजधानी
पुरानी कारें बनीं आकर्षण का केंद्र

6 अभिमत
वृद्धावस्था देखभाल का बाजारीकरण

10 विदेश
इतालवी तट के पास समुद्र में नौका टूटी, 30 शव बरामद

12 स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया बना महिला टी20 विश्वकप विजेता



RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 114
नई दिल्ली, सोमवार, 27 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





नड्डा ने की राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक
राष्ट्रीय-11


# आबकारी नीति मामले में सिसोदिया गिरफ्तार

- आठ घंटे सवाल-जवाब के बाद हुई कार्रवाई, सीबीआई ने कहा- पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे उपमुख्यमंत्री
- दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का केंद्र पर पलटवार, बताया गंदी राजनीति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई के समक्ष पेश होने के लिए जाते समय दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। फोटोः रंजन डिमरी

**आबकारी** नीति भ्रष्टाचार मामले में तेजी से बदलते घटनाक्रम में सीबीआई ने रविवार शाम को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सीबीआई ने उने लगभग आठ घंटे तक पूछताछ की। इस घटनाक्रम से भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार और आप के बीच राजनीतिक खाई और गहरी हो सकती है।

सिसोदिया को सोमवार को एक विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। पिछले साल जून में दिल्ली के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के बाद सिसोदिया की महत्वपूर्ण गिरफ्तारी हुई है। जांच एजेंसी का कहना है कि वर्ष 2021-22 के लिए जारी की गई आबकारी नीति तैयार करने और कार्यान्वयन दोनों में अनियमितताएं थीं और उसका मकसद आप से जुड़े लोगों को कथित तौर पर लाभ पहुंचाना था। विवाद के बाद यह आबकारी नीति वापस ले ली गई थी। सीबीआई के अधिकारी मनीष सिसोदिया के जवाबों से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने आरोप लगाया कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने एक बयान में कहा कि उन्होंने टालने वाले जवाब दिए और सबूत दिखाए जाने के बाद भी उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

सिसोदिया की गिरफ्तारी पर केजरीवाल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री निर्दोष हैं और उनकी गिरफ्तारी गंदी राजनीति है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मनीष की गिरफ्तारी से लोगों में बहुत रोष है। लोग सब देख रहे हैं। लोगों को सब समझ आ रहा है। लोग इसका जवाब देंगे। इससे हमारे हौसले और बढ़ेंगे। हमारा संघर्ष और मजबूत होगा। सीबीआई ने अपने बयान में कहा कि सिसोदिया को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत 19 फरवरी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। एजेंसी ने कहा कि हालांकि, उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए एक सप्ताह का समय मांगा था। उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए, उन्हें 26 फरवरी को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। सिसोदिया दूसरे दौर की पूछताछ के लिए सुबह करीब 11 बजकर 15 मिनट पर सीबीआई मुख्यालय पहुंचे थे। सीबीआई कार्यालय रवाना होने से पहले सिसोदिया ने रोड शो किया और राजघाट में गांधी की समाधि पर फूल चढ़ाए। इसके बाद भारी संख्या में एकत्रित ( शेष पेज 8 )

## गिरफ्तारी से केजरीवाल सरकार मुश्किल में, बजट पहली चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सिसोदिया के पास शिक्षा, वित्त और गृह सहित कुल 18 विभाग

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किए जाने के बाद अरविंद केजरीवाल नीत दिल्ली सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं क्योंकि सिसोदिया के पास शिक्षा, वित्त और गृह सहित कुल 18 विभाग हैं। सिसोदिया की गिरफ्तारी से पहले पिछले साल जून में दिल्ली के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया गया था।

उनकी अनुपस्थिति के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास दिल्ली में अपने शासन के एजेंडे को लागू करने के लिए कोई कद्दावर चेहरा नहीं है। केजरीवाल के लिए तत्काल चुनौती दिल्ली सरकार का बजट निर्धारित तरीके से पेश करने और सिसोदिया के बदले किसी नए नेता को खोजने की है। आम आदमी पार्टी (आप) सूत्रों ने बताया कि राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत अगले वित्त वर्ष के लिए दिल्ली सरकार का बजट पेश कर सकते हैं। आप के एक पदाधिकारी ने कहा, ऐसी संभावना थी कि सीबीआई उपमुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर सकती है, गहलोत पिछले कुछ दिनों से बजट से जुड़ी बैठकों में भाग ले रहे थे। गहलोत के 2023-24 का बजट पेश करने की संभावना है। इसे अगले महीने पेश किया जाना है।

दिल्ली सरकार की वेबसाइट के मुताबिक कुल 33 विभाग हैं जिनमें से स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), सेवा, वित्त, बिजली, गृह और शहरी विकास सहित 18 विभाग सिसोदिया के पास है। वह अन्य विभागों के प्रभारी भी हैं जो विशेष रूप से किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। केजरीवाल के अलावा, दिल्ली सरकार में ( शेष पेज 8 )

## एक-एक कड़ी जोड़ डिप्टी सीएम पर कसा शिकंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आठ महीने की लंबी पड़ताल में कई अफसरों, कारोबारियों पर कसा शिकंजा, सिसोदिया के घर-दफ्तर भी खंगाले

**नई** आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में लगभग आठ महीने की पड़ताल के बाद सीबीआई ने रविवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बीते साल अगस्त से इस साल फरवरी तक शराब नीति से जुड़े अफसरों को घेरा और केस में एक-एक सबूत जुटाया, उसके बाद ही आबकारी विभाग के मुखिया रहे सिसोदिया के खिलाफ कार्रवाई की।

सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग के एक आईएएस अफसर ने सीबीआई की पूछताछ में सिसोदिया का नाम लिया था। अफसर ने कहा था कि आबकारी विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा न हो, बल्कि व्यापारियों को मोटा फायदा हो। इसी बयान के आधार पर सीबीआई ने सिसोदिया को निशाने पर लिया और पिछले साल पहले 19 अगस्त उनके घर छापा मारा और फिर 30 अगस्त को उनके बैंक लॉकर खंगाले। इस दौरान उपमुख्यमंत्री खुद को निर्दोष भी बताते रहे और गिरफ्तारी की आशंका भी जताते रहे। सीबीआई ने जांच आगे बढ़ाते हुए पिछले साल ही 17 अक्टूबर को मनीष सिसोदिया से नौ घंटे तक पूछताछ की और इस साल 15 जनवरी को उनके दफ्तर पहुंच कंप्यूटर जब्त किया। सूत्रों के अनुसार अफसर ने सीबीआई पूछताछ में सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का भी आरोप लगाया था। इसके बाद जांच एजेंसी ने उपमुख्यमंत्री सिसोदिया और उस अफसर का आमना-सामना कराया, लेकिन सिसोदिया ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए।

बस, यहीं से सिसोदिया की गिरफ्तारी का खाका तैयार होता गया। बीते साल 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को एक रिपोर्ट भेजी थी। इसमें आबकारी मंत्री सिसोदिया पर उपराज्यपाल की मंजूरी के बिना नई आबकारी नीति बनाकर फर्जी तरीके से पैसा कमाने का आरोप लगाया गया था। इस रिपोर्ट के आधार सीबीआई ने पिछले साल 19 अगस्त को मनीष सिसोदिया समेत 15 लोगों ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस महाधिवेशन में विपक्ष की एकजुटता और अनुशासन पर जोर

- नई कांग्रेस के आगाज का ऐलान, भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब अरुणाचल प्रदेश से गुजरात के बीच यात्रा
- मेरे पास घर नहीं है, इसी अहसास ने यात्रा में बदलाव करने और लोगों से संपर्क साधने में मदद कीः राहुल
- नेताओं ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** रायपुर/नई दिल्ली



**भाजपा** शासित केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने रविवार को चीन संकट, अडाणी ग्रुप विवाद समेत कई मुद्दे उठाए। छत्तीसगढ़ के रायपुर में पार्टी महाधिवेशन के तीसरे और आखिरी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका गांधी ने पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी मौजूदगी में पार्टी प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

राहुल ने जहां विपक्षी एकता पर बोलने से बचे, वहीं खड़गे तथा प्रियंका ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले लोग यह उम्मीद कर रहे हैं विपक्षी दल एकजुट होंगे और सबसे ज्यादा उन्हें कांग्रेस से उम्मीद है। पार्टी ने आखिरी दिन नई कांग्रेस के आगाज का ऐलान किया और अपने नेताओं से आह्वान किया कि वे इस साल होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए अनुशासित एवं एकजुट होकर काम करें, क्योंकि ये चुनाव ही आगामी लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे। पार्टी ने एक बार फिर से फिर विपक्षी ( शेष पेज 8 )

## दुनिया माने भारत को ब्राइट स्पॉट कांग्रेस कहे-बर्बाद हो रहाः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पार्टी ने कहा-राहुल गांधी ने आखिरकार माना कि मोदी सरकार ने कश्मीर में क्या हासिल किया

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कश्मीर में लोगों द्वारा तिरंगा फहराने के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पहली बार स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कश्मीर में क्या हासिल किया है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि हिन्दुस्तान बर्बाद हो रहा है जैसी बातें करके विपक्षी पार्टी नकारात्मक राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पूरी दुनिया भारत को एक उज्ज्वल स्थान (ब्राइट स्पॉट) मान रही है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने कश्मीर में जो हासिल किया है, उसे पहली बार स्वीकार करने के लिए मैं राहुल गांधी को धन्यवाद देना चाहता हूं। जम्मू एवं कश्मीर में जहां पहले तिरंगा नहीं फहराया जाता था, आज अगर कांग्रेस पार्टी को उसी क्षेत्र में हजारों तिरंगे दिख रहे हैं, तो इसके पीछे क्या कारण है, राहुल गांधी को इसके बारे में भी सोचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कश्मीर में लोग अब तिरंगा उठा रहे हैं और लाल चौक पर तिरंगा है, तो यह नरेंद्र मोदी सरकार के सुशासन के कारण है।

इससे पहले, राहुल गांधी ने नवा रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन में कहा कि नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में भाजपा के महज 15-20 लोगों के साथ तिरंगा फहराया था, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हमने कश्मीर के लाखों युवाओं के जरिए तिरंगा फहराया। वर्ष 1991 में लाल चौक पर तिरंगा फहराने के संदर्भ में संसद में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण पर राहुल गांधी के कटाक्ष का जिक्र करते हुए पात्रा ने कहा कि इसी भावना ( शेष पेज 8 )

## मूसेवाला हत्या मामले के दो आरोपी जेल में मारे गए

**अमृतसर (पीएनएस)।** गायक सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में गिरफ्तार और पंजाब के तरनतारन जिले के गोइंदवाल साहिब सेंट्रल जेल में बंद दो गैंगस्टर रविवार को कैदियों के बीच हुई झड़प में मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गुरमीत सिंह चौहान ने बताया कि उनके खिलाफ अन्य मामले भी दर्ज थे। उन्होंने बताया कि मारपीट में एक कैदी घायल हो गया। उन्होंने बताया, तीनों एक ही गिरोह के थे। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की पिछले वर्ष 29 मई को मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चौहान ने बताया कि मृतकों की पहचान बटाला निवासी मनदीप सिंह उर्फ तूफान और बुढलाडा निवासी मनमोहन सिंह उर्फ मोहन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि झड़प में एक अन्य कैदी केशव गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि किसी बात को लेकर कैदियों के बीच झड़प हुई और जल्द ही स्थिति गंभीर हो गई। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा वाली जेल ( शेष पेज 8 )

## खालिस्तान समर्थकों को पाक से मिल रही आर्थिक मददः मान

- अमृतसर के अजनाला में थाने पर हमला और पुलिस को धमकाकर साथी को रिहा कराने के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी।** भावनगर



**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान और अन्य देशों से आर्थिक मदद मिल रही है। मान का यह बयान खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों की हालिया गतिविधियों की पृष्ठभूमि में आया है।

इस बीच, खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके समर्थकों द्वारा अमृतसर के अजनाला में थाने पर हमला और पुलिस को धमकाकर साथी को रिहा कराने के मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अमृतपाल की गतिविधियों को लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने पहले भी सरकार को सतर्क किया था। पंजाब में विगत तीन-चार दिन में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उस पर इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने भी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है।

इस रिपोर्ट को गृह मंत्रालय के उच्च अधिकारियों के साथ साझा किया गया है। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने गुजरात पहुंचे मान ने खालिस्तानी तत्वों से निपटने के लिए किसी ठोस रणनीति का खुलासा किए बिना कहा कि पंजाब पुलिस इस मुद्दे से निपटने में सक्षम है और केवल कुछ ही लोग पंजाब में खालिस्तान-समर्थक आंदोलन को ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,463 | |
| निफ्टी | 17,465 | |
| सोना | 55,840 | /10g |
| चांदी | 64,517 | /kg |

### क्विक न्यूज

**औरंगाबाद और उस्मानाबाद जिलों का भी नाम बदलेगा**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि नगर निकाय क्षेत्रों की तरह ही औरंगाबाद और उस्मानाबाद जिलो का नाम भी बदलकर क्रमशः छत्रपति संभाजीनगर और धाराशिव किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य को लिखे एक पत्र में कहा था कि उसे नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है। दरअसल, शिवसेना (उद्धव) के नेता अम्बादास दानवे ने दावा किया था कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलकर क्रमशः छत्रपति संभाजी नगर और धाराशिव रखने का फैसला केवल नगर निकाय के क्षेत्रों पर लागू होगा न कि पूरे जिले पर। उन्होंने इस संबंध में केंद्र और एकनाथ शिंदे सरकार से सवाल किया था। फडणवीस ने पत्रकारो ने कहा, जिलो तथा तहसीलो के नाम बदलने के हमारे संकल्प को लेकर कोई भ्रम नही होना चाहिए।

## आतंकियों ने कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या की



कश्मीरी हिन्दू संजय शर्मा की हत्या के बाद बिलखते परिजन

**भाषा।** श्रीनगर

- पुलिस के मुताबिक एटीएम में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे संजय शर्मा

**जम्मू**-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों ने रविवार को कश्मीरी पंडित समुदाय के 40 वर्षीय एक व्यक्ति की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह स्थानीय बाजार जा रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की लक्षित हत्या की यह एक और घटना है। पुलिस ने बताया कि एक एटीएम के सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करने वाले संजय शर्मा पर दक्षिण कश्मीर में इस जिले के अचन इलाके में पूर्वाह्न करीब 11 बजे उनके आवास से महज 100 मीटर की ( शेष पेज 8 )

# केरल के मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराएगा रोबॉटिक हाथी

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

- मंदिर प्रबंधन ने किसी भी कार्यक्रम में जीवित हाथी या अन्य जानवरों का इस्तेमाल नहीं करने की ली शपथ

**केरल** के त्रिशूर जिले में स्थित इरिंजादप्पिल्ली श्री कृष्ण मंदिर देश का पहला ऐसा मंदिर बन गया है जहां, धार्मिक अनुष्ठानों के लिए केवल रोबॉटिक हाथियों का इस्तेमाल होगा। अनूठी पहल करते हुए यहां मंदिर प्रबंधन ने शपथ ली है कि अनुष्ठानों के लिए जीवित हाथियों या किसी अन्य जानवर को कभी भी न तो किराए पर लिया जाएगा और न ही अपने पास रखकर पाला जाएगा।

मंदिर के पुजारियों ने रविवार को नादयिरुथल पूजा कर एक शानदार रोबॉटिक हाथी देवता इरिंजादप्पिल्ली रमन मंदिर को भेंट किया। पुरस्कार विजेता भारतीय फिल्म अभिनेता पार्वती थिरुवोथु के सहयोग से पशु अधिकार संगठन पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया द्वारा इरिंजादप्पिली रमन को उपहार स्वरूप दिया गया है। पेटा इंडिया ने कहा कि इरिंजादप्पिल्ली रमन के जरिए मंदिर में सभी धार्मिक अनुष्ठान सुरक्षित और क्रूरता मुक्त तरीके से आयोजित करने में मदद मिलेगी। इस तरह वास्तविक हाथियों के पुनर्वास और वन्यजीव उत्थान को बढ़ावा मिलेगा। रविवार को आयोजित उद्घाटन समारोह के बाद पेरुवनम सतीसन मारार के नेतृत्व में तबला कलाकारों की टुकड़ी ने शानदार प्रस्तुति दी।

पार्वती के अनुसार हमारे आसपास यह देखा जा रहा है कि आजकल मुनष्य अपने मनोरंजन के लिए जानवरों को क्या-क्या सहन करने के लिए मजबूर कर रहा है। इसलिए पशुओं के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार रोकने और जानवरों को



सम्मानजनक जीवन जीने देने की दिशा में मजबूत और अधिक प्रभावशाली कदम उठाने का यह सही समय है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं श्रीकृष्ण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को अहिंसक, रोमांचक, आधुनिक और कर्तव्यनिष्ठ तरीके से धार्मिक कार्य करने में मदद के लिए पेटा इंडिया का समर्थन करने से प्रसन्न हूं। मंदिर के मुख्य पुजारी राजकुमार नमबोथिरी ने कहा कि हम इस यांत्रिक यानी रोबॉटिक हाथी को प्राप्त करके बेहद खुश हैं और पेटा के आभारी हैं। इससे निश्चित रूप से हमें अपने अनुष्ठानों और त्यौहारों को क्रूरता मुक्त तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। हम यह भी आशा करते हैं कि अन्य मंदिर भी पशुओं की जगह धार्मिक अनुष्ठानों में रोबोट के इस्तेमाल करने के बारे में कदम बढ़ाएंगे। केरल सहित देश भर में अधिकांश हाथियों को अवैध रूप से कैद में रखा जा रहा है या बिना अनुमति के एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाता है। क्योंकि हाथी जंगली जानवर हैं, जो सवारी, समारोह और अन्य उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने के दौरान मानव आज्ञा का स्वेच्छा से पालन नहीं करते। इसके लिए उन्हें पिटाई करके और धातु की नोक वाले हथियारों के उपयोग के माध्यम से प्रशिक्षित एवं नियंत्रित किया जाता है।

कई हाथियों को घंटों तक कंक्रीट पर बंधे रहने के कारण पैरों में बेहद दर्दनाक बीमारियां हो जाती हैं या उनके पैरों में घाव हो जाते हैं। प्राकृतिक जीवन जीने की बात तो छोड़ ही दें, अधिकांश को पर्याप्त भोजन, पानी या जरूरत पड़ने पर चिकित्सा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। कैद की हताशा से घिरे हाथियों में असामान्य व्यवहार की प्रवृत्ति उभर आती है और वे मुक्त होने की कोशिश करते हैं। इस कड़ी में वे पागल तक हो जाते हैं। इस तरह मनुष्यों, अन्य जानवरों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। हेरिटेज एनिमल टास्क फोर्स द्वारा ( शेष पेज 8 )

# गाजियाबाद में कॉकटेल पार्टी में मारपीट

## एक नेता के होटल में बाउंसरों ने मेहमानों को पीटा, आधी रात को डीजे बजाने को लेकर विाद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के होटल द ग्रैंड में शादी समारोह की कॉकटेल पार्टी में मारपीट हो गई। आधी रात को समारोह में आए लोगों ने डीजे बजाने के लिए कहा तो होटल स्टाफ ने साफ मना कर दिया। इस पर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ा। फिर जमकर लाठी.डंडे चले। होटल के बाउंसर व स्टाफ ने कार्यक्रम में आए महिला-पुरुषों को जमकर पीटा। घटना में महिला समेत पांच लोग घायल हैं। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।





गाजियाबाद के एक होटल में समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद युवक, महिला व अन्य को पीटते हुए बाउंसर।

इस घटना से जुड़े 2 वीडियो सामने आए हैं। इसमें आपस में खूब डंडे चलते दिखाई दे रहे हैं। कुछ महिला-पुरुष जमीन पर गिरे हुए हैं। खून की बूंदें भी दिखाई दे रही हैं। एक वीडियो में महिला-पुरुषों ने खुद को एक कमरे में बंद किया हुआ है। इस कमरे के बाहर दर्जनों डंडेधारी युवक उन्हें पीटने के लिए खड़े हैं और गाली-गलौज कर रहे हैं। वीडियो देखने से स्पष्ट है कि कार्यक्रम में घंटों तक तांडव मचा। इस मारपीट में 5 लोग घायल हुए हैं। जिसमें एक महिला को गंभीर चोट आई है। उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि ये होटल राजनीतिक पार्टी से जुड़े नेता का है। यहां शनिवार सुबह हल्दी का प्रोग्राम और शाम को कॉकटेल पार्टी थी। इसमें तमाम लोग सज-धजकर आए हुए थे। विवाद के बाद लोगों को लाठी-डंडे से पीटा गया। पीड़ित पक्ष की स्वाति का कहना है कि हमने पुलिस में तहरीर दे दी है। मंडपों में डीजे रात 10 बजे तक ही बजाने की परमिशन है। इस होटल में दिन में हल्दी कार्यक्रम था और रात को कॉकटेल पार्टी चल रही थी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कॉकटेल पार्टी के लिए आबकारी विभाग से परमिशन ली गई थी या नहीं। बता दें कि इसकी परमिशन स्वयं कार्यक्रम आयोजक को लेनी पड़ती है। हालांकि इसमें भी होटल मालिक शराब तभी सर्व करने की अनुमति देता है, जब आबकारी विभाग से कार्यक्रम आयोजक को एक दिन का लाइसेंस मिल जाता है। डीसीपी रवि कुमार ने बताया ग्रैंड आईआरएस में रात दो बजे शादी की एक कॉकलेट पार्टी चल रही थी। पार्टी में मौजूद लोगों ने देर रात डीजे बजाने की मांग की। इस पर होटल मालिक ने आपत्ति जताई। इसी बात पर विवाद बढ़ा। जिसके बाद होटल के 15-20 लड़कों ने पार्टी सेलिब्रेट करने आए लोगों से लाठी-डंडों से मारपीट की है। वीडियो के आधार पर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों को भी पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

सपा मीडिया सेल ने ट्वीट करते हुए लिखा, गाजियाबाद में एक नेता के होटल में बाउंसर्स आगंतुकों को जमकर लाठी-डंडे से पीट रहे हैं। दो लोग जख्मी अवस्था में एडमिट हैं। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने पार्टी विशेष के नेता का मामला होने के कारण केस दर्ज नहीं किया और कार्रवाई नहीं कर रही।

ये जंगलराज नहीं तो और क्या है, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा. उप्र में भाजपा ने कानून व्यवस्था का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# स्वच्छता पर ग्रेनो प्राधिकरण का बड़ा कदम



ग्रेटर नोएडा में रविवार को मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का शुभारंभ करते विधायक तेजेंद्रपाल व सीईओ रितु माहेश्वरी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- कूड़े को प्रोसेस करने का पहला एमआरएफ केंद्र सेक्टर ज्यू वन में शुरू

ग्रेटर नोएडा को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने के लिए प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी की पहल का असर दिखने लगा है। कूड़े को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा के पहले मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का रविवार को आगाज हो गया। दादरी विधायक तेजपाल नागर और सीईओ रितु माहेश्वरी ने प्राधिकरण, आईपीसीए और एसबीआई की सहभागिता से सेक्टर ज्यू वन में निर्मित इस एमआरएफ सेंटर का शुभारंभ किया। इससे पहले विधायक और सीईओ ने सिटी पार्क स्थित पिंक ट्वॉयलेट समेत कुल आठ शौचालयों का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि किसी भी शहर के लिए कूड़ा का उचित प्रबंधन बहुत जरूरी होता है। ग्रेटर नोएडा ने इस तरफ कदम बढ़ाया है। सीईओ रितु माहेश्वरी के नेतृत्व में नोएडा की तरह ही ग्रेटर नोएडा तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि गांव हो या सेक्टर, सभी जगह के निवासियों को इसका फायदा मिलना चाहिए। विधायक ने ग्रेटर नोएडा को साफ-सुथरा और हरा-भरा शहर बनाने के लिए सीईओ रितु माहेश्वरी के प्रयास की सराहना की। नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि इस एमआरएफ केंद्र से रोजाना 10 टन कूड़े को प्रोसेस किया जाएगा। सेक्टर ओमीक्रॉन वन, ओमीक्रॉन वन ए, ओमीक्रॉन टू और ओमीक्रॉन थ्री, बिरौंडा, बिरौंडी व एच्छर स्थित करीब 14000 घरों से कूड़ा एकत्रित कर उसे सेग्रिगेट कर निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पूरा प्रोसेस इतना बढ़ाया होना चाहिए कि निवेशक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को देखने के लिए इंदौर न जाएं, बल्कि ग्रेटर नोएडा आएं।

रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा के स्वच्छता अभियान से आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, निवासियों व ग्रामीणों के जुड़ने का आह्वान किया। रविवार को एक पिंक समेत 8 ट्वॉयलेट का भी लोकार्पण किया गया। ये पीपीपी मॉडल पर बनाए गए हैं। सीईओ रितु माहेश्वरी ने बताया कि 12 ट्वॉयलेट पूर्व में बनाए गए थे। 30 ट्वॉयलेट अब बनाए गए हैं। इस तरह अब तक 42 ट्वॉयलेट बन चुके हैं। इनके अलावा 30 और ट्वॉयलेट बनाने की प्रक्रिया चल रही है। प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने कहा कि सीईओ रितु माहेश्वरी की अगुवाई में ग्रेटर नोएडा नई ऊंचाइयों को छूएगा। इस दौरान ओएसडी रजनीकांत, आईपीसीए के निदेशक आशीष जैन, प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव निरंजन, प्रबंधक गौरव बघेल और मनोज चौधरी, ईएंडवाई की टीम आदि मौजूद रहे।

### कूड़े को प्रोसेस कर खाद व अन्य उत्पाद बनेंगे

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफसे सेक्टर ज्यू वन में निर्मित इस एफआरएफ केंद्र को इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन और एसबीआई कार्ड की सहभागिता से बनाया गया है। करीब 1.07 करोड़ रुपये की लागत से बने इस एफ आरएफ केंद्र की क्षमता रोजाना 10 टन कूड़े को निस्तारित करने की है। सेक्टर ओमीक्रॉन वन, ओमीक्रॉन वन ए, ओमीक्रॉन टू और ओमीक्रॉन थ्री, बिरौंडा, बिरौंडी व एच्छर स्थित करीब 14000 घरों से कूड़ा एकत्रित कर उसे सेग्रिगेट कर निस्तारित किया जाएगा। गीले कूड़े को प्रोसेस कर खाद बनाया जाएगा, जबकि सूखे कूड़े को रीसाइकिल कर बेंच, टेबल, डस्टबिन, गुल्लक, बोर्ड आदि उत्पाद बनाए जाएंगे। इससे पहले ईकोटेक 11 में सिर्फ रीसाइकिलिंग प्लांट लगाया गया है।

# नोएडा में गोलीबारी : पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- पुलिस ने मामले में दर्ज किया दो एफआईआर, हथियारों के लाइसेंस रद्द करने की कवायद तेज

नोएडा सेंट्रल जोन के गढ़ी शाहदरा गांव में रविवार को दिन निकलते ही दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ है। जिसमें ताबड़तोड़ गोलीबारी की गई है। इस मामले में गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने कड़ी कार्यवाही शुरू की है। दोनों पक्षों पर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिसमें आईपीसी की धारा 307 लगाई गई है।

नोएडा सेंट्रल के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी नामजदों की गिरफ्तारी करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं। जल्दी ही सारे लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इनके असलहा लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। दोनों पक्षों को पहले ही मुचलका पाबंद किया जा चुका था। मुचलका राशि जब्त की जाएगी।

नोएडा सेंट्रल जोन के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि गढ़ी शाहदरा गांव के रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता नवीन भाटी और उसके चाचा के बीच लंबे अरसे से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। एक पक्ष ने जमीन पर अदालत से स्थगनादेश ले रखा था। मिली जानकारी के मुताबिक स्थगनादेश टूट गया है। इस बारे में पुलिस को जानकारी दिए बिना ही दूसरा पक्ष जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंच गया। इसी दौरान विवाद हुआ। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। जानलेवा हमला किया गया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की गई है। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही सारे लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन लोगों के खिलाफ मारपीट, कातिलाना हमला करने और बलवा करने के आरोपों में एफआईआर दर्ज की गई हैं।

झगड़े के दौरान दोनों पक्षों की ओर से 14 राउंड फायरिंग की गई है। अंधाधुंध और ताबड़तोड़ फायरिंग से पूरे गांव में अफरा.तफरी मच गई। लोग अपने घरों में जाकर घुस गए। छतों पर चढ़ गए। इसी दौरान ग्रामीणों ने इस झगड़े की वीडियो बनाई हैं। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

# ट्रोनिका सिटी के जनरल स्टोर में लूटपाट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- ग्राहक को पेचकस मारने के बाद दुकानदार के सिर पर तमंचे की बट मार लूटे 65 हजार रुपये

गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी इलाके में बदमाशों ने एक जनरल स्टोर लूट लिया। बदमाशों ने कस्टमर को पेचकस मारे और दुकान के अंदर घुस गए। दुकानदार के सिर पर तमंचे की बट मारी, हवाई फायरिंग की और गल्ले से करीब 65 हजार लूटकर फरार हो गए। भागते हुए बदमाशों ने महिला समेत दो युवकों को गोली मारने की धमकी तक दी। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश जारी है।

ये घटनाक्रम ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में रामपार्क एक्सटेंशन स्थित नंदा कॉलोनी की राजू जैन की जनरल स्टोर का है। शनिवार देर शाम राजू जैन बाहर खड़े थे और पिता सुभाष जैन शॉप के अंदर मौजूद थे। अमित नाम का कस्टमर सामान खरीद रहा था। राजू जैन ने बताया, इस दौरान करीब चार-पांच बदमाश आए। उन्होंने कस्टमर अमित को पेचकस मारकर घायल कर दिया।

बदमाशों से बचने के लिए अमित दुकान में अंदर की तरफ भागा। इसके बाद राजू जैन का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। फिर वे दुकान के अंदर घुस गए। सुभाष जैन के सिर में उन्होंने तमंचे की बट और गोली मारने की धमकी देते हुए गल्ले से 65 हजार रुपए निकाल लिए। लूटपाट के बाद बदमाश दुकान से बाहर निकले और तमंचे से एक हवाई फायरिंग करते हुए महिला और दो युवकों को गोली मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस मौके पर मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा-गाजियाबाद-बुलंदशहर के 687 एसआई को सौंपा नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सभी अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की दीं शुभकामनाएं



ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने नोएडा, गाजियाबाद और बुलंदशहर के सब इंस्पेक्टर नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर चयनित 687 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा हैं। इसमें गौतम बुद्ध नगर के 125, गाजियाबाद के 263 और बुलंदशहर के 299 अभ्यार्थियों को सब इंस्पेक्टर नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

इस मौके पर लक्ष्मी सिंह ने सभी अभ्यर्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। लक्ष्मी सिंह ने कहा कि आप सभी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का पालन करें। निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करें और विभाग का मान बढ़ाने का काम करें। लक्ष्मी सिंह ने कहा कि आपका अच्छा आचरण विभाग और आपके परिवार दोनों को बड़ा नाम देगा। नोएडा पुलिस कमिश्नरेट से 103 पुरुष अभ्यार्थी, 16 महिला अभ्यर्थी, प्लाटून कमांडर पीएससी के पद पर 6 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र सौंपा गया है। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के 5 अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान संस्थान में नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इन सभी नवनियुक्त अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण आगामी 13 मार्च 2023 से शुरू होगा।

### ग्रेटर नोएडा मेट्रो ट्रेनों और स्टेशनों का होगा बीमा

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने अपनी मेट्रो ट्रेनों, स्टेशनों और अन्य संपत्तियों के लिए बीमा कवरेज की योजना बनाई है। इसमें आग, चोरी, सेंधमारी, भूकंप आदि के लिए बीमा शामिल होगा। एनएमआरसी ने प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी कर एक साल के लिए अलग-अलग बीमा पॉलिसी के लिए कंपनी चयन के लिए ई-बोली आमंत्रित की है।

बीमा कंपनी को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण आईआरडीएआई द्वारा लाइसेंस प्राप्त होना चाहिए और नीतियों को जारी करने को अनुमोदित होना चाहिए।

# यात्रियों को अंतिम छोर तक पहुंचाएगा ई रिक्शा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा-ग्रेटर नोएडा के मेट्रो स्टेशन तक पहुंचाने के लिए एनएमआरसी करेगी कंपनियों का चयन

लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशनों से नोएडा और ग्रेटरनोएडा के सेक्टरों के लिए ई.रिक्शा चलाए जाएंगे। इनका संचालन एनएमआरसी की ओर से चयनित की गई कंपनी करेगी। ये मुसाफिर को उनके सेक्टर और वहां से मेट्रो स्टेशन तक लाएंगे। अप्रैल में इन रिक्शा का संचालन शुरू हो जाएगा। एक्वा लाइन के 21 मेट्रो स्टेशन में पहले फेज में 16 मेट्रो स्टेशनों पर ये सुविधा मिलेगी। इनमें से नोएडा के 13 और ग्रेटरनोएडा के 3 मेट्रो स्टेशन है।

लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया गया है। जिस कंपनी का चयन किया जाएगा उसे तीन साल के लिए ई-रिक्शा के संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। एनएमआरसी मेट्रो स्टेशनों पर ई.रिक्शा की उपलब्धता के आधार पर 100 से 500 वर्ग मीटर तक पार्किंग की जगह उपलब्ध कराएगा। इसमें बिजली कनेक्शन और चार्जिंग के पॉइंट भी दिए जाएंगे। चार्जिंग के लिए कॉमर्शियल दरों पर बिजली मिलेगी। यहां चार्ज करने के बाद आसानी से दिन भर ये अपना काम कर सकते है। नोएडा में एनएमआरसी की 29 किमी लंबी एक्वा लाइन पर 21 स्टेशन है। इनमें से अधिकांश स्टेशनों तक पहुंचने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम नहीं है। इसके लिए एनएमआरसी फीडर बसें भी चलाने जा रही है। अभी आसपास के सेक्टर और इंडस्ट्रियल और आईटी क्षेत्र के लिए ई रिक्शा चलाए जाएंगे। वर्तमान में एक्वा लाइन से करीब 48 हजार मुसाफिर रोजाना सफर करता है।

### भाजपा नेता आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**नोएडा।** आम आदमी पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी बैठक होशियारपुर के शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान जिला ध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन की मौ जूदगी में भाजपा किसान मोर्चा नोएडा जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार राजपूत अपने कई साथियों के साथ भाजपा छोड़ कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। भूपेन्द्र सिंह जादौन ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि भाजपा से लोग परेशान हो चुके हैं। सिर्फ आप ही गरीबों के बच्चों की शिक्षा के लिए सोचती है।

# गाजियाबाद का पहला स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- विजयनगर जोन में कूड़े से बदबू और गंदगी की समस्या झेल रहे लाखों लोगों को मिलेगी राहत

गाजियाबाद के अकबरपुर बहरामपुर क्षेत्र में नगर निगम का स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफ र स्टेशन तैयार है। मार्च के पहले हफ्ते में ये शुरू हो सकता है। नगर निगम की गाड़ियां घरों से इस स्टेशन तक कूड़ा लेकर आएंगी। यहां पर कूड़े को कंटेनर में डाला जाएगा और फिर उसको प्रोसेसिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। अब तक विजयनगर जोन में खुले एरिया में पड़ने वाले कूड़े से बदबू और गंदगी की समस्या झेल रहे लाखों लोगों को अब बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

गाजियाबाद शहर से रोजाना 1200 से 1500 मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। इसे सड़क किनारे डलावघरों में डाल दिया जाता है। ऐसे में विभिन्न क्षेत्रों में वायु प्रदूषण फैलता है, गंदगी बढ़ती है और लोगों को परेशानियां होती हैं। खुले में पड़ने वाले कूड़े को निस्तारित करने के लिए नगर निगम की एक टीम पिछले दिनों इंदौर गई थी। इस टीम ने इंदौर में कूड़ा निस्तारण की तकनीक देखी। वहां से स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का मॉडल निकलकर सामने आया। घरों से सूखा और गीला कचरा अलग.अलग इकट्ठा किया जाएगा। गाड़ियों से ये कचरा स्मार्ट कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचेगा। स्टेशन पर मशीनों के जरिये कूड़े को दबाकर कॉम्पेक्ट किया जाएगा। फिर इसको स्टेशन पर रखे गए कैप्सूलनुमा बंद कंटेनरों में भरकर प्रोसेसिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जाएगा।

इन कंटेनरों की क्षमता 150 से 200 टन प्रतिदिन कूड़ा भंडारित करने की है। ये ट्रांसफर स्टेशन इस प्रकार के होंगे कि सामने खड़े होने पर भी आपको कूड़ा दिखाई नहीं देगा। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने बताया, विजयनगर जोन का कूड़ा स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन अकबरपुर बहरामपुर में ट्रिपल पी मॉडल पर तैयार हो चुका है। यहां पूरी तरह कवर्ड एरिया में कूड़ा इकट्ठा होने से विजयनगर जोन के लोगों को राहत मिलेगी।

मार्च के पहले हफ्ते में इस स्टेशन का उद्घाटन हो सकता है। वसुंधरा जोन में भी इसी तरह का स्टेशन साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में बनाया जा रहा है। इसके अलावा प्रत्येक जोन में इस तरह का एक स्टेशन बनेगा, ताकि खुले में कूड़ा दिखाई ही न दे।

# सरस मेले में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद बने लोगों की पसंद

## बिहार के कलाकारों ने मंच पर दी रामचरितमानस की प्रस्तुति, रविवार को महिलाओं तथा युवतियों ने की जमकर खरीददारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान द्वारा आयोजित सरस आजीविका सरस मेले में दसवें दिन लोगों, विशेषकर महिलाओं तथा युवतियों ने जमकर खरीददारी की। रविवार को छुट्टी के दिन मेले में सभी राज्यों के उत्पादों की जमकर खरीददारी हुई।




मेले में रविवार को विभिन्न राज्यों के आकर्षक उत्पादों, खासकर हैंडलूम तथा हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट्स की जमकर खरीददारी की गई। आंध्र प्रदेश की नर्रा सुनीथा के समूह विनायका के फूड प्रोडक्ट्स की लोगों ने जमकर खरीददारी की। आंध्रा के ही के रेवाथी के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद जैसे वुड कार्विंग लोगों की खसी पसंद बने। असम की सविता के समूह के हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की खासी धूम रही। असम से ही पम्पी तलुकदार के मां लक्ष्मी समूह के हैंडीक्राफ्ट के बम्बू प्रोडक्ट्स की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। उधर बिहार के सत्तू लोगों की पसंद बने। छत्तीसगढ़ के मसाले लोगों को खूब भा रहे हैं। छत्तीसगढ़ से ही पदमावती झारा के जय बुद्धि मां समूह के हैंडीक्राफ्ट बैल मेटल ने खासी धूम मचा रखी है।

इसके साथ ही विभिन्न राज्यों के महिला समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों की भी लोगों ने जमकर खरीददारी की। हैंडीक्राफ्ट, ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार से लाहकी चूड़ी, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्नपटना खिलौना मेले में उपलब्ध हैं।

सरस मेले में दसवें दिन बिहार के कलाकारों ने मंच पर रामचरितमानस की गरिमामयी प्रस्तुति से दर्शकों को भाव.विभोर कर दिया। इसके साथ ही अन्य सांस्कृतिक आयोजनों ने भी मंच की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही इंडिया फूड कोर्ट सरस आजीविका मेले में आकर्षण का केंद्र बना है। जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के व्यंजन परोसे जा रहे हैं। इस बार इंडिया फूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों का समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैंए जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त किया जा सकता है। 05 मार्च तक आयोजित मेले में दिनोंदिन खरीददारों की संख्या बढ़ रही है।

# मोटा अनाज वर्ष : एक से पांच मार्च मनाया जाएगा अन्न श्री महोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा हाट में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मेले में किया जाएगा आयोजन

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नोएडा हाट में चल रहे सरस आजीविका मेले मैं 01 मार्च से 05 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के अवसर अन्न श्री महोत्सव मनाया जाएगा। भारत में यह उत्सव पहली बार मनाया जाएगा। उत्सव का उददेश्य शहरी क्षेत्रों में मिल्टस मोटा अनाज के प्रोडेक्टस को इस्तेमाल करने की जागरूकता होगा।

एनआईडीपीआर के अस्टिेंट डायरेक्टर चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि भारत के 09 राज्यों से 40 एसएचजी महिलाओं का समूह 01 मार्च से 05 मार्च तक अन्न श्री महोत्सव में हिस्सा लेगा। जो यहा लाइव फूड स्टाल लगाएंगी, जहां न सिर्फ मिल्टस फूड बनाए जाएंगे एवं परोसे भी जाएंगे। साथ ही मेले में पहुंची गृहणियों को मिल्टस की रेसिपी भी बनानी सिखाई जाएंगी। मिल्टस यानी मोटा अनाज से तरह तरह के व्यंजन तैयार किए जा सकते हैं जैसे बाजरा रोटी, ज्वार की रोटी, रागी लडडू, डोसा, बिरयानी, खिचडी, वडा, पाइसम सहित 40 तरह के अलग अलग व्यंजन।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 27 फरवरी, 2023



# उपमुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर आप में उबाल

## केंद्र पर तीखा प्रहार करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा- झुकेंगे नहीं, लड़ेंगे, केजरीवाल को राजनीतिक गुरू व दोस्त बताया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाला में सीबीआई द्वारा उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने में आम आदमी पार्टी में जबरदस्त उबाल है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रविवार को सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया था। ऐसे में उनके साथ आम आदमी पार्टी के समर्थकों के बड़ी संख्या में आने की संभावना थी। इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

करीब डेढ़ हजार पुलिस कर्मियों को सीबीआई मुख्यालय के आसपास तैनात किया गया है। भारी संख्या में समर्थकों के आने की संभावना को देखते हुए लाला लाजपत राय मार्ग समेत लोधी कॉलोनी स्थित सीजीओ कंपलेक्स के आसपास स्थित सभी मार्गों को सुबह बंद कर दिया जाएगा। इसके बावजूद आप समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। दिल्ली पुलिस ने भीड़ को काबू करने के मकसद से सीबीआई मुख्यालय के पास धारा 144 लगा दी थी। सिसोदिया रविवार सुबह करीब सवा 11 बजे जांच में शामिल होने के लिए सीबीआई दफ्तर पहुंचे थे

इससे पहले मनीष सिसोदिया आम आदमी पार्टी के समर्थकों के साथ राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को नमन कर सच्चाई की जीत का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की जनता, स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम भावुक संबोधन भी दिया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि दिल्ली वाले मेरा परिवार हैं। अगर मैं जेल गया तो मेरी पत्नी घर पर अकेली रहेगी। उसका ख्याल रखना। मेरी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आए और पत्नी ने हमेशा साथ दिया। इस दौरान उन्होंने सरफरोशी की तमन्ना आज हमारे दिल में है..., और इंकलाब जिंदाबाद नारे के साथ दिल्लीवालों से कहा कि दिल्ली की जनता मेरा परिवार है।





राजधानी में पूछताछ से पहले महात्मा गांधी की समाधि से लौटते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, विधायक सौरभ भारद्वाज। वहीं सीबीआई दफ्तर के बाहर नारेबाजी करते कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

### बच्चों से की भावुक अपील

शिक्षा मंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके मनीष चाचा अगर जेल चले गए तो यह मत समझना की छुट्टी हो गई है। छुट्टी नहीं होने वाली है। जिस दिन उन्हें पता चला कि बच्चों ने पढ़ाई में लापरवाही शुरू कर दी है, उस दिन वह खाना नहीं खाऐंगे। साथ ही उन्होंने अरविंद केजरीवाल को अपना मित्र, भाई और राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि आप पर बहुत नाज है। हो सकता है, उन्हें जेल में रहना पड़े लेकिन आप देश की सेवा में लगे रहिए। पीएम मोदी को राहुल गांधी या दूसरे नेताओं से नहीं केजरीवाल से डर लगता है। उन्होंने कहा,वह झुकेंगे नहीं, लड़ेंगे।

## आप कार्यकर्ताओं का सीबीआई दफ्तर के बाहर शक्ति प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- पार्टी के कई नेताओं को लिया था हिरासत में

सीबीआई दफ्तार के पास आप समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन किया। वहां मनीष सिसोदिया के समर्थन में सांसद संजय सिंह, विधायक सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे। वहीं, सीबीआई मुख्यालय के पास धरना दे रहे आप के कई नेताओं को हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह, विधायक सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय सहित आप के 50 नेताओं को हिरासत में ले लिया था उन्हें फतेहपुर बेरी थाने ले जाया गया था। भीड़ से बचनेके लिए सीबीआई मुख्यालय के पास धारा 144 लगा दी थी। साथ ही पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई थी।

संजय सिंह ने कहा कि केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार और अडाणी के लाखों करोड़ के घोटाले से देश का ध्यान भटकाने के लिए मनीष सिसोदिया पर कार्रवाई कर केजरीवाल को बदनाम किया जा रहा है। मोदी सरकार ने अडाणी को 2.5 लाख करोड़ का कर्ज दिया और 84 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। केंद्र ने अडाणी के साथ मिलकर पूरा देश बेच दिया है और लाखों करोड़ का घोटाला किया है।

## भाजपा-कांग्रेस ने सिसोदिया और आप सरकार को घेरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने सिसोदिया को शराब मंत्री बताया

मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति लागू करने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और सिसोदिया को घेरा है।

भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने सिसोदिया को शराब मंत्री बताया और कहा पैसा बनाने के लिए शराब पर कमीशन बढ़ाया। आम आदमी पार्टी नेताओं ने कहा था कि दिल्ली का बच्चा-बच्चा सिसोदिया को अपने चाचा के रूप में देखता है पर शाम होते-होते स्थिति यह है कि बच्चे उनसे एक सवाल पूछ रहे हैं कि चाचा तुमने चोरी क्यों की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी कहा कि अगर शराब नीति को लागू करने में सिसोदिया बेकसूर है तो उन्हें सीबीआई की पूछताछ से डर क्यों लग रहा था। सिसोदिया डरे हुए थे कि सत्येंद्र जैन की तरह सलाखों के पिछले ना चले जाए और कहीं ऐसा न हो कि सिसोदिया केजरीवाल के भ्रष्टाचार और राजनीतिक काले कामों के बारे में बात करें।



राजधानी में विंटेज कार रैली के दौरान उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

## विंटेज फॉर लाइफ : पुरानी कारें बनीं आकर्षण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विंटेज फॉर लाइफ, जी-20 कार ड्राइव को झंडी दिखाकर किया रवाना

चुरुर मुरुर का अंदाज और पौं पौं की आवाजें करतीं के दिल्ली की सड़कों पर जब उम्रदराज कारें अपना जलवा बिखेरते हुए गुजरीं तो लोग उन्हें देखते ही रह गये। हर कोई इनकी एक झलक पाने को बेताब दिखा। नेशनल स्टेडियम से दिल्ली जिमखाना क्लब में समापन से पहले 50 क्यूरेटेड विंटेज कारें और 23 विंटेज मोटरसाइकिलें लुटियंस दिल्ली की सजी हुई सड़कों पर ड्राइव पर निकलीं। तो लोग इन्हें देखने के लिये रुक गये। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नेशनल स्टेडियम से विंटेज फॉर लाइफ, जी-20 कार ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना किया।

जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी जोरशोर से चल रही है। देश के आर्थिक विकास और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए व्यापार और सांस्कृतिक समुदाय एक विंटेज कार ड्राइव में भाग लेने साथ आए।

दिल्ली जिमखाना क्लब में समापन से पहले 50 क्यूरेटेड विंटेज कारें और 23 विंटेज मोटरसाइकिलें लुटियंस दिल्ली की सजी हुई सड़कों पर ड्राइव पर निकलीं। इस कार्यक्रम का आयोजन परिवहन विभाग, जीएनसीटीडी ने एचएमसीआई-हेरिटेज मोटरिंग क्लब ऑफ इंडिया के सहयोग से किया था। इस अवसर पर अमिताभ कांत, शेरपा जी-20, मुख्य सचिव दिल्ली, नरेश कुमार, एचएमसीआई के संस्थापक सदस्य अविनी अंबुज शंकर और दिल्ली सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जी-20 देशों के राजनयिकों के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी देखी गई।

विंटेज फॉर लाइफ ड्राइव रविवार की सुबह शुरू हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने विंटेज पोशाक पहनी थी। वर्ष 1920 के दशक से लेकर 1970 के दशक तक की कारों और बाइकों ने शहर के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया, कई दर्शकों ने अपने कैमरों और मोबाइल फोन पर इस तमाशे को कैद किया।

## पत्नी और दो बेटों की हत्या के बाद आत्महत्या का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

द्वारका जिला के मोहन गार्डन थाना के विपिन गार्डन कॉलोनी में रविवार सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी और दो मासूम बेटों की हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपनी कलाई काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर है। घटना के समय व्यक्ति के बुजुर्ग माता-पिता दूसरे कमरे में थे और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि मृतक महिला की पहचान सुनीता के रूप में हुई है जबकि बेटों की पहचान पांच साल के अयांश और तीन महीना के अमय के रूप में हुई है। छानबीन में पता चला कि आरोपी राजेश ने रविवार तड़के दोस्तों को संदेश भेजकर आर्थिक तंगी के बारे में बताया तो दोस्तों ने सूचना उसके भाई को दी। आरोपी के भाई ने सुबह करीब छह बजे पुलिस को इसकी सूचना दी। राजेश किराने की दुकान चलाता है, लेकिन पहले वह एक कंपनी चलाया करता था।

## किशोर को गोली मारने के बाद जंगल में ले जाकर पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- बहन से दोस्ती के चलते दिया वारदात को अंजाम, धमकी देकर मुनिरका में फेंक गए थे आरोपी, मामले में तीन लोग गिरफ्तार

दक्षिण-पश्चिमी जिले में बहन से दोस्ती करने वाले युवक के पैर में पहले गोली मारी और फिर जंगल में ले जाकर जमकर पीटा। इसके बाद धमकी देकर मुनिरका में फेंक गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण (24), कमल (34) व अनुराग उर्फ कल्ली (23) के रूप में हुई है, जो कुसुमपुर पहाड़ी के अक्कू गिरोह के सदस्य हैं। आरोपियों के एक साथी की बहन की पीड़ित नवीन से दोस्ती थी।

दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज सी के अनुसार कुसुमपुर पहाड़ी, वसंत विहार निवासी नवीन ने 23 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी थी कि वह 22-23 फरवरी की रात शादी में शामिल होकर मसूदपुर कम्युनिटी सेंटर से अपने घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था। उसी समय मोटरसाइकिलों पर पांच-छह युवक वहां आए और नवीन के पैर में गोली मार दी। इसके बाद आरोपी कसुमपुर पहाड़ी निवासी नवीन का अपहरण कर रात 1.30 बजे भंवर सिंह कैंप स्थित जंगल में ले गए। वहां उन्होंने नवीन की बुरी तरह पिटाई की। इसके बाद सुबह के समय उसे मुनिरका बस स्टैंड पर फेंक कर फरार हो गए।

आरोपियों पकड़ने के लिए जिले के स्पेशल स्टाफ प्रभारी पवन दहिया की देखरेख में एसआई अशोक कुमार, एसआई मनीष व एएसआई महेश की टीम को लगाया गया।

एसआई अशोक की टीम ने 48 घंटे की जांच के बाद आरके पुरम इलाके में दबिश देकर कुसुमपुर पहाड़ी निवासी अरुण, कमल और अनुराग उर्फ कल्ली को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक स्वचालित पिस्टल, तीन कारतूस और एक कारतूस के साथ देशी कट्टा बरामद किया गया है। कमल आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास व डकैती के आरोप में पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। पहले वह किशोर गिरोह का सदस्य था। सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत होने के बाद वह प्रशांत उर्फ अक्कू गिरोह में शामिल हो गया। प्रशांत उर्फ अक्कू वसंत विहार इलाके का घोषित बदमाश है।

## संक्षिप्त समाचार



प्रेस क्लब इंडिया में विधिक पुस्तिका का लोकार्पण करते हुए लोग।

### पत्रकारों के अधिकारों की विधिक पुस्तिका का लोकार्पण

**नई दिल्ली।** इंडियन विमेन प्रेस कॉर्प्स, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, डिजिटल पत्रकार डिफेन्स क्लिनिक, नेटवर्क ऑफ विमेन इन मीडिया, इंडिया एवं डिजीपब समेत राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न पत्रकार निकायों के प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से प्रेस क्लब ऑफ इंडिया परिसर में सीपीजे ट्रस्ट लॉ 'अपने अधिकारों को जानें' विधिक पुस्तिका का लोकार्पण किया। अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध यह पुस्तिका पत्रकारों को भारतीय कानून के तहत पत्रकार के अधिकार क्या हैं की जानकारी देती है। इस अवसर पर थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन की कानूनी कार्यक्रम प्रबंधक जोनिता ब्रिटो मेनन, इंडियन विमेन प्रेस कॉर्प्स की कोषाध्यक्ष अंजू ग्रोवर, डिजीपब के महासचिव अभिनंदन सेखरी, नेटवर्क ऑफ विमेन इन मीडिया, इंडिया की नेहा दीक्षित और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के अध्यक्ष उमाकांत लखेड़ा मौजूद थे।

### गोल्फ क्लब में लगी आग, चार गाड़ियों ने पाया काबू

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग पर स्थित गोल्फ क्लब में आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही दमकल की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गोल्फ क्लब की पहली मंजिल पर स्थित एक कार्यालय में आग लगाने की जानकारी सुबह साढ़े दस बजे के आसपास मिली। बताया जा रहा है कि आग लगने से कार्यालय में रखा फर्नीचर और सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

## मकान पर लगी सील, किया आत्मदाह-मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- गोकुलपुरी इलाके में मकान पर कब्जा लेने के लिए पुलिस के साथ पीड़ित के घर पहुंचे थे बैंककर्मी

उत्तरपूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में जब बैंक कर्मी 33 वर्षीय व्यक्ति के मकान पर सील लगाने पहुंचे तो उसने कथित तौर पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह कर लिया।

पुलिस ने रविवार को बताया कि बैंककर्मी अदालत के आदेश पर उसके मकान का कब्जा लेने पहुंचे थे। मृतक की पहचान कपिल कुमार के रूप में की गई और उसकी रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को अदालत कर्मी बैंक अधिकारियों के साथ उत्तरपूर्वी गोकलपुरी पुलिस थाने में पहुंचे और अदालत का आदेश दिखाकर इलाके में एक संपत्ति को कब्जे में लेने के लिए पुलिस सहायता मांगी।

पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर पहुंचने पर संबंधित कर्मियों ने अदालत के निर्देश के अनुसार पुलिस की मौजूदगी में अपना काम शुरू किया। जब मकान पर सील लगाने की प्रक्रिया चल रही थी तो वंशिका कलेक्शंस के मालिक कपिल कुमार ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगा ली। उसने बैंक से लिया कर्ज नहीं चुकाया था जिसके बाद यह कार्रवाई की गई थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने कंबल डालकर आग बुझाई और कुमार को जीटीबी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

उन्होंने बताया कि हालांकि शनिवार देर रात तीन बजकर 40 मिनट पर अस्पताल ने उन्हें बताया कि व्यक्ति की मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया है।

उन्होंने कहा, हमने गोकलपुरी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत एक मामला दर्ज किया है और जांच की जा रही है।

## लड़कियों को ब्लैकमेल करने का आरोपी धरा

**नई दिल्ली।** पुलिस ने लड़की बनकर लड़कों से बातचीत कर जाल में फंसाने और फिर उनसे की गर्लफ्रेंड के नंबर लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें परेशान करने के आरोप में रविवार को 32 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी को शनिवार को पकड़ा गया था और वह पेशे से फर्नीचर डिजाइनर है जो कई बड़ी फर्मों के लिए काम कर चुका है।

पुलिस ने कहा कि आरोपी लड़कों को फंसाने के लिए खुद को युवा महिला बताकर इंस्टाग्राम पर कई फर्जी प्रोफाइल बनाते थे और फिर उनसे उनकी गर्लफ्रेंड की निजी तस्वीरें और वीडियो प्राप्त करते थे।

## दिल्ली दंगा: दवा की दुकान में आगजनी के मामले में नौ बरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे के दौरान दंगाइयों द्वारा एक दवा की दुकान जलाने के मामले में आरोपी बनाए गए नौ लोगों को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

अदालत ने कहा कि आरोपियों की घटनास्थल पर मौजूदगी साबित करने के लिए एकमात्र गवाह अपर्याप्त है और इस प्रकार आरोपी संदेह का लाभ प्राप्त करने के योग्य हैं। गोकलपुरी पुलिस थाने के अधिकारियों ने मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद शोएब, शाहरुख, राशिद, अजाद, अशरफ अली, परवेज, मोहम्मद फैसल और राशिद को दंगा करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी बनाया था और अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

न्यायालय ने उन नौ आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थी, जिनपर आरोप था कि वे 25 फरवरी 2020 को भगीरथी विहार की मुख्य ब्रिजपुरी रोड पर स्थित दवा की दुकान में आगजनी करने वाली दंगाइयों की भीड़ में शामिल थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमचाला ने एक आदेश में यह फैसला सुनाया।

## द्वारका-रोहिणी में दिसंबर तक तैयार होंगे डीडीए के कई खेल परिसर

### एथलेटिक्स, रेसलिंग, वेट लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, टेनिस, शूटिंग, फुटबॉल और हॉकी की मिलेंगी सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक अभी भी भारतीय खिलाड़ियों के एक सपना जैसा है। खेल शारीरिक दमखम और मानसिक स्वास्थ्य में योगदान देकर समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके महत्व को समझते हुए, दिल्ली विकास प्राधिकरण ने खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं।

डीडीए रेसलिंग, वेट लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, टेनिस, शूटिंग, फुटबॉल और हॉकी जैसे कई खेलों के लिए सेंटर फॉर एक्सिललेंस विकसित कर रहा है। इसके मद्दे नजर द्वारका सेक्टर- 8, 19, 19बी, 23, 24, रोहिणी रोहिणी सेक्टर-33, 34 और नरेला सेक्टर ए-7 खेल परिसर विकसित किए जा रहे हैं।



दिल्ली विकास प्राधिकरण को अनुसार, द्वारका सेक्टर-24 में एक पब्लिक गोल्फ कोर्स भी विकसित किया जा रहा है, जिसके दिसंबर 2023 तक पूरा होने की संभावना है। इसके अलावा द्वारका सेक्टर-8 में रेसलिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कराटे के लिए बेहतरीन परिसर विकसित किया जा रहा है। सेक्टर-23 द्वारका में हॉकी और फुटबॉल व सेक्टर 19 द्वारका में टेनिस और शूटिंग के लिए सेंटर फॉर एक्सिलेंस विकसित किया जा रहा है। इन सभी परियोजनाओं के इस साल के अंत तक पूरा होने की संभावना है। सेक्टर-19बी द्वारका में, पीपीपी मोड पर डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट एंड ट्रांसफर (डीबीएफओटी) आधार पर इंटीग्रेटेड मल्टी स्पोर्ट्स एरिना प्रक्रियाधीन है।

वहीं सेक्टर-33 रोहिणी में एथलेटिक्स के लिए सेंटर फॉर एर्किसलेंस बनाया जाएगा, जिसके अगले साल के मध्य तक पूरा होने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त, सेक्टर ए-7 नरेला में एथलेटिक्स के लिए सेंटर फॉर एक्सिलेंस बनाए जाएंगे। सेक्टर 34 रोहिणी में एक अन्य खेल परिसर भी विकसित किया जा रहा है। ये मेगा प्रोजेक्ट न केवल शहर में खेलों को बढ़ावा देंगे, बल्कि दिल्ली के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में भी योगदान देंगे। यह भविष्य के चैंपियनों और राष्ट्र की युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में अत्यधिक योगदान देगा।

### दिल्ली विकास प्राधिकरण के शहर में हैं 77 खेल परिसर

दिल्ली विकास प्राधिकरण वर्तमान में, शहर के विभिन्न भागों में 15 खेल परिसर, 3 मिनी खेल परिसर, 2 पब्लिक गोल्फ कोर्स, 17 स्विमिंग पूल और 40 मल्टी-जिम हैं। इन खेल परिसर में आम लोग नाम मात्र शुल्क देकर अपने घर के पास की इन सुविधाओं का उपयोग कर सके। राष्ट्रमंडल खेल गांव परिसर, चिल्ला खेल परिसर, पूर्वी दिल्ली खेल परिसर और यमुना खेल परिसर, पूर्वी दिल्ली में स्थित हैं जबकि द्वारका खेल परिसर, हरि नगर खेल परिसर और पश्चिम विहार खेल परिसर, पश्चिमी दिल्ली में हैं। उत्तरी दिल्ली में, डीडीए के पास मेजर ध्यानचंद खेल परिसर, राष्ट्रीय स्वाभिमान खेल परिसर और रोहिणी खेल परिसर हैं, जबकि नेताजी सुभाष खेल परिसर, साकेत खेल परिसर, सिरी फोर्ट खेल परिसर, स्क्वैश और बैडमिंटन स्टेडियम और वसंत कुंज खेल परिसर, दक्षिण दिल्ली में स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, डीडीए 2 विश्व स्तरीय गोल्फ कोर्स-कुतुब गोल्फ कोर्स और भलस्वा गोल्फ कोर्स का भी प्रबंधन कर रहा है।

## 195 को मिला खुले और छत पर भोजन परोसने का लाइसेंस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- निगम को इससे लगभग 5.44 करोड़ रुपए राजस्व मिलने का अनुमान

रेस्तरां खुले स्थान में या छत पर खाना परोसने की नीति की मंजूरी दिल्ली नगर निगम द्वारा दिए जाने के बाद रेस्तरां संचालक इसका लाभ उठा रहे हैं। यह नीति एमसीडी को अपना खजाना बढ़ाने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने में मदद करेगी।

इसके साथ ही दिल्ली वाले खुले वातावरण में विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। इसे और बढ़ावा देने के मकसद से एमसीडी के जन स्वास्थ्य विभाग ने खुले में भोजन परोसने के 138 और छतों पर भोजन परोसने के 57 लाइसेंस जारी किए। इससे नगर निकाय को लगभग 5.44 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक निगम ने ऐसे करीब दो सौ रेस्तरां को मंजूरी दे दी है। एमसीडी के अनुसार, इस नीति को निगम की एकीकृत नीति के अंतर्गत उत्तरी एवं पूर्वी निगम में भी लागू किया गया। निगम की इस नीति को रेस्त्रां मालिकों ने हाथों हाथ लिया एवं निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने खुले में भोजन परोसने के लिए 195 लोगों को लाइसेंस जारी किए।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 27 फरवरी , 2023



रन फॉर जी-20 में

# उप-मुख्यमंत्री ने रस्साकसी में की जोर आजमाइश

## जी-20 को लेकर राहगीरी कार्यक्रम का शुभारंभ करने पहुंचे दुष्यंत चौटाला

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**जी-20** के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की एक से चार मार्च तक होने वाली बैठक की मेजबानी को लेकर साइबर सिटी में उत्साह नजर आने लगा है। रविवार को जिला प्रशासन द्वारा की सुबह रन फॉर जी-20 व राहगीरी इवेंट का आयोजन किया गया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने लेजर वैली ग्राउंड से रन फॉर जी-20 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप-मुख्यमंत्री ने राहगीरी इवेंट में डीसी निशांत कुमार यादव के बैडमिंटन भी खेला। साथ ही रस्साकशी के मुकाबले में भी हिस्सा लिया।



गुरुग्राम में जी-20 बैठक को लेकर आयोजित रन फॉर जी-20 व राहगिरी कार्यक्रम में रस्साकसी में जोश आइमाइश करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।



गुरुग्राम में जी-20 बैठक को लेकर आयोजित रन फॉर जी-20 व राहगिरी कार्यक्रम में मैराथन को झंडी दिखाते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

उन्होंने व्यापार केंद्र मार्ग पर आयोजित राहगीरी में मुख्य अतिथि के तौर पर भागीदारी की। डीसी निशांत कुमार यादव ने उप-मुख्यमंत्री का गुरुग्राम पहुंचने पर स्वागत किया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रन फॉर जी-20 में पहुंचे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता मिली है। जी-20 के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक एक मार्च से गुरुग्राम में होगी। देश की यह उपलब्धि हम सभी के लिए गर्व की बात है। गुरुग्राम को मिली मेजबानी का जोश हम सभी में नजर आना चाहिए। उन्होंने रन फॉर जी-20 के प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस मैराथन में भाग लेने का जोश साल भर बना रहना चाहिए, ताकि दुनिया भर में गुरुग्राम की मेजबानी का संदेश पहुंच सके। उन्होंने रन फॉर जी-20 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन फॉर जी-20 मैराथन में हर आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इसके उपरांत उप मुख्यमंत्री व्यापार केंद्र मार्ग स्थित राहगीरी इवेंट में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। जी-20 सम्मेलन को लेकर साइबर सिटी में जागरुकता कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से यह इवेंट आयोजित किया था। उन्होंने मंच से गुरुग्राम से शुरू हुए राहगीरी इवेंट की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब यह कार्यक्रम देश भर में लोकप्रिय है। गुरुग्राम को हैपनिंग व खुशहाल बनाने के लिए राहगीरी की टीम आगे भी इसी जोश से काम करती रहे। इस इवेंट को सफल बनाने में रेजिडेंट्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस इवेंट के जरिए गुरुग्राम से दुनिया भर में हैपिनेस, हेल्दी लाइफ स्टाइल व खुशहाली का संदेश पहुंचना चाहिए।

रन फॉर जी-20 व राहगीरी में बड़ी संख्या में साइबर सिटी के रेजिडेंट्स ने भागीदारी की। रन फॉर जी-20 में भागीदारी करने वाले प्रतिभागी लेजर वैली ग्राउंड से व्यापार केंद्र मार्ग पर आयोजित राहगीरी में पहुंचे। राहगीरी में नगाड़ा पार्टी, एरोबिक्स, जुंबा, रोड सेफ्टी, पेंटिंग, कठपुतली, जिम्नास्टिक, रस्साकशी, बैडमिंटन आदि खेल-कूद से जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ रेडक्रास, कलाग्राम आदि संगठनों की भूमिका सराहनीय रही। डीसी निशांत कुमार यादव ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी की आवाज अभियान की हुई शुरुआतः सुखबीर तंवर



**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी पटौदी द्वारा आम आदमी की आवाज उठाने के लिए आप की आवाज नाम से एक नई मुहिम प्रारंभ की है। मुहिम के अंतर्गत प्रत्येक गांव में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता के घर के बाहर एक शिकायत बॉक्स लगाया जाएगा, जिसमें गांव के सभी व्यक्ति अपनी लिखित शिकायत डाल सकेंगे। सभी शिकायतों पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के निर्देशन में विभिन्न सरकारी कार्यालयों के उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर शिकायतों का निवारण करायेंगे। आम आदमी पार्टी कार्यालय पटौदी के बाहर शिकायत एवं सुझाव बॉक्स लगाकर आप की आवाज अभियान का प्रारंभ किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि पटौदी क्षेत्र में आम आदमी की समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत यह योजना शुरू की जा रही है। प्रत्येक गांव का आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं के मार्गदर्शन में इस महत्वाकांक्षी मुहिम में अपना बेहतरीन योगदान देंगे। आम आदमी पार्टी आम आदमी की शिकायत के निवारण में सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर मुकेश चौधरी, कुलदीप यादव, सुरेंदर शेरपुर, सुरेश सैनी, पोहप सिंह, कृपाल सिंह, ईश्वर सिंह, कृपाल सिंह, प्रिंस, अजीत, करतार सिंह नैनवा, विजय कुमार उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है

**सोहना।** लायंस क्लब किसी जिला या देश की नहीं बल्कि विश्व में सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। लायंस क्लब के सामाजिक कार्यो निस्वार्थ और जरुरममंदों तक पहुंचते है। यह संगठन अब समाज में फैली कुरुतियों के प्रति नागरिकों को जागरुक करने की पहल करे। रविवार को सोहना की लायंस क्लब सोहना टाउन द्वारा 35 कन्याओं का कराया सामुहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महेन्द्रगढ़-भिवानी से भाजपा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने लायंस क्लब आज विश्व स्तर पर सामाजिक कार्य करने में अपनी सबसे अग्रीम पंखती में पहचान बना चुका है। लायंस क्लब के कार्य पूरे साल चलते है। स्थानीय लायंस क्लब आज जिले में प्रथम स्थान पर है। क्लब द्वारा पिछले 29 वर्ष से कन्याओं का सामुहिक विवाह कर रहा है। आज 35 कन्याओं का सामुहिक विवाह करके अन्य सामाजिक संगठनों के लिए प्रेरणा बना है। भाजपा सांसद ने कहा कि क्लब को अब समाज मं फैली कुरुतियों के प्रति पहल करनी चाहिए। समाज में पैसे का अधिक चलन होने से सामाजिक कुरुतियों दिन प्रति दिन बढ़ रही है। आज सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार पूरी चरम सीमा पर फैला हुआ है। जिसका असर समाज पर पड़ रहा है। यही कारण भारत आज नीचे की तरफ जा रहा है।

### लायंस क्लब ने 35 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया



**सोहना।** शहर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब सोहना टाउन ने 35 कन्याओं का सामुहिक विवाह कराया। जिनमें पांच मुश्लिम समुदाय की कन्याओं का धार्मिक रितिरिवाजों को निभाते हुए निकाह कराया गया। भिवानी से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए क्लब के कार्यों को समाज कल्याण का सबसे बड़ा परोपकारी कार्य बताया। रविवार को शहर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब सोहना टाउन ने हर वर्ष की भांति इस साल भी कन्याओं का सामुहिक विवाह कराया। इस बार संस्था द्वारा 35 कन्याओं का सामुहिक विवाह कराते हुए 30 का मंडल सजाते हुए फेरे दिलवाएं तथा पांच कन्याओं का निकाह कराया। सभी नवदंपत्तियों को घरेलू सामान उपहार स्वरुप दिया गया। इस अवसर पर भिवानी से भाजपा सांसद चौधरी धर्मबीर सिह मुख्य अतिथि रहे। विशिष्टि अतिथियों में सोहना विधायक संजय सिंह, चिराग गहलोत, अनिल अरोड़ा और धर्मेन्द्र खटाना। शहर व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं में किशोर यादव, सूरपाल अम्मू, बलराज भड़ाना, अमन मेहंदीरत्ता, अंजू देवी, कमल सिंह धुनेला, विनेश गूर्जर, किशोर सिंगला, सुभाष बंसल आदि ने भी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। विवाहित बंधन में बंधने वाले : लायंस क्लब सोहना टाउन द्वारा कराई गई शादी में अर्चना-करण सिंह, आरती-भगत सिंह, आरती-सौरभ, आशा-आकाश, बबीता-पूरण, भूरीबाई-माखन चौधरी, गीता-राजकुमार, गुड्डीबलबीर, ज्योति-प्रमोद, करिश्मा-कृष्ण कुमार, कविता-अशोक, लक्ष्मी-जसवंत, ललिता-सुरेशचंद, मोनिका-भारत, मुन्नू-मनोज, मुस्कान-विशाल, नीतू-अरशद, नीरज-दीपक, निशा-मनोज, पूजा-गौरव, पूनम-मोहन, प्रिया-हुकमचंद, प्रिया-मुनेश, पुष्पा-बलजीत, राखी-संदीप, रुखसार-सलमान, सायना-साकिर, संगीता-सूरज, संजना-योगेश कुमार, शामा-शौकीन, शौभा-सुनील, सोनम-अकील, गुडिया-कपिल, आरती-धमेन्द्र और गीता-राजकुमार।

# संत निरंकारी मिशन ने की दमदमा झील की सफाई



गुरुग्राम की दमदमा झील के पास सफाई करते संत निरंकारी मिशन से जुड़े सेवादार।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना/गुरुग्राम

**संत** निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का देश भर में शुभारम्भ किया गया। गुरुग्राम की दमदमा झील पर संत निरंकारी मिशन की कार्यकारिणी के सदस्य जोगिंदर मनचंदा ने सतगुरु का आशीर्वाद देते हुए इसका शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सोहना के विधायक संजय सिंह, दमदमा के सरपंच किरणपाल, अभयपुर के सरपंच स्वामी राम, सराय के सरपंच आदि भी उपस्थित रहे। गुरुग्राम सहित आसपास की ब्रांचों के मुखी रजवंत गिल, चंद्रभान गुप्ता, कंवर सिंह यादव, पीसी स्नेही, डॉक्टर सतीश कुमार सहित राजीव नागपाल एवं निरंकारी मिशन के अनेकों सेवादारों ने बढ़-चढ़कर इस सफाई अभियान में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा समाज कल्याण के लिए जीवन पर्यन्त अनेक कार्य किये गये। वर्ष 1994 से लगातार स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चल रहे हैं। उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में प्रोजेक्ट अमृत का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल तो हर कोई कर सकता है मगर स्वच्छ मन केवल सतगुरु ही कर सकता है। सभी सतगुरु के भक्त है इसलिए यहां

### झील की सफाई बहुत ही सराहनीय कार्यः विधायक संजय सिंह

पर सभी ने स्वच्छ मन से जल को स्वच्छ करना है और यह कूड़ा किसने फैलाया है, इसके लिए किसी प्रकार की मन में मैल नहीं लानी है।

विधायक संजय सिंह ने सोहना विधानसभा क्षेत्र की ओर से निरंकारी मिशन के सेवादारों और साध संगत का अभिनंदन किया। आजादी के अमृत महोत्सव में प्रोजेक्ट अमृत के तहत किए जा रहे जलाशयों की सफाई के लिए संत निरंकारी मिशन की इस अनमोल सेवा कार्य की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के दिव्य दर्शनों व वचनों और निरंकारी कॉलेज सोहना के अपने विद्यार्थी काल का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अपने लिए तो सभी अच्छा कार्य करते हैं, परंतु संत निरंकारी मिशन समाज कल्याण में भी बेहतर सेवा कर रहा है।

रविवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक गुरुग्राम, सोहना, घामडोज, पटौदी, पालम विहार, चक्करपुर आदि से हजारों निरंकारी भक्तों द्वारा झील तथा उसके आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई। झील व आसपास से बड़ी मात्रा में एकत्र किए गए कूड़े को ट्रैक्टर ट्रॉलियों एवं पिकअप के माध्यम से डंपिंग यार्ड में भेजा गया। कुछ घंटे पहले जहां बहुत ही कूड़ा करकट था, वह जगह चमकती नजर आई।

# परिस्थिति में रिएक्ट के बजाए रिस्पॉन्ड करना सीखें

### व्यापार और उद्योग प्रभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

### ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में संपन्न हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम



गुरुग्राम स्थित ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रवचन देतीं बीके शिवानी व उपस्थित सदस्य।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**ब्रह्माकुमारीज** के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में व्यापार और उद्योग प्रभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का समापन हुआ। बैलेंसिंग लाइफ विद ब्लिसफुल सेल्फ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में 1500 से भी अधिक लोगों ने शिरकत की। तीन दिन तक चले कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। साथ ही पैनल डिस्कशन के माध्यम से आध्यात्मिकता से जुड़े कई विषयों पर गहन चर्चा हुई। सभी को राजयोग का विशेष अभ्यास भी कराया गया। दादी प्रकाशमणी सभागार में सुप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी ने उपस्थित सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में रिएक्ट करने के बजाए रिस्पॉन्ड करना सीखें। योग हमें सिखाता है कि हमें किस प्रकार रिस्पॉन्ड करना है। योग मन को संयमित रखता है। योग की स्थिति का प्रभाव हमारे दिन भर चलने वाले कार्य व्यवहार पर पड़ता है। सकारात्मक विचारों की स्पीड कम होती है। नेगेटिव विचार मन की गति को बढ़ा देते हैं। मन के विचारों का प्रभाव दिल पर पढ़ता है। बीमारियों का प्रमुख कारण मन के नकारात्मक और अनियंत्रित विचार हैं। हम शरीर का इलाज तो करते हैं, लेकिन मन के विचारों की क्वालिटी को ठीक नहीं करते। शरीर की अधिकतर बीमारियों का कारण मन ही है।

आध्यात्मिकता हमारे विचार और दृष्टिकोण में परिवर्तन लाती है। आध्यात्मिकता हमें रिएक्शन के बजाए रिस्पॉन्ड करना सिखाती है। मन का प्रभाव वातावरण पर पढ़ता है। किसी भी स्थान का वातावरण वहां रहने वाले लोगों पर निर्भर करता है।

**परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से करना जरूरी** : बीके शिवानी ने कहा कि कोई भी परिवर्तन पहले एक से शुरू होता है। इसलिए दूसरों को बदलने कि बजाए पहले स्वयं को बदलना जरूरी है। आज हम उस दौर से गुजर रहे हैं, जहां ज्यादातर घटनाएं अचानक हो रही है। जिनसे निपटने के लिए हमें आंतरिक शक्ति से संपन्न होना जरूरी है।

# सफेद हाथी साबित हुआ सिंचाई विभाग का रेस्ट हाउस

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** में सिंचाई विभाग के खंड कार्यालय परिसर में बना रेस्ट हाउस पिछले करीब दो साल से सफेद हाथि बना हुआ है। बीतें दो साल में रेस्ट हाउस को चलाने के लिए न कर्मचारी और न ही विश्राम करने के लिए बेड लगाएं गए है।

जबकि उक्त रेस्ट हाउस को चालू कराने के लिए जिला उपायुक्त से लेकर हल्का विधायक निरीक्षण करने के बाद सिंचाई विभाग अधिकारियों को जल्द से जल्द चालू करने के निर्देश दे चुके है। शहर के आंबेडकर बाईपास चौक उपमंडलीय न्यायायिक परिसर के साथ लगता सिंचाई विभाग का खंड कार्यालय परिसर में दो साल पहले दो मंजिला रेस्ट हाउस बनाकर तैयार कर दिया। लेकिन आज तक इस विश्राम गृह को चालू नहीं किया है। सिंचाई विभाग का यह विश्राम गृह शो पीस बनकर खड़ा है। विश्राम गृह में सुविधाएं न होने के कारण नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारी और अन्य वीआईपी का आराम करने के लिए अन्य स्थानों पर भटकना पड़ता है।

**सुविधाओं का अभाव** : सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में न तो आराम करने के लिए कमरों को तैयार किया है। न ही यहा कर्मचारियों की तैनाती की गई है। जिसके कारण पिछले दो साल से यह विश्राम गृह धूल चाट रहा है। कई बार इसके कमरों से लेकर अन्य दीवारों पर लगे शीशों को पत्थर मारकर तोड़ा भी गया है।

**उपायुक्त से लेकर विधायक ने किया निरीक्षण** : जनवरी माह के मध्यम में उपायुक्त निशांत यादव ने और 15 फरवरी को सोहना विधायक संजय सिंह ने इस विश्राम गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहा मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द विश्राम गृह में सुविधाएं उपलब्ध कराके चालू करने के लिए कहा गया है।

> “ **विश्राम** गृह के सात में से 2 कमरों को 7 से 10 दिन में चालू कर दिया जाएगा। विश्राम गृह की देख-रेख से लेकर साफ-सफाई के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों से 8 से 10 कर्मचारियों की मांग की गई है। कर्मचारियों की मांग पूरी होने के साथ ही इस विश्राम गृह को आम जन की सुविधा के लिए खोल दिया जाएगा।
>
> ( राजेश कुमार-एसडीओ सिंचाई विभाग )

## सुशांत विश्वविद्यालय में सिंगर किंग का रहा जलवा

**गुरुग्राम।** स्थानीय सुशांत विश्वविद्यालय में मशहूर रैपर व सिंगर किंग ने अपनी सुरीली आवाज के जादू से युवाओं के बीच धूम मचाई।

युवाओं ने उनके गीतों पर खूब डांस किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जयशंकर मिश्र, कुलपति प्रो. डॉ. राकेश रंजन, प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. संजीव शर्मा एवं गणमान्य लोगों ने की। भव्य स्वागत के साथ गायक किंग ने-मान मेरी जान, तू आके देख ले जैसे अपने प्रसिद्ध गीतों के साथ मंच पर धूम मचाई। युवाओं ने उनके गीतों पर खूब मस्ती की।

# स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर मनाएं होली का त्योहार

### बोले, लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा संवाद कार्यक्रम है 'मन की बात'

### केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम में सुल्तानपुर बर्ड सेंच्युरी में स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों के साथ सुना पीएम का 'मन की बात' का 98वां एपिसोड



सुल्तानपुर बर्ड सेंच्युरी में छात्रों व स्थानीय लोगों के साथ 'मन की बात' का 98वां एपिसोड सुनते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों से होली जैसे हमारे प्रमुख त्योहार को वोकल फॉर लोकल के साथ स्वदेशी उत्पादों से मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार जीवन में रंगों के साथ उमंग एवं सद्भाव लेकर आता है, जो सभी को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। देश में तैयार उत्पादों को बढ़ावा मिले, सभी को स्थानीय उत्पादों को प्रमोट करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। केंद्रीय मंत्री रविवार को गुरुग्राम के सुल्तानपुर बर्ड सेंच्युरी (रामसर साइट) में स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 98वां एपिसोड सुनने उपरान्त मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम किसी भी लोकतांत्रिक देश का सबसे बड़ा संवाद का कार्यक्रम है। जिसे हमारे देश के नागरिकों ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने खुशी जताई कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से की गई जनभागीदारी की अपील में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम ने अपने संबोधन में हरियाणा के भिवानी जिले के दुल्हेड़ी गांव का जिक्र करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर भिवानी जिला को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने का बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुल्हेड़ी गांव की यह युवा शक्ति देश के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम ने आज देश के साथ अपनी मन की बात में टेली मेडिकल सेवा प्रदान करने वाली ऐप ई-संजीवनी का भी जिक्र किया। इसे डिजिटल इंडिया की शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह जीवन रक्षा ऐप बन रही है। उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी के माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श पाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ को भी पार कर चुका है।

रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 98वें कड़ी में उन्होंने ई-संजीवनी ऐप का इस्तेमाल करने वाले डॉक्टर और मरीज से संवाद भी किया और जाना कि कैसे ऐप लोगों के जीवन को बदल रही है। इस अवसर पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, गुरुग्राम के डीसी निशांत कुमार यादव, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिला महामंत्री महेश यादव, मनीष सैदपुर, ललित गाड़ोली, मान सिंह, सत्यवीर गांधी व वेदप्रकाश यादव सहित आसपास के क्षेत्र से आए अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

## पार्षद पुत्र समेत पांच युवकों पर नकदी लूटने और हथियार लगाकर मारने की धमकी

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने नगर परिषद पार्षद पुत्र समेत 5 युवकों पर युवक को धोखे से एकांत स्थान पर बुलाकर 35400रुपये लुटने और कनपटी पर पिस्टल लगाकर जान से मारने को धमकी देने मामला दर्ज कर लिया है। पीडित युवक ने आरोपियों पर हेरोइन का नशा करने के लिए उससे पैसे मांगे थे। पुलिस ने घटना से 10 दिन बाद दी गई शिकायत पर मामला दर्ज किया है। नगर परिषद के वार्ड 11 के गांव रायपुर निवासी वारिफ ने पुलिस को बताया कि 16 फरवरी को वह जिला पलवल के गांव पृथला से आ रहा था।

जब वह सोहना के अंबेडकर चौक पर सायं 7 बजे पहुंचा था। तभी गांव के ही निवासी इस्ताक का उसके मोबाइल पर फोन आया। इस्ताक ने उसे फोन करके रहेजा में बुलाया। वह वहा पहुंचा वहा पहले से गाडी में नगर परिषद पार्षद साहिल का पुत्र डिम्पी सहित इस्ताकए इतिए साहिलए इखलाश और प्रवीन थे। इस्ताक ने उसकी पेंट की जेब में हाथ डालते हुए 35400 रुपये निकाल लिए। यह नकदी मैने लेबर के खर्चे के लिए रखे हुए थे।

# देश की शान हैं हरियाणा के जवान किसान, पहलवान : सुंदर लाल



सेक्टर-82 में लाइफ स्टाइल प्रीमियर लीग सीजन-10 के विजेताओं को सम्मानित करते सरपंच सुंदर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर-82** स्थित लाइफ स्टाइल प्रीमियर लीग सीजन-10 का फाइनल मुकाबला गुरु द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी में लाइफ स्टाइल अल्फा और लाइफ स्टाइल वार्टियर्स के बीच खेला गया। लाइफ स्टाइल अल्फा की टीम ने मैच में 100 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि सरपंच सुन्दर लाल यादव ने विजेता टीम व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान किया। उन्हें ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए।

टूर्नामेंट के आयोजक अमरेश मिश्रा, अमित कौशिक, विनीत मिश्रा, तरुण तकले, रमाकान्त, विनोद राजपूत, अनुज तोमर ने मुख्य अतिथि सरपंच सुंदर लाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर संजय यादव एमडी फिल्मी रियल एस्टेट, धर्मबीर यादव आरडब्ल्यूए प्रधान मैप्सको कासा बेला सोसायटी, मुकेश यादव, राहुल यादव, दीपक यादव, भूषण यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सेक्टर-82 में लाइफ स्टाइल प्रीमियर लीग सीजन-10 के विजेताओं को किया सम्मानित

खिलाड़ियों को परस्पर प्रेम भाव से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि सैनिकों की खान अहीरवाल ने सेना में जांबाज देने के साथ देश को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी दिए हैं। यहां के किसानों ने मिट्टी से सोना रूपी फसलें उगाकर देश में अन्न के भंडारे भरे हैं।

इस तरह से यहां के हर क्षेत्र का अपना महत्व है। हमारे यहां जवान, किसान, पहलवान हर किसी का महत्व है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रदेश व देश की सरकार ने पूरा मान-सम्मान देते हुए उन्हें मालामाल किया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार हर वर्ग को समय-समय पर राहत देती रहती है। उन्होंने कहा कि मेडल जीतने पर जहां खिलाड़ियों पर धन वर्षा की जाती है, वहीं किसानों को फसलों में नुकसान का मुआवजा, सहायता राशि देकर उन्हें आर्थिक मदद की जा रही है। सरकार की नीति भी सही है और प्रदेश को बेहतर बनाने की नीयत भी सही है।

# गर्मियां शुरू होते ही शहर में बढ़ी पानी की किल्लत

कविता। फरीदाबाद

जनता को पानी की समस्या से निजात दिलवाने के लिए, शहर में ट्यूबवैल और कई बूस्टर शुरू किये गए हैं। इसके बावजूद बढ़ती गर्मी में आज भी शहर के कुछ हिस्सों में पानी की किल्लत बनी हुई है। हालांकि अभी गर्मी ठीक से पड़ी भी नहीं है। लेकिन लोगों को अभी से पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

इसे लेकर लोग अने शिकायतें कर चुके हैं। लेकिन उनकी शिकायतों पर अभी तक कोई

### ट्यूबवैल और बुस्टर लगाने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

कार्रवाही नही की गई है। जिससे उन्हें निजी टैंकरों से मनमाने दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा निगम को पानी सप्लाई नियमित करने के पहले ही आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद निगम की तरफ से पानी को लेकर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। निगम द्वारा कॉलोनियों में पानी की सप्लाई के लिए ट्यूबवेल लगाए हैं। जहां से लोगों को पानी मिलता है। लेकिन अधिकतर कॉलोनियों में निगम के ट्यूबवेल खराब पड़े हुए हैं। जबकि कई


टैंकर से पानी भरते हुए लोग।

ट्यूबवेल में इतना खारा पानी आता है कि उसे प्रयोग करना मुश्किल हो जाता है। जिसको देखते हुए लोगों ने पानी की सप्लाई ठीक न होने पर शिकायत की थी। परेशान लोग पिछले एक माह से नगर निगम कार्यालय में पानी की समस्या को लेकर दर्जनों शिकायतें दर्ज करावा चुके हैं।

लोगों द्वारा की गई शिकायतों में निगम के पानी के बारे में शिकायतें की गईं है कि निगम द्वारा पानी की सप्लाई का कोई निश्चित समय नहीं है। लोगों को पानी के इंतजार में कई बार पूरी रात जागना पड़ता है। वहीं कई बार निगम द्वारा सप्लाई पानी में से इतनी बदबू आती है कि उसे प्रयोग नहीं किया जा सकता है। लोगों को पानी के लिए पूरी तरह से टैंकर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। निजी टैंकर वाले लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर मनमाफिक पैसा भी वसूलते हैं। शहर में अवैध टैंकरों पर शिकंजा अब तक नहीं कसा गया। जिससे टैंकरों की मनमानी लगातार जारी है। इन अवैध टैंकरों की मनमानी का शिकार जनता को होना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। गर्मी में पानी की किल्लत से बचाने के लिए उन्हे निजी टैंकर चालकों के हाथों लुटने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिससे निजी टैंकर चालकों की चांदी हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टार नाइट में पंजाबी सिंगर सुख-ई ने बांधा समां



फरीदाबाद। स्थित लिंग्याज विद्यापीठ (डीम्ड-टु-बी-यूनिवर्सिटी) के दो दिवसीय जेस्ट 'गूंज 2के23' के अंतिम दिन स्टार नाइट का आयोजन हुआ। जिसमें 'कोका फेम' पंजाबी सिंगर सुख-ई ने शिरकत की। जिनके स्टेज पर आते ही उनके चाहने वालों ने तालियों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उनके द्वारा पेश किए गए पंजाबी गानों का उनके चाहने वालों ने खूब आनंद उठाया। इस मौके पर उन्होंने अपने हिट गाने 'जैगुआर, हाए नी तेरा कोका-कोका, वाहं भई-वाहं, सुसाइड, चोकलेटी गर्ल, ऑल ब्लैक' गाए, जिनके गाते ही सभी कुछ इस कदर बना की वहां मौजूद सभी को उन्होंने झूमने पर मजबूर कर दिया। गायक, संगीतकार और संगीत निर्माता सुख-इ पंजाब के गढ़शंकर में जन्में। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद म्यूजिकल डॉक्टरज नाम का बैंड बनाया। इस बैंड के साथ सुख-इ ने कई सारे रिकॉर्ड किए। इन्होंने अपना डेब्यू 'स्निपर' गाने से किया इस गाने में ये रफ्तार के साथ दिखाई दिए। उसके बाद 2015 में इनका दूसरा गाना 'जैगुआर' आया जिसे लोगों ने काफी पसंद किया।

### चतुर्थ वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया



फरीदाबाद। श्री दयानंद गोशाला समिति गांव बडौजी गहबर जिला नूंह का चतुर्थ वार्षिक उत्सव रविवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस गोशाला में आसपास के जिलों की थाना और पुलिस चौकियों द्वारा गो तस्करों से छुड़ाए गए गोवंश को रखा जाता है। इस समय यहां लगभग डेढ़ सौ से अधिक संख्या में गोवंश और नंदी मौजूद हैं। गोशाला के संरक्षक विनोद मित्तल व नरेंद्र पटेल एवं प्रधान कमल कांत शर्मा, कोषाध्यक्ष निशांत गुप्ता द्वारा विभिन्न संस्थाओं को इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। प्रातः 10 हवन और गो पूजन के उपरांत श्री खाटू श्याम जागरण मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इसके बाद यहां पहुंचे हुए ऋषि-मुनियों विशेषकर पूज्य ब्रह्मचारी आचार्य ओम स्वरूप हरिद्वार, पूज्य स्वामी रघुवर दास महाराजगंज अच्छेजा पलवल, पूज्य साध्वी सरस्वती, उजीना व पूज्य सूरजमल मुनि छपेड़ा ने अपने ओजस्वी विचारों से उपस्थित जन समूह व अतिथियों को शास्त्रों और वेदों के अनुसार गोमाता की महिमा का वर्णन विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय गुप्ता सीएमडी ऑसिस ग्रुप, उद्योगपति विनोद मित्तल बालाजी ग्रुप गुरुग्राम, चेयरमैन सिद्धेश्वर ग्रुप ऑफ स्कूल गुरुग्राम, राम अवतार गर्ग, भानी राम मंगला पूर्व चेयरमैन गोसेवा आयोग हरियाणा, मनीष जैन चेयरमैन नगरपालिका फिरोजपुर झिरका, संजय मनोचा चेयरमैन नूंह नगर पालिका, बलराज सिंगला चेयरमैन नगरपालिका पुंहाना, रमेश चौधरी चेयरमैन इलेक्शन कमेटी फीवा, संजय खट्टर आर्य प्रधान आर्य समाज सेक्टर 55 एवं सचिव फीवा, एवं महासचिव फीवा एंव हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल द्वारा फीवा संस्था की ओर से 21000 सहयोग राशि का चेक भेंट किया गया।

# शहर की मुंबई वड़ोदरा हाईवे के अलावा जेवर एयरपोर्ट से होगी सीधी क्नैक्टीविटी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद की मुंबई वड़ोदरा हाइवे के अलावा नोएडा से सीधे रोड जरिये तथा जेवर एयरपोर्ट से सीधी कनेक्टिविटी होगी। वहीं बजट में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बल्लबगढ़ को एलिवेटिड की सौगात देने का एतिहासिक विकास कार्य किया है।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और देश हित में पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता समय समय पर मंथन करने के लिए एकत्रित होते है। उसी के तहत भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तर पर कार्यकारणी की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज बल्लबगढ़ की सुभाष कालोनी में आयोजित आदर्श नगर मंडल की बैठक को सम्बोधित करते हुए यह


कैबिनेट मंत्री का बुके देकर स्वागत करते हुए।

बातें कहीं। उन्होंने कहा की आज प्रदेश में सड़को का जाल बिछाया गया है। वहीं फरीदाबाद के लिए मुंबई बड़ोदरा हाईवे के अलावा नोएडा से सीधे रोड, जेवर एयरपोर्ट के लिए हाईवे का निर्माण जल्द पूरा होने जा रहा है। सरकार की इन बड़े योजनाओं से आम लोगो को लाभ मिलेगा। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा की बल्लबगढ़ में प्रदेश के मुख्य मंत्री ने मोहना रोड पर एलिवेटिड रोड बनाने के लिए 215 करोड़ की धनराशि जारी की है। जो बल्लबगढ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया की जल्द ही बल्लबगढ़ के सचिवालय, मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया जायेगा और मोहना पुल एलिवेटिड पुल और बल्लबगढ़ सोहना पुल को डबल करने का भी जल्द मुहूर्त किया जाएगा। प्रदेश के परिवहन और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की आने वाले समय में सेक्टर-23 में बिजली बोर्ड के कार्यालय के पास करीब 5 एकड़ से जायदा जमीन पर एक नए कालेज का निर्माण कराएंगे। ताकि बल्लबगढ़ की लाखों की आबादी के बीच यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा मिल सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ़ का बस अड्डा अब नया बस पोर्ट बनेगा। जो आधुनिक सभी सुविधाओं से युक्त होगा। इसके बाद प्रदेश के परिवहन एवम् उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद में पहुँचे, जहां कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने महाविद्यालय 24 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। दीक्षांत समारोह में पहुंचने पर उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वहीं वाईएमसीए यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के वाइस चांसलर एसके तोमर ने भी कार्यक्रम अध्यक्षता की। कालेज प्रिंसिपल सविता भगत ने सभी अतिथियों का बुका देकर स्वागत किया।

# जेल की महिला वार्डन रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



फरीदाबाद। नीमका स्थित जिला जेल में बंद एक महिला बंदी की फोन पर ज्यादा देर तक बात करवाने की एवज में दस हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरों की टीम महिला वार्डन को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला हैड कांस्टेबल पर पद पर तैनात है। आरोपी पिछले कई दिनों से महिला बंदी से रुपये की मांग कर रही थी।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर दो में रहने वाले जितेंद्र धनखड़ ने एंटी करप्शन ब्यूरों को दी शिकायत में कहा है कि उसकी नोएडा में आईटी कंपनी है। इस कंपनी की कर्मचारी नेहा और उसके खिलाफ जीआरपी थाने में करीब नौ महीने पहले आइपीसी की धारा 306 के तहत केस दर्ज हुआ था। दोनों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। धनखड़ को कुछ दिन पहले जमानत मिल गई। जबकि महिला कर्मचारी नेहा अभी जेल में बंद है। आरोप है कि महिला जेल वार्डन एवं हैड कांस्टेबल सुदेश कुमारी बंदी नेहा को परेशान करते हुए उसके साथ मारपीट करती थी। आरोप है कि वह महिला बंदी से फोन पर ज्यादा देर बात कराने की एवज में पैसे मांगती थी। इस पर नेहा ने जेल में से ही जितेंद्र धनखड़ को 20 हजार रुपये मांगे जाने के बारे में बताया। जितेंद्र धनखड़ ने सुदेश से 10 हजार रुपये में सौदा तय कर किया। जिसके बाद जितेंद्र धनखड़ ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दे दी। शनिवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम डीएसपी मीना कुमारी के नेतृत्व में जिला जेल पर पहुंची। जितेंद्र ने महिला हैड कांस्टेबल को फोन कर बाहर बुलाया। लेकिन उसने डयूटी पर मौजूद रहने की वजह से आने से मना कर दिया। रविवार दोपहर टीम फिर से नीमका जिला जेल के बाहर मंदिर के पास पहुंच गई। डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने मंदिर के पास पहुंचकर अपना जाल बिछा दिया।

### दान किए गए रक्त से कई जान बचती है : विजय प्रताप



फरीदाबाद। सैनिक कॉलोनी सैक्टर-49 मे वृक्ष रोपण एक पहल व पर्यावरण संरक्षण संस्था के द्वारा थैलीसीमिया बच्चो के लिए रक्तदान शिविर को आयोजन किया गया। शिविर में 130 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता विजय प्रताप, निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना, राजू अरोड़ा, गुलशन गाबा, समाजसेवी विमल खंडेलवाल, आईएमए के पूर्व प्रधान डॉ. पूनीता हसिजा, पूर्णिमा रस्तोगी, रमेश अग्रवाल, गौरव अरोड़ा, सुनील भारद्वाज, गुलशन गाबा, सुधीर शर्मा आदि गणमान्य लोगों उपस्थित थे। इस मौके पर विजय प्रताप ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हमारे दान किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना ने कहा कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान है और रक्तदान करने से हमारा स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है और इसके द्वारा हम किसी का जीवन भी बचा सकते है, तो हम सभी को बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए और रक्तदान अवश्य करना चाहिए। आईएमए के पूर्व प्रधान डॉ. पुनीता हसिजा ने लोगों को रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि रक्तदान का अर्थ सिर्फ खुद के दान से नहीं होता बल्कि रक्तदान से अभिप्राय किसी जरूरतमंद को जीवन के दान से है। साथ ही आप जरूरतमंद व्यक्ति और उसके परिवार वालों को खुशियों भी दान में देते हो। इससे आपको ऐसी खुशी मिलती हैं, जिसे बयां नहीं किया जा सकता। शिविर की आयोजक पूर्णिमा रस्तोगी, गौरव अरोड़ा, सुनील भारद्वाज, गुलशन गाबा, सुधीर शर्मा एवं रमेश अग्रवाल ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि रक्तदान करने से न सिर्फ आप सामने वाले के जीवन को बचाते हो बल्कि ये आपके लिए भी कई तरह से लाभदायक होता है और इस से आपको हार्ट अटेक, कैंसर और अन्य कई प्रकार की बीमारियों से लड़ने की क्षमता मिलती है।

# साई धाम में वैवाहिक बन्धन में बंधे 15 जोड़ों को दी बधाई


सुमन बाला और साईधाम के अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता आशीर्वाद देते हुए

फरीदाबाद। साई धाम द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में 15 जोड़ों परिणय-सूत्र बंधन में बाधा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमन बाला महापौर फरीदाबाद का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया गया। शिरडी साई बाबा स्कूल निःशुल्क उत्तम शिक्षा के साथ-साथ निःशुल्क भोजन, स्टेशनरी, यूनिफार्म देने के लिए जाना जाता है। इस विद्यालय में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साई धाम स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांकृतक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने अपने संदेश में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि दहेज प्रथा जैसी बुराईयों को रोका जा सके। उन्होंने कन्याओं की शिक्षा पर बल दिया और कहा कि कन्याओं को विवाह 21वर्ष होने पर ही करें। इस कार्यक्रम मे पीपी पसरीचा, प्रदीप सिंगल, एडी भट्ट, रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी सुनील खंडूजा, रूपा खंडूजा, विरेन्द्र मेहता, कुलदीप सिंह साहनी आदि मौजूद थे।

# सौतेले बेटे की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार तथा एसएचओ बीपीटीपी अर्जुन देव की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार की गई आरोपित महिला खुशबू (25) बड़ोली गांव में अपने पति देवीदीन के साथ रह रही है। 21-22 फरवरी की रात पुलिस को सूचना मिली कि चार वर्षीय बच्चे को सर्वोदय अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पोस्टमार्टम से पता चला कि बच्चे की हत्या गला दबाने से हुई है। 24 फरवरी को बीपीटीपी थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित महिला से पूछताछ में सामने आया कि तीन वर्ष पहले

**आरोपित को लगा कि जब तक पहली पत्नी के बच्चे हैं, तब तक वह मां नहीं बन सकती**

उसकी शादी देवीदिन से हुई थी। देवीदीन की पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी, जिससे उसके 9 और 4 साल के दो बेटे थे। देवीदीन अब और बच्चे नहीं चाहता था। परंतु खुशबू को अपने बच्चे चाहिए थे।

देवीदीन ने कई बार खुशबू को समझाया परंतु वह नहीं मानी। इसलिए उनके बीच कई बार मनमुटाव हो चुका था। देवीदीन के दोनों बच्चे देवीदीन की बहन के पास रहते थे, जो बड़ौली में ही रहती है। 21 फरवरी की रात देवीदीन के छोटे बेटे को बुखार हुआ तो वह उसे दवा दिलाकर अपने पास अपने घर ले आया। रात को


पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी सौतेली मां खुशबू

देवीदीन किसी काम से घर से बाहर चला गया। आरोपित महिला ने मौका देखकर चुन्नी से गला घोटकर बच्चे की हत्या कर दी। देवीदीन जब वापस आया तो उसे लगा कि बेटे को बुखार की वजह से उसकी मृत्यु हुई है। परंतु जब पोस्टमार्टम किया गया तो सामने आया कि बच्चे की मृत्यु गला दबाने की वजह से हुई है। क्राइम ब्रांच तथा थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला को गिरफ्तार करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया, जिसमें वारदात में उपयोग चुन्नी बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ पूरी होने पर महिला को कल अदालत में दोबारा पेश करके जेल भेजा जाएगा।

## कराटे बेल्ट टेस्ट परफॉर्मेन्स अवार्ड चैंपियनशिप का आयोजन

फरीदाबाद। सेक्टर-22 स्थित सोतोकान कराटे ट्रेनिंग सेंटर द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कराटे बेल्ट टेस्ट परफॉर्मेन्स अवार्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मुख्य तकनीकी निर्देशक इंटरनेशनल रेफरी कराटे मास्टर गंगेश तिवारी ने बताया कि शहर के लगभग 50 बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी कला का बढ़-चढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का बेल्ट टेस्ट कराटे मास्टर गंगेश तिवारी, एकेडमी के मुख्य कोच मास्टर मुकेश यादव, पर्वतीय कॉलोनी की कराटे कोच गीता गिरि ने लिया। खिलाड़ियों को आत्म सुरक्षा से जुड़ी हर पहलुओं को सिखाया गया, टेस्ट में भरत वर्मा ब्राउन बेल्ट, अभिनव राठौर ब्राउन बेल्ट, कुणाल ब्राउन बेल्ट, अश्मिता अस्लामी ब्लू बेल्ट, कृष्णा राऊ, येल्लो बेल्ट, अन्नू ब्लू बेल्ट, युगांश मूंजल ग्रीन बेल्ट, देवांश लाम्बा इत्यादि मौजूद थे।

# वोकल फॉर लोकल के संकल्प संग मनाएं होली : कृष्णपाल गुर्जर

**हमारे युवाओं को देश के सुनहरे अतीत से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है त्रिवेनी कुम्भो महोत्सव**

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

केंद्रीय राजयमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत प्लेटफॉर्म बना दिया है। आप अपने मन की शक्ति तो जानते ही हैं, वैसे ही, समाज की शक्ति से देश की शक्ति बढ़ती है। भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सेक्टर-28 कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी ने भारत के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन की बात की थी। उस समय देश में एक लहर सी उठ गई भारतीय खेलों के जुड़ने की, इनमें रमने की, इन्हें सीखने की। मन की बात में जब


पीएम मोदी के मन की बात सुनते हुए कार्यकर्ता।

भारतीय खिलौनों की बात हुई, तो देश के लोगों ने इसे हाथों-हाथ बढ़ावा दे दिया। अब तो भारतीय खिलौनों का इतना ज्यादा क्रेज हो गया है कि विदेशों में भी इनकी डिमांड बहुत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हम तेजी से आगे बढ़ते हमारे देश में डिजिटल इंडिया की ताकत कोने-कोने में पहुंच रही है। ई-संजीवनी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉक्टरी सलाह ले सकते हैं। कुछ दिन पहले ही भारत और सिंगापुर के बीच पे नाऊ एप लॉन्च किया गया है। भारत का ई-संजीवनी हो या यूपीआई ये एज ऑफ लिविंग को बढ़ाने में बहुत मददगार साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के बांसबेरिया में इस महीने त्रिवेनी कुम्भो महोत्सव का आयोजन 700 साल के बाद किया गया। इसमें आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए। आज स्वच्छ भारत अभियान में हमारे देश में जन भागीदारी के मायने ही बदल दिए हैं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की एक बहन कमला मोहराना के समूह की महिलाएं दूध की थैली और दूसरी प्लास्टिक पैकिंग से टोकरी और मोबाइल स्टैंड जैसी कई चीजें बनाती हैं। ये इनके लिए स्वच्छता के साथ ही आमदनी का भी एक अच्छा जरिया बन रहा है। कम-से-कम प्लास्टिक के बैग की जगह कपड़े के बैग का संकल्प तो हम सबको ही लेना चाहिए। देश में मोदी जी और प्रदेश में मनोहर जी की सरकार दोनों ने हमेशा यही कहा है कि हमारी सरकार देश को समर्पित सरकार है।

## 14 वें गोल्फ टूर्नामेंट का किया आयोजन

फरीदाबाद। जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने फरीदाबाद में एफआईए-जेसीबी गोल्फ टूर्नामेंट के 14वें संस्करण के लिए अपना समर्थन जारी रखा है, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में करीब 70 खिलाड़ी थे। जेसीबी इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक, दीपक शेट्टी ने कहा हम लगातार 14वें वर्ष इस वार्षिक गोल्फ टूर्नामेंट का समर्थन करते हुए प्रसन्न हैं। इस टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को मेरी बधाई। वहीं फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने कहा, एफआईए राज्य के सबसे पुराने और सबसे बड़े उद्योग संघों में से एक है। यह एक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम करने और अपने संचालन के क्षेत्र के आसपास विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के लिए भी काम करता है।

उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि यह टूर्नामेंट अब अपने 14वें संस्करण में है, क्योंकि इस आयोजन में एफआईए के सदस्यों सहित सभी हितधारकों को एक स्थान पर मिलता है। इस दौरान ग्रॉस विनर शिव खन्ना, ग्रॉस रनर अप रमन सिंह, नेट विजेता बिमल शर्मा, नेट रनर अप सुनील राजा, विजेता अतिथि डॉ हरि प्रसाद पुड्डी, विजेता सीनियर अजय चौधरी, पिन के निकटतम विजेता बिमल शर्मा, विनर लॉन्गेस्ट ड्राइव साहिल राजा, सेंटरलाइन के निकटतम विजेता दीपक कोडवानी, विजेता कुटिल रेखा ऋषि अग्रवाल रहे।

# थैलेसीमिया रोगियों के लिए हास्य कवि सम्मेलन आयोजित


कवि सम्मेलन का आनंद लेते बच्चे व अन्य सदस्य।

फरीदाबाद। पलवल स्थित महाराणा प्रताप भवन में जन शिक्षा एवं स्वास्थ्य समिति एवम युवा वेलफेयर एसोसिएशन एवं महाराणा प्रताप भवन के संयुक्त तत्वाधान में थैलेसीमिया रोग से ग्रस्त बच्चों के सहायतार्थ एक भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस हास्य कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से विश्व विख्यात पांच कवियों ने शिरकत की जिनमें दिनेश रघुवंशी, अनिल अग्रवंशी, महेंद्र अजनबी, सोनरूपा विशाल, प्रवीण शुक्ला ने अपना काव्य पाठ किया।

हास्य कवि सम्मेलन में हजारों की तादाद में श्रोताओं ने काव्य सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी दर्ज की। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर श्रद्धा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन महंत कामता दास द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ उद्योगपति गौरव गोयल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पलवल से विधायक दीपक मंगला पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेंद्र पाल राणा ने की। कार्यक्रम के आयोजक डॉ प्रशांत गुप्ता एवं डॉ जितेंद्र सिंह एवं युवा वेलफेयर के सदस्यों की कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका रही।

इस मौके पर जन स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति के संरक्षक एडवोकेट के सी गुप्ता द्वारा थैलेसीमिया बच्चों को शुभाशीष दी गई एवं लोगों से थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के प्रति सहायता एवं मानवीय कर्तव्यों को लेकर आह्वान किया गया। इस मौके पर जन स्वास्थ्य एवं शिक्षा समिति के प्रधान डॉ राजीव अग्रवाल द्वारा समिति द्वारा किए गए समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यो को लेकर लोगों को संबोधित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है लोगों को थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी और उस से पीड़ित बच्चों की सहायता करना है।

### एकॉर्ड अस्पताल सेकेंड हॉफ में दौड़े हजारों मेधावी



फरीदाबाद। स्वास्थ्य प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल तथा एफटीसी द्वारा सेकेंड ऐतिहासिक हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें हर उम्र के लोग शामिल हुए, एक हजार लोगों ने भाग लिया। व्हील चेयर पर दिव्यांग धावकों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कारगिल वार में 19 हजार की फीट पर लड़ाई के दौरान अपने पैर गंवाने वाले सैनिक मोहम्मद रहीश और प्रमोद कुमार ने व्हील चेयर पर आ गए थे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेकर धावकों का हौसला अफजाई किया। प्रतियोगिता में विजेता सभी प्रतिभागियों को पुरस्कर देकर सम्मानित किया गया। फ्लेग ऑफ के दौरान अस्पताल न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार, कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता तथा गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रामचन्द सोनी विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से झंडी दिखा कर सेकंड हाफ मैराथन को रवाना किया। अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय तथा ऑर्थोपेडिक एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. युवराज कुमार ने कहा कि बढ़ती नशाखोरी और बिगड़े स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अस्पताल की तरफ से सेकंड हाफ मैराथन का आयोजित की गई है। सुबह करीब 6 बजे से दौड़ शुरू हुई। इसमें 7 वर्ष के बच्चों और परिवार के लिए 3 किलो मीटर, दिव्यांगों के लिए 2 किमी, बुजुर्गों के लिए 3 से 5 किमी तथा 14 साल से अधिक उम्र के युवाओं के लिए 21 किलोमीटर की मैराथन में भाग लिया।

## पंजाब प्रकरण

### पुलिस की बहानेबाजी

**गुरुवार** को पंजाब में हिंसा और अपहरण के एक आरोपी की रिहाई पर पुलिस का स्पष्टीकरण साफ तौर पर बहानेबाजी है। पंजाब पुलिस के वरिष्ठ सुपरिंटेंडेंट हरपाल सिंह रंधावा ने मीडिया से कहा, 'कल जो कुछ हुआ वह नहीं होना चाहिए था। पंजाब पुलिस ने इसलिए जवाबी प्रतिक्रिया नहीं की क्योंकि उग्र धर्मगुरु व खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह अपने साथ गुरु ग्रंथ साहिब लेकर आया था। यदि हमने जवाबी कार्रवाई की होती तो चीजें काबू के बाहर जा सकती थीं। हमने गुरु ग्रंथ साहिब का सम्मान किया।' वैसे धार्मिक भावनाओं व संवेदनशीलता की पहचान भारत का विशिष्ट गुण है। यही कारण है कि देश में दुनिया के लगभग सभी धर्मों के लोग रहते हैं जिनमें हिंदू, इस्लाम, ईसाई, यहूदी व अग्निपूजक शामिल हैं। यह सम्मान कानून तोड़ने वालों का 'कवच' नहीं बनना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से अमृतसर में यही हुआ है। अमृतसर में अमृतपाल के हथियारों से लैस हजारों समर्थक उनके निकट सहयोगी लवप्रीत तूफान की रिहाई की मांग करते हुए पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में थाने में घुस गए और वहां तोड़फोड़ की। पुलिस ने गुरु ग्रंथ साहिब का सम्मान किया, जबकि अपराधी तत्वों के लिए यह कवच बन गया। पुलिस ने यह बहाना अपने अनिर्णय, निष्क्रियता व अक्षमता को छिपाने के लिए बनाया। उन्होंने कई बहाने बनाए। एसएसपी रंधावा ने कहा, 'अमृतपाल ने पहले कहा था कि वे केवल शांतिपूर्ण धरना देंगे, पर उसने हमसे धोखा किया।' पंजाब पुलिस का यह अंधविश्वास असीम लगता है। क्या घटना के पहले सभी लोग नहीं



जानते थे कि अमृतपाल खुलेआम 'खालिस्तान' की पैरोकारी करता है? उसने कभी अपना अलगाववादी झुकाव छिपाया नहीं। क्या हमें ऐसे व्यक्ति पर विश्वास करना चाहिए कि वह भारतीय पुलिस के साथ अपने वादे पर खतरा उतरेगा, जबकि उसका 'भारत के विचार' में ही कोई विश्वास नहीं है?

इसके साथ ही अनेक अन्य सवाल भी उठते हैं। स्थानीय खुफिया इकाई-एलआईयू क्या कर रही थी? क्या उसके पास इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि अमृतपाल और उसके समर्थक कैसा बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं? यदि नहीं थी, तो ऐसे विभागों का क्या औचित्य है? यदि हां, तो उन्होंने गुरुवार को संभावित घटनायें टालने के लिए निरोधक कदम क्यों नहीं उठाए? कल्पना करें कि यदि कोई अपराधी 'धर्मग्रंथ' हाथ में लेकर लोगों पर गोलियां चलाने लगे तो क्या पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी या उस धर्मग्रंथ का सम्मान करते हुए उसे निरपराध लोगों का नरसंहार करने देगी? यदि कोई जिहादी हाथ में 'कुरान पाक' लेकर किसी इमारत को विस्फोट से उड़ाने का प्रयास करे तो क्या कमांडो उसे गोली नहीं मारेंगे या 'जन्नत में हूरें मिलने के विश्वास वाले' इस व्यक्ति को अपराध करने देंगे। हो सकता है कि 'धार्मिक संवेदनशीलताओं' का बहाना बना कर कुछ राजनेता अपनी निष्क्रियता को छिपाने का प्रयास करें। ऐसे बहाने प्रतिक्रिया से बचने के नाम पर किए जाते हैं। अनेक राजनेता कह सकते हैं कि उनकी ऐसी कार्रवाई से किसी खास धर्म के अनुयाई या मतदाता गुस्सा हो सकते हैं। ऐसा अतीत में हुआ है। जब जरनैल सिंह भिंडरावाला के गनमैन ने 1983 में स्वर्ण मंदिर के फाटक के पास पुलिस के तत्कालीन उप महानिदेशक अवतार सिंह अटवाल को गोलियों से भून दिया था और स्वर्ण मंदिर में घुस गया था तब तत्कालीन पंजाब सरकार ने उसके खिलाफ समुचित प्रतिक्रिया नहीं की थी। इस निष्क्रियता के बाद लगभग एक दशक तक पंजाब में कानून-व्यवस्था की जिस तरह धज्जियां उड़ीं उसमें हजारों लोगों को अपनी जान से हाथ धोने पड़े। आज फिर 'खालिस्तान' समर्थक सिर उठा रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि इतिहास स्वयं को दुहराएगा नहीं।

# वृद्धावस्था देखभाल का बाजारीकरण

संयुक्त परिवारों के तेजी से विघटन तथा बड़ी संख्या में लोगों के विदेश गमन के कारण वृद्ध लोगों की देखभाल करने वालों की मांग बढ़ रही है।



सरिता ब्रारा
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)



**अस्सी** वर्ष से अधिक आयु वाली मीरा की तीनों बेटियां विदेश में काम करती हैं। मीरा की बेटियों ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों के लिए खुले 'पे-एंड-स्टे होम' में रहने वाली अपनी कमजोर मां की देखभाल के लिए 'केयरगिवर्स' की सेवायें ली हैं। मीरा के कमरे में लगे एक कैमरे के माध्यम से हजारों मील दूर विदेश में रहने वाली बेटियां अपनी मां की बेहतरी पर नजर रखती हैं। मीरा पे एंड स्टे होम में रहने वाली अकेली नहीं हैं, हजारों वरिष्ठ नागरिक अपनी बढ़ती आयु की समस्याओं से निपटने के लिए केयरगिवर्स की सेवायें ले रहे हैं।

संयुक्त परिवारों के तेजी से विघटन तथा बड़ी संख्या में लोगों के विदेश जाने के कारण भारत में अनेक वृद्ध लोगों को अनेक 'ओल्ड एज होम' में शरण लेनी पड़ी है। केवल दिल्ली में ही ऐसे लगभग दो दर्जन संस्थान हैं जिनमें से अधिकांश वाणिज्यिक आधार पर संचालित हैं। लेकिन चाहे अपने घर में रहें या वृद्ध होम में, वृद्ध लोगों को लगातार केयरगिवर्स पर निर्भर रहना पड़ता है। वृद्धों की देखभाल की बढ़ती मांग के चलते कर्मियों का एक नया वर्ग विकसित हुआ है जिसे 'वृद्धावस्था केयरगिवर्स' कहा जाता है। वे केवल अस्पतालों में मरीजों की देखभाल करने वाले सहायक नहीं हैं, बल्कि वे वरिष्ठ नागरिकों की पे एंड स्टे होम में भी देखभाल करते हैं या अपने घरों में अकेले रहने वाले वृद्धों की देखभाल करते हैं। हालांकि, देश में वर्तमान बेरोजगारी दर सर्वोच्च स्तर पर है, पर इस क्षेत्र में मांग सप्लाई से बहुत अधिक हो गई है।

मीरा को केयरटेकर की सेवायें देने वाली निधि चौहान उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की रहने वाली हैं। उनका विश्वास है कि उनके जैसे व्यक्ति को इससे बेहतर काम नहीं मिल सकता है क्योंकि वे कक्षा 10 के बाद पढ़ाई नहीं कर पाई हैं। निधि बताती हैं, 'हालांकि, मैं अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाई, पर मेरी कमाई इतनी हो जाती है कि मैं अपनी बहन को पढ़ा रही हूं और अपने लिए भी कुछ पैसे बचा लेती हूं।' निधि जैसे सैकड़ों युवा और युवतियां वृद्ध लोगों के लिए केयरगिवर्स का काम कर 12 घंटे की शिफ्ट के प्रति दिन 500 से लेकर 700 रुपये तक कमा लेते हैं। बढ़ती मांग तथा तथा केयरगिवर्स को उपयुक्त जानकारियों व अनुभव से लैस करने के उद्देश्य से नेशनल इंस्टीट्यूट आफ सोशल डिफेंस-एनआईएसडी ने 'वृद्धावस्था केयरगिवर्स, बेड एंड बेडसाइड सहायकों' का तीन महीने का पाठ्यक्रम शुरू किया है। इस पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए कक्षा 10 पास होना जरूरी है। संस्थान इसके लिए कोई फीस नहीं लेता है और पाठ्यक्रम समाप्त होने पर रोजगार मिलना निश्चित है। एनआईएसडी में वरिष्ठ नागरिकों का विभाग देखने वाले उप निदेशक एच.सी. श्रीधर रेड्डी के अनुसार सार्टीफिकेट कोर्स शुरू करने के बाद से उनके छात्रों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। इस कोर्स में दो महीनों की थ्यौरी तथा अस्पतालों में एक महीने का प्रेक्टिकल शामिल है। इस कोर्स में छात्रों को बिस्तर पर पड़े वृद्ध लोगों की देखभाल सिखाई जाती है जिसमें उनके महत्वपूर्ण शारीरिक आंकड़ों या 'वाइटल्स' को जांचना भी शामिल है। इसमें शर्करा का स्तर, डायपर बदलना, एक बिस्तर से व्हीलचेयर पर बैठाना या आवश्यकता पड़ने पर स्ट्रेचर पर लिटाना, उनको भोजन कराना तथा देखभाल के अन्य सभी आयाम शामिल हैं। वे वृद्धों को तुलनात्मक रूप से सहज, आरामदेह व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी सहायता करते हैं। उनको राहत देने वाली या 'पैलियोटिव केयर' तथा संकटपूर्ण स्थितियों का प्रबंधन भी सिखाया जाता है। एनआईएसडी 'वृद्धावस्था देखभाल तथा भुलक्कड़पन की देखभाल एवं प्रबंधन' का दो महीने का आनलाइन कोर्स भी चलाता है। सभी पुराने बैचों की तरह नवीनतम बैच के दो दर्जन छात्रों को भी वर्तमान समय में चार कंपनियों द्वारा रोजगार के लिए चुना गया है।

चयनित अनिल कुमार व सूर्य प्रकाश यादव पहले से केयरगिवर्स का काम करते हैं, पर इस नए प्रशिक्षण व योग्यता के साथ उनको बेहतर काम तथा अधिक भुगतान मिलेगा। अनिल कुमार व सूर्य प्रकाश बताते हैं, 'अपने कौशल बेहतर बना कर केयरगिविंग के पेशे में आगे बढ़ने की काफी संभावनायें हैं।' लेकिन सूर्य प्रकाश का मानना है कि यदि केयरगिविंग में कॅरियर बनाना हो तो चौबीसों घंटे या रोज 12 घंटे काम करना संभव नहीं हो सकता है। उन्होंने बताया, 'अपना कोर्स पूरा करने के बाद मैं घरों या अन्य संस्थानों में आठ घंटे ऐसे वृद्धों की देखभाल कर सकूंगा जिनको नर्सिंग स्टाफ की जरूरत हो।' एनआईएसडी ने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज़ के सहयोग से समग्र वृद्धावस्था देखभाल में एक साल के परास्नातक डिप्लोमा भी तैयार किया है। एनआईएसडी से एक साल का डिप्लोमा कोर्स करने वाले मनोज ने अपना अलाभकारी या स्वयंसेवी संस्थान 'श्री सेवा फाउंडेशन' शुरू किया है। इसमें प्रशिक्षित व अप्रशिक्षित, दोनों प्रकार के केयरगिवर्स की सेवायें ली जाती हैं। वे बताते हैं कि केयरगिवर्स, खासकर वृद्धावस्था देखभाल में प्रशिक्षित केयरगिवर्स की उपलब्धता की तुलना में मांग अधिक है।

वर्तमान समय में लगातार बढ़ती मांग के कारण वृद्धावस्था देखभाल, स्वास्थ्य एवं नर्सिंग सेवायें देने वाली कंपनियों का विस्तार हो रहा है। पैरा होम केयर प्रा. लिमिटेड 11 शहरों में 200 केयरगिवर्स को नौकरियां दे रही है। यह कंपनी संस्थानों व घरों में सेवायें देने के लिए एनआईएसडी के छात्रों को भर्ती करती है। सामान्य वृद्धावस्था देखभाल के साथ ही वे नर्सिंग, फिजियोथेरेपी व डाक्टरों की देखभाल भी सुनिश्चित करते हैं। इसी प्रकार लाइफ सर्किल हेल्स सर्विसेज़ पांच शहरों में केयरगिवर्स के साथ नर्सिंग सेवायें भी दे रही है। वे आक्सीजन कंसेंट्रेटर व फिजियोथेरेपिस्ट की सेवायें भी देते हैं। विदेशों में रहने वाले उनके अनेक क्लाइंट ऐसे केयरगिवर्स की मांग करते हैं जो वृद्धों को डाक्टरों के पास ले जा कर उनको समुचित जानकारी दें। अनेक वृद्ध लोग एल्जाइमर, पर्किन्सन्स व अन्य जीर्ण रोगों के शिकार होते हैं और चौबीसों घंटे निगरानी की मांग करते हैं। ऐसे में सेवायें देने वाली कंपनियां ऐसे केयरगिवर्स व नर्सिंग स्टाफ चाहती हैं जो वृद्धावस्था देखभाल के साथ ही पोस्ट-आपरेटिव सेवायें, मरणासन्न रोगियों की देखभाल, घरों पर आईसीयू प्रबंधन या अन्य बीमारियों से ग्रस्त वृद्धों की देखभाल कर सकें।

'365 केयर' के सीईओ व सह-प्रमोटर को लगता है कि भारत में देखभाल के मानकों में सुधार की आवश्यकता है। उनका दावा है कि उनकी कंपनी इस दिशा में काम कर रही है। उनकी तरह अधिकांश कंपनियां अपनी सेवायें किसी भी ऐसे व्यक्ति को देती हैं जिसे केयरगिवर्स की आवश्यकता हो और वह उनका भुगतान कर सके। यह केवल वृद्ध लोगों तक सीमित नहीं है। उदाहरण के लिए कंपनी मुंबई में टाटा मेमोरियल सेंटर के सहयोग से पैलियेटिव केयर के क्षेत्र में काम कर रही है। सेवा देने वाली कंपनियां अपने क्लाइंटों की आवश्यकताओं के अनुरूप केयरटेकर्स का कौशल संवर्धन भी करती हैं। भुगतान सेवा प्रदाताओं या केयरगिवर्स के काम के घंटों पर निर्भर करता है। दिन भर की शिफ्ट के लिए प्रति माह चौबीसों घंटे व सातों दिन सेवा हेतु 15,000 से 30,000 रुपये तक वेतन हो सकता है।

एक साक्षात्कार कंपनी द्वारा चयनित झारखंड की युवती सुनीता कुमारी बताती हैं कि फिलहाल वे अपनी सुरक्षा को देखते हुए एक वरिष्ठ नागरिक होम या संस्था में काम करना पसंद करेंगी। लेकिन अंततः वे अपना अलाभकारी संगठन या कंपनी शुरू करना चाहेंगी। वे विदेश में भी काम करने के लिए तैयार हैं। भारत में वर्तमान जीवन प्रत्याशा 70.42 वर्ष है और अगले सात साल में भारत की 12.5 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 60 वर्ष से अधिक होगी। इसे देखते हुए वृद्धावस्था देखभाल के लिए केयरगिवर्स की मांग बढ़ने की पूरी संभावना है।

लेकिन एक सेवाप्रदाता कंपनी के अनुसार चुनौती मांग पूरी करने के बजाय सेवाओं की गुणवत्ता है।

# भाजपा में नड्डा का बढ़ता कद और भावी चुनौतियां

"उन्हें दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाने, 2023 में नौ राज्य चुनाव जीतने और 2024 में आम चुनाव जीतने की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।"

के एस तोमर
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**62** वर्षीय जगत प्रकाश नड्डा के लिए जमीनी स्तर के आरएसएस कार्यकर्ता और छात्र नेता के रूप में संघर्ष की लंबी यात्रा रही है। वे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए। उनका कार्यकाल 2024 तक बढ़ा दिया गया है। वह ऐसे समय में भाजपा के प्रमुख हैं जब पार्टी ने देश के अधिकांश राज्यों को नियंत्रित करते हुए नई ऊंचाइयों को छुआ है। भाजपा ने 2019 के संसदीय चुनावों में भी विपक्ष को पटखनी दी है। लेकिन अब नड्डा के सामने कई चुनौतियां हैं—दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना और कर्नाटक के सबसे महत्वपूर्ण राज्य को बनाए रखना, अन्य आठ राज्यों में जीत हासिल करना, जहां 2023 में चुनाव होने हैं, और देश में 2024 के संसदीय चुनावों में अंतिम प्रदर्शन। नड्डा को भी कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें हाल के वर्षों में कई सहयोगियों के भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के बाद नए गठबंधन बनाना भी शामिल है।

नड्डा की चुनावी सफलता राज्यों में निर्बाध रूप से जारी रही और भाजपा 2019 में हरियाणा में सबसे बड़ी पार्टी बन गई और जननायक जनता पार्टी के साथ सरकार बनाई और बिहार में 74 सीटों पर जीत हासिल की, जहां पार्टी ने जनता दल (यूनाइटेड) के साथ गठबंधन सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ा। नीतीश कुमार का। इसने बिहार में उच्चतम स्ट्राइक रेट होने का गौरव प्राप्त किया और असम, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, उत्तराखंड और गुजरात में महामारी के बाद जीत मिली।

विश्लेषकों का मानना है कि नड्डा को कर्नाटक में एक लिटमस टेस्ट पास करना होगा जहां पार्टी पहले से ही राज्य में सत्ता बनाए रखने के लिए शासन पर %लव जिहाद% जैसे किसी भी चरम उपाय को चुनने के लिए तैयार है। इसी तरह, भाजपा कुछ महीनों में तेलंगाना में विपक्ष के रूप में जगह बनाने के लिए लड़ेगी, जिसके बाद इस साल होने वाले अन्य सात राज्यों में एक बड़ी चुनौती होगी। दूसरा, नड्डा ने महामारी के प्रकोप से पहले 20 जनवरी, 2020 को आधिकारिक तौर पर भाजपा की कमान संभाली थी और उनसे 2024 के चुनाव में अपनी पार्टी को जीत की ओर ले जाने की उम्मीद है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी परीक्षा लेने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बेरोजगारी की उच्चतम खुराक की भारी बाधाओं के बीच लोकप्रियता, आवश्यक वस्तुओं की आसमान छूती कीमतें, निराशाजनक आर्थिक परिदृश्य, यूक्रेन युद्ध का नतीजा आदि। तीसरा, हनुमान बेनीवाल की राजस्थान राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की 19वीं सहयोगी थी, जिसने 2014 और 2020 के बीच किसानों के आंदोलन के कारण छोड़ दिया था। एनडीए ने 2014 और 2019 के बीच 15 सहयोगियों को खो दिया है, लेकिन इसके परिणाम पर कई कारणों से लोकसभा चुनाव का कोई असर नहीं पड़ा। । लेकिन अब नड्डा की पार्टी बिहार में जद (यू), महाराष्ट्र में शिवसेना, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल, महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाले प्रमुख सहयोगियों के रूप में एक अलग परिदृश्य का सामना कर रही है। तेलुगु देशम पार्टी अलग हो गई है।

2019 में 29 में से 11 राज्यों में भाजपा का कई सहयोगियों के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन था जो 2024 के चुनावों में बदल जाएगा। सुदेश महतो के नेतृत्व वाली ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, ओपी राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, हनुमान बेनीवाल की अगुवाई वाली राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, बोडो पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ), गोरखा जनमुक्ति मोर्चा, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, एमडीएमके और कुछ उप-क्षेत्रीय पार्टियां डीएमडीके भी सत्तारूढ़ गठबंधन से बाहर हो गई है। चौथा, नड्डा और उनकी पार्टी 2019 जैसे राष्ट्रवादी मुद्दों की खोज करेगी और 2024 की शुरुआत तक राम मंदिर के पूरा होने के बारे में अमित शाह का संकेत इसका जवाब दे सकता है। नड्डा आशावादी हैं कि हिंदुत्व, मोदी के करिश्मे के अलावा, एनडीए के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करेगा, हालांकि 2109 के चुनावों की तुलना में देश में परिदृश्य अब जटिल है। नड्डा का व्यक्तित्व गतिशीलता, अथक ऊर्जा, संयम और परिपक्वता का प्रतीक है। लेकिन आरएसएस और मोदी ने उनके नेतृत्व में जो विश्वास जताया है, उसने उनके विस्तार में भी योगदान दिया है, जिससे उन्हें 2024 में राज्य विधानसभाओं और संसदीय चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा देनी पड़ी है।

मई 2010 में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ अपने स्पष्ट और स्पष्ट मतभेदों के कारण नड्डा के राज्य की राजनीति से बाहर निकलने से संबंधित एक कठोर और कड़वा तथ्य सभी के दिमाग में आता है। यह अंततः भेष में एक आशीर्वाद बन गया, क्योंकि इसने उन्हें संगठन में काम करने का अवसर दिया। उन्हें पूर्व भाजपा प्रमुख नितिन गडकरी द्वारा महासचिव नियुक्त किया गया था जो उनके राजनीतिक जीवन में ऊंचाई हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस लेखक के साथ अपने व्यक्तिगत विचार साझा करते हुए, नड्डा ने सर्वशक्तिमान ईश्वर के रूप में अपने उत्थान का श्रेय दिया, इसके अलावा पीएम मोदी और शाह के प्रति आभारी महसूस किया, जिन्होंने उनकी क्षमताओं और मास्टर रणनीतिकार की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है। नड्डा अटल बिहारी वाजपेयी, भैरो सिंह शेखावत, लालकृष्ण आडवाणी और जैसे दिग्गजों के प्रभाव में बड़े हुए, जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। नड्डा उदारवादी होने के लिए जाने जाते हैं जो आसानी से कट्टरपंथियों के साथ जुड़ सकते हैं। यह उन्हे अपने उच्च पदाधिकारियों की पसंद बने रहने में मददगार हो सकता है।

## आप की बात

### चिन्ताजनक स्थिति

**वारिस पंजाब दे** और उसके मुखिया अमृतपाल सिंह को खालिस्तान से सहानुभूति रखने वाला माना जाता है। पुलिस थाने में अपने गिरफ्तार साथी को छुड़वाने के लिए बड़ी संख्या में वारिस पंजाब दे संस्था के लोग तलवार बंदूक व लाठियां लेकर थाने में घुसे जिन से डरकर पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति को छोड़ दिया और कहा कि उस व्यक्ति के खिलाफ सबूत नहीं थे, इसलिए उसे छोड़ दिया गया। पंजाब पुलिस का यह बहाना बहुत चिन्ताजनक है। इससे देश भर में अराजक, अलगाववादी व अन्य अपराधी तत्वों को शह मिलेगी। आम आदमी पार्टी-आप नेता भगवंत के नेतृत्व में बनी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही पंजाब में बढ़ते हुए अपराध चौंकाने वाले हैं। सीमा पर स्थित राज्य मैं इतनी बड़ी तादाद में लोगों का तलवारें और हथियार लेकर संगठित होना पंजाब सरकार और पुलिस की सरासर नाकामी का सबूत है। पंजाब की यह घटना पूरे देश के लिए चिन्ता का विषय है। इससे पंजाब में खालिस्तानी आंदोलन के वे दिन भयंकर याद की तरह सबके दिमाग में कौंध गए हैं, जब देश की स्वतंत्रता के बाद भारत की एकता व अखंडता को संभवतः सबसे बड़ा खतरा पैदा हो गया था। केजरीवाल व मान को अपनी इज्जत की चिन्ता करनी चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अमर शहीद चंद्रशेखर

**आजादी** के महानायक, मां भारती के सच्चे उपासक जगदानी देवी. पंडित सीताराम तिवारी के सपूत चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक स्थान पर हुआ था। सन् 1922 में चौरी चौरा की घटना के बाद गांधीजी ने अपना आंदोलन वापस ले लिया तो आज़ाद का कांग्रेस से मोहभंग हो गया। इसके बाद वे पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल और शचीन्द्रनाथ सान्याल योगेश चन्द्र चटर्जी द्वारा 1924 में गठित हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़ गए। उन्होंने काकोरी कांड 1925 में पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया। अंग्रेजों से लड़ाई करने के लिए चंद्रशेखर आजाद इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में सुखदेव व अपने एक अन्य साथी के साथ योजना बना रहे थे। अचानक अंग्रेज पुलिस ने उन पर हमला कर दिया। इस लड़ाई में पुलिस की गोलियों से आजाद बुरी तरह घायल हो गए थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि वे न कभी पकड़े जाएंगे और न ब्रिटिश सरकार उन्हें फांसी दे सकेगी। उन्होंने अपनी पिस्तौल की आखिरी गोली खुद को मार ली और 24 बरस की अल्पायु में 27 फरवरी 1931 को शहीद हो गए।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर,** बालाघाट

### भारत का सम्मान

**हाल** ही में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक-कैग को 2024 से 2027 तक चार साल के कार्यकाल के लिए जिनेवा में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ के बाहरी लेखा परीक्षक के रूप में चुना गया है। कैग भारत के संविधान के तहत एक स्वतंत्र प्राधिकरण है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 148 व 151 भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्था-कैग से संबंधित हैं। इसे प्राथमिकता के क्रम में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के समान दर्जा प्राप्त है। वह भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के प्रमुख हैं। यह वह संस्था है जिसके माध्यम से संसद और राज्य विधानसभाओं के प्रति सरकार और अन्य सार्वजनिक प्राधिकरणों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। एक बाहरी लेखापरीक्षक के रूप में आईएलओ जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थान में कैग की नियुक्ति एक प्रकार से भारत तथा भारतीय संस्थानों का सम्मान है। यह कैग की क्षमता व पेशेवर दक्षता की स्वीकृति भी है। अमृत काल में स्वाभाविक रूप से इस सम्मान से देश का हर नागरिक गौरवान्वित है।

**रवि रंजन,** नई दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**लोग** पटरा रख कर सिलिंडर का प्रयोग स्टूल की तरह करते हैं क्योंकि वे 1,060 रुपये की गैस नहीं खरीद सकते हैं।

**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

**अमेरिका** लगातार रूस पर प्रतिबंध लगाता रहेगा ताकि अन्यायपूर्ण युद्ध लड़ने की उसकी क्षमता प्रभावित हो।

**- जेनेट येलेन**
अमेरिकी वित्त सचिव





**पुलिस** को गिरफ्तार करने का अधिकार है, चाहे कोई धरती पर हो या हवा में।

**- हिमंता बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री

# प्रदेश का कौशल विकास विभाग नए युग में प्रवेश कर रहा है : योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के युवाओं को इंडस्ट्री और बाजार की डिमांड के अनुसार अपना कौशल निखारने के लिए अब कहीं और नहीं भटकना पड़ेगा। प्रदेश का कौशल विकास विभाग आज से एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। हमारी सरकार ने इंडस्ट्री 4.0 के हिसाब से हमारी युवा शक्ति को अपग्रेड करने के लिए रविार को टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ प्रदेश के 150 आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए पांच हजार करोड़ से ज्यादा का एमओए साइन किया है। इस मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट एमओए के साथ प्रदेश के युवाओं के कौशल को निखारने के लिए नया मंच मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 5 कालीदास मार्ग पर आयोजित टाटा टेक्नोलॉजी के साथ एमओए के आदान-प्रदान के दौरान उन्होंने कहा कि ये एमओए न केवल राज्य के युवाओं के स्किल डेवलप करने में मददगार होगा बल्कि टाटा टेक्नोलॉजीज के कार्यक्रमों को भी आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगा। सीएम योगी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमें समय के साथ अपने स्किल को अपग्रेड करना होगा। तेजी से बदल रही दुनिया में तकनीकी स्तर पर व्यापक बदलाव हुए हैं, मगर प्रदेश के आईटीआई को कभी अपग्रेड करने के बारे में नहीं सोचा गया। हम अगर

- 5472 करोड़ से अपग्रेड होंगे यूपी के 150 आईटीआई
- सीएम योगी के सामने टाटा ग्रुप और प्रदेश सरकार के बीच एमओए



नई टेक्नोलॉजी के साथ नहीं चले तो निश्चित रूप से पिछड़ जाएंगे। हमें समय के साथ चलते हुए नई तकनीक से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों से भी जुड़ना होगा इसलिए प्रदेश सरकार आज टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ 5472 करोड़ रुपये का एमओए साइन कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये बड़ा बदलाव है। इसके बाद हमारे आईटीआई की प्रयोगशालाएं, उपकरण तो अपग्रेड होंगी ही साथ ही साथ टाटा टेक्नोलॉजीज के अच्छे प्रशिक्षक भी प्रदेश की आईटीआई को मिलेंगे। इससे प्रति वर्ष 35 हजार युवाओं को प्रशिक्षित करने के साथ ही उन्हें टाटा तथा देश विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में नौकरी मिल सकेगी। टाटा टेक्नोलॉजीज की ओर से प्रदेश में संचालित होने वाले 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई को उन्नत मशीनरी और उपकरण से अपग्रेड करने का कार्य शुरू होगा। योगी सरकार और टाटा ग्रुप के बीच हुए इस करार के बाद प्रतिवर्ष प्रदेश के 35 हजार युवाओं को लाभ होगा और वो भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर मौजूदा इंडस्ट्री 4.0 की डिमांड के हिसाब से स्किल और रोजगार हासिल कर सकेंगे। पूरे प्रोजेक्ट की लागत का 87 प्रतिशत अंश टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड द्वारा तथा 12 प्रतिशत अंश राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

इस मौके पर व्यवसायिक शिक्षा और कौशल विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले 6 वर्ष में उत्तर प्रदेश की छवि देश और दुनिया में बदली है। 150 राजकीय आईटीआई के उन्नयन के लिए टाटा टेक्नोलॉजी प्रदेश में 5 हजार 472 करोड़ रूपया का निवेश कर रहा है। इससे प्रदेश के हर साल 35 हजार छात्र ट्रेंड होंगे। भारत की आत्मनिर्भरता का रास्ता उत्तर प्रदेश से जाता है और बिना कौशल विकास के उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है। टाटा टेक्नोलॉजीज के सीईओ वॉरेन हैरिस ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे उत्तर प्रदेश में आने का अवसर मिला। इंजिनियरिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी होने के नाते हमारी कंपनी का फोकस यहां के युवाओं को इस क्षेत्र में बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने जो एमओए का आदान-प्रदान किया है उसके तहत यूपी की 150 आईटीआई का उन्नयन करेंगे। साथ ही हम इन आईटीआई में हमारी कंपनी की तरफ से न्यू ऐज के 11 दीर्घकालीन ट्रेड्स और 23

- प्रदेश के युवाओं के कौशल को निखारने के लिए नया मंच मिलेगा
- इंडस्ट्री 4.0 के लिए आईटीआई को अपग्रेड करेगा टाटा टेक्नोलाजीज लिमिटेड

नवीन अल्पकालीन कोर्सेज चलाए जाएंगे। हमारा उद्देश्य यहां के युवाओं के कौशल का विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप अपने संस्थापक जमशेदजी टाटा के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। हमारा मानना है कि राष्ट्र का निर्माण युवा शक्ति के स्किल को लगातार अपग्रेड करने से ही संभव हो सकता है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 305 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई संचालित हैं जिनमें विभिन्न प्रकार के कुल 72 व्यवसाय संबंधी प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं। इंडस्ट्री 4.0 प्रस्तावों की मांग के अनुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का आधुनिकीकरण किए जाने की आवश्यकता बताई गई है। इंडस्ट्री में बेहद तेजी से बदलाव हो रहा है। काम का तरीका बदल रहा है। इनोवेशन के साथ ही रोबोटिक्स और इंटरनेट जैसी चीजें आज की जरूरत बन गई हैं। इसी को मौजूदा दौर में चौथी औद्योगिक क्रांति इंडस्ट्री 4.0 के तौर पर परिभाषित किया जा रहा है। इंडस्ट्री की इन्हीं जरूरतों और युवाओं को इसके लिए तैयार करने को लेकर योगी सरकार गंभीर है। इसके लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में हुए यूपीजीआईएस के माध्यम से जो निवेश यूपी में होने वाला है उसके जरिए जो उद्यम स्थापित होंगे उसमें लाखों युवाओं की आवश्यक्ता होगी। ऐसे में यूपी के युवाओं को बड़े लेवल पर स्किल्ड बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। आईटीआई को अपग्रेड करने का निर्णय भी इसी का परिणाण है। आने वाले दिनों में सरकार ऐसे कई और कदम उठा सकती है।

# केंद्र ने योगी सरकार को एसटीपी पूर्वी काली नदी कायाकल्प को दी हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की नदियों को स्वच्छ और निर्मल करने की मुहिम रंग ला रही है। केंद्र सरकार ने योगी सरकार की माँग पर करीब पाँच सौ करोड़ से ज़्यादा की पाँच परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है जिसमें प्रयागराज की तीन परियोजनाएं और मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर में आठ स्थानों पर इन सीटू निर्मित आर्द्रभूमि प्रणाली के विकास द्वारा पूर्वी काली नदी का कायाकल्प करने को हरी झंडी दी गयी है। इसके साथ ही फतेहपुर में नागेश्वर धाम आश्रम घाट के कायाकल्प के लिए 2.84 करोड़ रुपये की एक परियोजना स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार से

- प्रयागराज में 422 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मिली मंजूरी
- पूर्वी काली नदी के कायाकल्प को मिले 94.47 करोड़

प्रयागराज में सलोरी एसटीपी की क्षमता को बढ़ाने, पूर्वी काली नदी का कायाकल्प करने और फतेहपुर में नागेश्वर धाम आश्रम घाट के विकास की माँग की थी। इस पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एनएमसीजी के महानिदेशक जी अशोक कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार ने उनकी माँगों को पूरा कर दिया है। इसके तहत प्रयागराज में 422 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई जिसमें सलोरी एसटीपी की सीवेज उपचार क्षमता को 43 एमएलडी बढ़ाकर 13 नालों को मोड़ने की परियोजना शामिल है। एक 20 केएलडी मल कीचड़ सह.उपचार सुविधा का निर्माण भी इस परियोजना का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश में एक अन्य परियोजना को 95.47 करोड़ रुपये की लागत के साथ मंज़ूरी प्रदान की गई है जिसका उद्देश्य मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़ और बुलंदशहर में आठ स्थानों पर इन सीटू निर्मित आर्द्रभूमि प्रणाली के विकास द्वारा पूर्वी काली नदी का कायाकल्प करना है।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिला जापानी प्रतिनिधिमंडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा की। प्रतिनिधिमण्डल ने मेट्रो रेल, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, इकाना स्टेडियम गोमती रिवरफ्रंट की तारीफ की। समाजवादी सरकार के कामों की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि जापानी प्रतिनिधिमण्डल ने मलिहाबाद, चिनहट, लूलू मॉल सहित लखनऊ के बाजारों में व्यापारिक संभावनाओं का भी पता किया। उन्होंने बताया आम के जूस की जापान में बहुत मांग है। उनका जनेश्वर मिश्र पार्क जाने का भी कार्यक्रम है। अखिलेश यादव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में समाजवादी सरकार में मंडियों, कोल्ड स्टोरेज के



विस्तार से किसानों को लाभान्वित करने की योजना थी। ग्रीन फील्ड लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे 21 महीने में बना। इस तरह का यह भारत में पहला एक्सप्रेस.वे है। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ की जनसंख्या का स्वयं में एक देश है। यहां जापानी सहयोग से व्यापक विकास हो सकता है। उन्होंने जापानी भागीदारी बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जापानी कम्पनियां आपसी तालमेल से काम करती है। ऊर्जा क्षेत्र में अच्छा सहयोग हो सकता है।

जपानी प्रतिनिधियों ने बताया कि द्वितीय विश्वयुद्ध में हिरोशिमा पर एटम बम के हमले के बाद जापानी भूख और खाद्यान्न के मूल्य को खूब समझ गए हैं। इसलिए वे खाना फेंकते नहीं है। जापानी श्रम का सम्मान करते हैं। वहां एक सेकेंड के लिए भी बिजली नहीं जाती है। अखिलेश यादव ने जापानी प्रतिनिधिमण्डल से वाराणसी और क्योटो शहर के बारे में चर्चा की।अखिलेश यादव ने कहा कि जापान के साथ हमारे सद्भावपूर्ण रिश्ते रहे हैं। जब हरदुआगंज में समाजवादी सरकार के समय पावर प्लांट का उदघाटन हुआ था तब जापानी कम्पनी के अधिकारियों ने मुलायम सिंह यादव का चित्र, उनके मुख्यमंत्री के समय का भेंट किया गया था। उन्होंने जापानी प्रतिनिधिमण्डल को धन्यवाद दिया कि समाजवादी सरकार के समय के बाद जब वह विपक्ष में हैं तब भी वे भेंट करने आए। यादव ने कहा कि जापानी प्रतिनिधिमण्डल से परस्पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रदेश के विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई है।

# गर्मियों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति में जुटा यूपीपीसीएल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार गर्मियों में प्रदेश के नागरिकों की सुविधा के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की तैयारियों में अभी से जुट गई है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ;यूपीपीसीएलद्ध के अध्यक्ष एम देवराज ने प्रदेश के सभी डिस्कॉम अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में गर्मी प्रारम्भ हो गयी है। पूर्व वर्षों की तुलना में इस बार गर्मी की शुरूआत पहले हुई है। फरवरी में ही तापमान 31 डिग्री के आस. पास पहुँच गया है। ऐसे में यूपीपीसीएल ने अभी से गर्मियों की तैयारियों को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए कमर कस ली है।

शक्ति भवन से वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से डिस्काम अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निश्चित शिड्यूल के अनुरूप प्रदेश के सभी क्षेत्रों को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो इसके

- यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने सभी डिस्कॉम अधिकारियों को दिए निर्देश

लिये अभी से सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली जायें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर के लिये आवश्यक अनुरक्षण सुनिश्चित कर लिये जाये। जहाँ ओवर लोडिंग आदि की समस्या है उसे भी समाप्त करने के लिये यथा शीघ्र कदम उठाये जाये। अध्यक्ष एम देवराज ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिये इस वित्तीय वर्ष में 251059 ट्रांसफार्मर बदले गये हैं। इसी तरह विद्युत चोरी रोकने हेतु 17782 किलोमीटर एबी केबिल लगायी गयी है। साथ ही प्रदेश में सिंचाई सुविधा बढ़ाने हेतु इस वित्तीय वर्ष में 51550 निजी नलकूपों को वर्गीकृत किया गया है।

# स्पीकर के भोज में पहुंचे सीएम योगी व अखिलेश



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने सरकारी आवास पर सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक और विपक्ष के सभी विधायकों को आमंत्रित किया। सतीश महाना ने रविवार को मिलेट्स के व्यंजनों के बने खाने का लंच आयोजित किया था। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ व सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मुलाकात हुई। मुलाकात में शिवपाल यादव विधानसभा अध्यक्ष समेत सभी लोग हंसते हुए नजर आए। यूपी विधानसभा सत्र के पांचवे दिन शनिवार को योगी आदित्यनाथ के राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते समय कानून व्यवस्था को लेकर तीखी बहस अखिलेश यादव से हुई थी। उसके बाद यह तस्वीर सामने आने पर अलग-अलग तरीके की प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर सामने आ रही है। हंसते हुए सत्ता पक्ष-विपक्ष के नेताओं की तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। विधान सभा अध्यक्ष के सरकारी आवास पर आयोजित लंच में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव, नेता सदन सीएम योगी आदित्यनाथ सभी दलों के विधायक पहुंचे। अखिलेश यादव के साथ शिवपाल यादव भी लंच कार्यक्रम में पहुंचे।

# भाजपा राज में अपराधी बेखौफ : अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज का अंधेरा है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। दबंगों को सत्ता का संरक्षण है। भाजपा सरकार में दिन दहाड़े सड़कों पर अपराध हो रहे हैं। अपराधी बेखौफहैं। अखिलेश ने कहा कि प्रयागराज में सरेआम सड़क पर वकील की उसके सरकारी सुरक्षा गार्डों के साथ हत्या हुई। इसी तरह से उन्नाव के सफीपुर में दबंगों ने 15 साल की छात्रा को अगवा कर गैंगरेप किया। उसके बाद छात्रा की हत्या कर शव पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर फेंक दिया। क्रूरता की हद पार करते हुए हत्या के बाद शव को वाहन से रौंद दिया। उन्होंने कहा कि चंदौली के चकिया में स्कूल जा रही छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मोहनलालगंज लखनऊ में एक छात्रा ने छेड़छाड़ से तंग आकर स्कूल जाना ही छोड़ दिया। कानपुर में पुलिस चौकी के पास 1 मिनट में दो लोगों से लूट की वारदात हुई। बुलन्दशहर में खेत की मेड के विवाद में सरेआम चली गोलियां। देश में सबसे ज्यादा खराब कानून व्यवस्था भाजपा शासित यूपी की है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की बद से बदतर कानून व्यवस्था के ये चंद उदाहरण है। आम जनता खौफजदा है। सत्ता के नशे में भाजपा नेताओं की आखों पर पट्टी पड़ गयी है। उन्हें उत्तर प्रदेश में अंधेर राज दिखाई नहीं दे रहा है। अखिलेश ने कहा कि आम आदमी की सुरक्षा भगवान भरोसे हैं। भाजपा सत्ता की पूरी ताकत राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाने में लगा रही है। भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं और आम जन की सुरक्षा से मतलब नहीं है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की पूरी कोशिश लोकतंत्र को खत्म करने की है। भाजपा सरकार में आम जनता और गरीब को न्याय नहीं मिल रहा है। न्याय मांगने पर लोगों को थाने में नंगा कर डराया और धमकाया जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार में उत्पीड़न, अन्याय और अत्याचार चरम पर है। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने कानून व्यवस्था का अंतिम संस्कार कर दिया।

# पीएम श्री से लाभान्वित होंगे यूपी के 1753 स्कूल, छात्रों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

- केंद्र सरकार की मदद से बेसिक शिक्षा के लिए 510 करोड़
- माध्यमिक के लिए 500 करोड़ रुपए की व्यवस्था
- आसपास के अन्य स्कूलों के लिए भी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करेंगे ये पीएम श्री स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के छात्रों के लिए सरकारी स्कूल अब और अधिक सुविधाओं और संभावनाओं से लैस होंगे। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार स्कूलों में छात्रों की नींव को मजबूत करने के लिए आधुनिक शिक्षा पद्धति को अपनाने पर जोर दिया हैए जिसके लिए पीएम श्री प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना और छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए योगी सरकार ने भी अपना खजाना खोल दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में की गई बजट घोषणाओं में इस योजना के लिए एक हजार करोड़ से अधिक राशि तय की गई है। घोषणा के अनुसार केंद्र सरकार की मदद से बेसिक शिक्षा पर 510 करोड़ रुपए और माध्यमिक शिक्षा पर 500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना के मानकों के अनुरूप चुनिंदा स्कूलों को पीएम श्री का दर्जा दिया जाएगा और इन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। पीएम श्री स्कूल न सिर्फ अपने यहां पढ़ने वाले छात्रों के लिए बल्कि आसपास के अन्य स्कूलों के लिए भी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करेंगे। प्रदेश सरकार की ओर से 1753 स्कूलों का डिस्ट्रिक्ट और स्टेट लेवल पर वेरिफिकेशन करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इन स्कूलों को पीएम श्री के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देशभर के 14500 स्कूलों को पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेड करने का निर्णय लिया था। पीएम मोदी ने शिक्षक दिवस के मौके पर इसकी घोषणा की थी। पीएम की घोषणा के बाद योगी सरकार ने बजट 2023.24 में इसके लिए राशि का प्रावधान किया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार पीएम श्री भारत सरकार की योजना है। भारत सरकार ने ही बेंचमार्क बनाकर दिया है जिस पर स्कूलों का चयन किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक से दो पात्र स्कूलों को चुनकर उनसे आवेदन कराया गया।



## पीएम श्री स्कूलों में क्या होगा खास

**इन** स्कूलों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लास, खेल और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पीएम श्री विद्यालय में सभी छात्रों के लिए एक सुरक्षित, प्रोत्साहित करने वाले शैक्षिक वातावरण में सीखने एवं अलग अनुभव प्रदान करने वाली अच्छी ढांचागत व्यवस्था एवं समुचित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही गई है। इसमें स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाना तथा बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जाएगा। स्कूल ड्रॉप आउट में भी कमी लागने की कोशिश की जाएगी। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी को लागू करने में मदद करेंगे और अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन और अनुकरणीय स्कूल के रूप में सामने आएंगे। इन स्कूलों में प्रैक्टिकल, समग्र, एकीकृत, वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित पढ़ाई कराई जाएगी। ये शिक्षकों के लिए भी काफी अहम होगा। इनमें स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, कौशल प्रयोगशाला, खेल का मैदान, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला आदि सभी सुविधाएं होंगी। पीएम श्री एक समान, समावेशी और आनंदमय स्कूल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगा जो बच्चों की विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी जरूरतों और और विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ख्याल रखेगा और साथ ही उन्हें अपनी स्वयं की सीखने की प्रक्रिया में भी भागीदार बनाएगा। पीएम श्री के अंतर्गत स्कूल अपने.अपने क्षेत्रों के अन्य स्कूलों को मेंटरशिप प्रदान करके उसका नेतृत्व करेंगे। पीएम श्री स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें सौर पैनल और एलईडी लाइट, प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और संचयन, पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित परंपराओं, प्रथाओं का अध्ययन जैसे पर्यावरण के अनुकूल पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

इसके बाद बीएसए स्तर पर इन स्कूलों का मूल्यांकन किया गया। ग्रामीण इलाकों के स्कूल जिन्हें 60 प्रतिशत से अधिक मार्क्स मिले वो पास हो गए और जिन्हें कम मिले वो फेल हो गए। इसी तरह अर्बन में 70 प्रतिशत का कटऑफ था। इससे ऊपर मार्क्स पाने वाले स्कूल ही पास हुए। इसके बाद स्टेट लेवल पर इन सभी स्कूलों का वेरिफिक्रेशन किया गया।

कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में 1753 स्कूलों के आवेदन भारत सरकार के पास भेजे गए हैं। इनमें माध्यमिक के 89 स्कूल माध्यमिक के हैं जबकि बाकी स्कूल बेसिक शिक्षा से संबंधित है। अब भारत सरकार की ओर से वेरिफिकेशन के बाद चिन्हित स्कूलों को पीएम श्री का दर्जा दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार इन स्कूलों को विकसित किया जाएगा। चूंकि यह सेंट्रल स्पॉन्सर्ड स्कीम हैए इसलिए केंद्र सरकार की ओर से भी 60 प्रतिशत राशि मिलेगी।

# सहकारिता मंत्री ने किया मेगा मेडिकल कैंप का शुभारंभ

## ● जीआईसी ग्राउंड में किया गया आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** जीआईसी ग्राउंड पर मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। नेशनल नेशनल मेडिको आर्गेनाईजेशन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठनों के तत्वाधान में आयोजित मेगा मेडिकल कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेपीएस राठौर उत्तर प्रदेश सहकारिता मंत्री ने किया। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के द्वारा गरीबों को स्वास्थ्य सेवायें देने का काम किया और तमाम और सुविधाएं देकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया। राठौर ने कहा प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों जहां पर स्वास्थ्य सेवाएं दुर्लभ है वहां प्रदेश सरकार ने मेडिकल सुविधाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया है। प्रांत संघचालक कृष्ण मोहन ने स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अनुभवो को सभी के मध्य बांटा और कहा की सीमांत गांव से संपर्क बनाकर संघ ने देश सेवा के लिए कार्य किया है। सीमांत गांव के लोग जितने सशक्त होंगे अपना देश उतना सशक्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् संतोष गुप्ता ने की।

मेगा कैंप में अलग अलग बीमारियों के लिए अलग अलग विभागों के 30 काउंटर लगाए गए। जिनसे हजारों की संख्या में लोग लाभान्वित हुए। गोरक्ष स्वास्थ्य यात्रा 23 फरवरी 23 को अपने जनपद आई। जिसमें लखनऊ के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के करीब 100 चिकित्सक आए और 24, 25 फरवरी को सीमांत गांवों में निरूशुल्क चिकित्सा कैंप लगाए। यात्रा के अंतिम दिन 26 फरवरी को इन्हीं चिकित्सकों द्वारा निरूशुल्क मेगा मेडिकल कैंप लगाया गया।

कार्यक्रम के आयोजन में आर एसएस विभाग प्रचारक बैरिस्टर, आरएसएस जिला प्रचारक अविनाश, जिला कार्यवाह संजीव, जिला सह कार्यवाह अमरेश, सेवा भारती के प्रान्त महामंत्री रजनीश जीए नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. आर आर मिश्र, आरोग्य भारती के अध्यक्ष डॉ. अवनीश गुप्ता ने समस्त व्यवस्थाओं की देखरेख की। गोरक्षनाथ स्वास्थ्य यात्रा के संयोजक आरएसएस नगर कार्यवाह सानू शुक्ला रहे। कार्यक्रम में आरएसएस जिला संघचालक स्वर्ण सिंह, जिला सह संघचालक अवधेश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक मंजू त्यागी, सेवा भारती संरक्षक डॉ. डी के वर्मा, अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, जिला सेवा प्रमुख आनंद अवस्थी। जिला सचिव आशीष प्रताप श्रीवास्तवए भाजपा जिला महामंत्री आशू मिश्रा, कुलभूषण, ज्योतिर्मय, असीम विक्रम सिंह, विहिप जिलाध्यक्ष विपुल पुरी, अनुराग अग्रवाल, अमर सिंह, मयंक गुप्ता, मनीष मिश्रा सेवा भारती जिला कोषाध्यक्ष योगेश जोशी, राम मोहन आदि कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रिक्त हुई प्रधान सीट को लेकर 2 मार्च को मतदान

**मोहम्मदीखीरी।** विकासखंड मोहम्मदी के गांव दिलावरपुर मे रिक्त हुई प्रधान सीट को लेकर 2 मार्च को मतदान किया जाएगा। तीन प्रत्याशी मैदान में नजर आ रहे हैं, जिसमें अंजुम सलमा बेगम, मो. कादिर, मो. मोहसिन के बीच रोमांचक मुकाबला होगा एवही आज मोहम्मद अंजुम और मनीष कुमार ने अपना नाम वापस लिया हैए इसलिए चुनाव में दिलावरपुर ग्राम सभा में 3 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं एवही सदस्य पद के प्रत्याशी को लेकर 2 प्रत्याशी मैदान में हैं एजिसमें तस्कीन और मोहम्मद फुरकान सदस्य का चुनाव लड़ रहे हैं, तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं, दिलावरपुर के न्याय पंचायत में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीट थी पिछले चुनाव में सामान्य वर्ग के एक प्रत्याशी ने फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर चुनाव लड़ा था जिसका न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी ने अवैध घोषित किया था इसी आधार पर चुनाव आयोग ने इस सीट पर चुनाव घोषित किया हैएदेखना है दो मार्च को कौन विजेता घोषित होता है।

# गोवंश व तमंचे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। गाजीपुर



**पुलिस अधीक्षक** गाजीपुर द्वारा गौ तस्करी में लिप्त अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मु0बाद के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 25ण्02ण्2023 को थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय मय हमराह मुखबीर की सूचना पर रसूलपुर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित हनुमान मन्दिर के पास से अभियुक्तगण 1. घूरल चौधरी पुत्र बबुआ चौधरी निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरही जनपद वलिया 2.मुन्ना यादव उर्फ गर्जन यादव पुत्र कुबेर यादव निवासी ग्राम भरौली थाना नरही जनपद वलिया को गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद ट्रक ए ट्रक में लदे 18 राशि गाय व अभियुक्त मुन्ना यादव उर्फ गर्जन यादव के कब्जे से एक अदद तमन्चा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। तथा अभियुक्तगण 1ण्चन्दन गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरही जनपद बलिया 2ण्मिथलेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम बाराचवर थाना बरेसर 3ण् दुर्गा गुप्ता पुत्र अज्ञात कोटवा नरायनपुर थाना नरही बलिया 4ण् सुरेश गुप्ता पुत्र स्व0 राजकुमार गुप्ता निवासी ग्राम कोटवा नरायनपुर थाना नरही जनपद बलिया जो मौके से भागने में सफल रहे। उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 35✓2023 धारा 3✓5 ।✓5ठ✓8 गोवध निवारण अधिनियम व 3✓25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। तथा भागे हुए अभियुक्तगण के विरुद्ध पूर्व में मुकदमें पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# नगर को स्वच्छ बनाने के जनता की भूमिका बेहद अहमः नगर आयुक्त



**शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र के लोधीपुर स्थित घाट को साफ एवं सुथरा रखने के उद्देश्य से संत निरंकारी समाज के वालिंटियर, स्कूल के बच्चें एवं नगर निगम टीम ने वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया । जिसमें नगर आयुक्त महोदय सन्तोष कुमार शर्मा प्रतिभाग कर स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया । इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर क्षेत्र में नगर निगम टीम द्वारा चलाये जा रहे 10तक डोर टू डोर अभियान के प्रति लोगो को जागरूक किया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा नगर को स्वच्छ बनाने के जनता की भूमिका बेहद अहम् है इसके लिए हर व्यक्ति को अपने क्षेत्र को साफ रखने के लिए अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने अपील की जागरूक जनता में अहम् शहरी अपने-अपने घरों से निकलने वाला सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर नगर निगम की संचालित कूड़ा वाहन गाड़ी को ही दे, जिससे आसपास सफाई रह सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सैफ सिद्दीकी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर विनय प्रताप सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण कार्यः एसडीएम

संवाददाता। शाहजहांपुर



**पत्रकारिता वर्तमान** परिवेश में निश्चय ही चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार बखूबी से निभा कर समाज को तराशने और पारस्परिक सामंजस्य बिठाने का कार्य करते हैं। उक्त विचार उप जिलाधिकारी तिलहर राशि कृष्णा ने नगर पालिका परिषद के सामुदायिक सभागार में दूरदराज से आए पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा समाज में उपेक्षित और समस्या ग्रस्त नागरिकों के लिए पत्रकार प्रशासन और समाज के बीच मजबूत कड़ी बनकर उन्हें जोड़ने का काम करते हैं। सकारात्मक लेखन और समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए समाज को तराश कर पत्रकार सृजन का संगीत उत्पन्न करते हैं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस वीर कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार राष्ट्र और समाज के बिना वर्दीधारी प्रहरी है जो समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने में शासन-प्रशासन को सचेत करने का कार्य करते हैं।

किसी देश की मीडिया की सकारात्मक सोच और कार्यप्रणाली ही राष्ट्र को उन्नत की ओर अग्रसर करती है, मुख्य वक्ता अमरीश चन्द्र पाण्डेय ने विचार व्यक्त करते हुए कहा की वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता निश्चय ही एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन चुकी है किन्तु पत्रकारों को समाज हित में सच्चाई उजागर करने पर अनेक स्थानों पर संघर्ष विरोध और उत्पीड़न का शिकार भी होना पड़ता है। सरकार को पत्रकारिता सुरक्षा कानून लाकर निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना चाहिए और पत्रकारों को समाज में सकारात्मक लेखन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आना चाहिए कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार अरुण पाराशरी, बलराम शर्मा, यशवंत मैथिल, सर्वेश मिश्रा, इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां सईद उस्मानी विवेक शर्मा अंशु, सूर्यकांत मिश्रा, मिर्जा फिरोज बैग आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

## बोर्ड के परीक्षा में छह को पुलिस ने भेजा जेल

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के मार्गदर्शन थानाध्यक्ष नोनहरा मय फोर्स द्वारा इण्टर परीक्षा मे अंग्रेजी के पेपर मे रामदरश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भजयाँ तिलाड़ी थाना नोनहरा जनपद मे 06 परीक्षार्थी अखिलेश कुमार राजभर पुत्र गड़बरी राजभर निवासी दरियापुर थाना बड़ेसर, अविनाश उर्फ अश्वनी सिंह पुत्र बब्बन सिंह निवासी सुलेमापुर देवकली महाहर थाना मरदह, राहुल उर्फअरविन्द पासवान पुत्र लल्लन पासवान निवासी सुलेमापुर देवकली महाहर थाना मरदह, विकास कुमार पुत्र रामजी निवासी बेटावरकला थाना जमनिया, आदित्य बिन्द पुत्र हृदय नारायण बिन्द, आशीष कुमार राजभर, लव सिंह, शिवम सिंह अतुल चौरसिया, अरविन्द बिन्द, वेदान्त दीक्षित के स्थान पर परीक्षा दिया जा रहा था। जिनके पास से कुट रचित दस्तावेज प्राप्त हुये है। अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### क्षत्रिय जनसंपर्क अभियान

**शाहजहापुर।** रविवार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा चलाया जा रहा है क्षत्रिय जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज बरेली मोड़ स्थित नवीन पुलिस चौकी पर जिला इकाई बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष पदम सिंह एवं जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) के संचालन में संपन्न बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पदम सिंह ने कहा कि समाज क्षत्रिय महासभा संस्कृति बचाओ, विरासत अपनाओ ,इतिहास दोहराओ के अंतर्गत समाज के अग्रणी व्यक्तियों को सम्मानित करेगी इसके अंतर्गत पूरे जनपद में ब्लॉक स्तरीय क्षत्रिय सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है महासभा शीघ्र ही जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन करेगी जिसमें ग्राम पंचायत से लेकर न्याय पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करेगी। इस मौके पर जिला प्रभारी पवन कुमार सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महासभा द्वारा समाज के अग्रणी व्यक्तियों को नेतृत्व व्यक्तित्व विकास के लिए वैज्ञानिक, कृषि ,स्वास्थ्य ,शिक्षा, व्यापार, पर्यावरण, गोपालक क्षेत्र के लोगों का चयन कर रही है अनुभवी व्यक्तियों से उन्हें प्रशिक्षण दिलाकर समाज के लिए उपयोगी बनाया जाएगा।

### अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी,एक गिरफ्तार-दो फरार

**बरेली ।** रात के समय अवैध रूप से अवैध सशक्त बना रहे एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया उसके दो साथी मौका देकर फरार हो गए पुलिस ने मौके से कई अधबने और कई तैयार अवैध हथियार भी बरामद किए गिरफ्तार बदमाश को जेल भेज कर उनके फरार साथी की तलाश शुरू कर दी गई। देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव अभय पुर निवासी इश्तियाक पुत्र मकबूल को पुलिस ने बीती रात अभय पुर से महमदपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान के पास अवैध रूप से शस्त्र बनाते समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गश्त के दौरान पुलिस ने 3 लोगों को अवैध रूप से हथियार बनाते देखा और उनसे पूछताछ की कोशिश की तो दो मौके पर मौजूद देवरनिया थाने के गांव मुढ़िया जागीर का रहने वाला जाबिर पुत्र साबिर और यहीं के रहने वाले इमरान पुत्र रईस मौका देख कर फरार हो गए इतिहास में बताएं कि वह अवैध रूप से हथियार बेचने के बाद उन्हें बेचकर ही रोजी-रोटी चलाता है पुलिस ने मौके से तैयार बंदूक एक तमंचा और कई अर्ध निर्मित हथियार इन्हें बनाने के उपकरण भी बरामद किए पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी को जेल भेजा और उसके फरार साथी जाबिर और इमरान को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### मासूम बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** घर के बाहर खेल रही एक मासूम बच्ची के साथ किसी ने दुष्कर्म किया पुलिस ने घटना की शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र कि एक मलिन बस्ती में घर के बाहर खेल रही चार साल की बच्ची को कथित तौर पर अगवा कर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी क्षेत्राधिकारी प्रथम श्वेता यादव ने बताया बच्ची के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि उसका अपहरण कर उससे बलात्कार किया गया उनकी शिकायत के आधार पर हमने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है और जांच शुरू की है उन्होंने कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा की गयी शिकायत के हवाले से बताया कि शनिवार शाम करीब छह बजे व्यक्ति की चार वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी और थोड़ी देर बाद जब उसने बाहर आकर देखा तो उसकी बेटी गायब थी उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन काफी तलाश के बाद उसे अपनी बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली सकी इसके बाद उसने तत्काल बच्ची के गायब होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस ने बच्ची की तलाश में कई टीम गठित की हालांकि, कुछ घंटे बाद बच्ची पैदल घर की ओर आती दिखी वह सदमे में थी और उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे वापस लौटने पर पुलिस टीम बच्ची को मेडिकल जांच के लिए ले गई पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि जल्द ही मामले को सुलझा लिया जाएगा समझा जाता है कि आरोपी को बच्चे अच्छी तरह जानती थी जिसके चलते हैं उसके साथ चली गई और आरोपी बच्ची के परिवार का कोई नजदीकी व्यक्ति हो सकता है ।

### नंदीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

**बरेली।** नंदीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन बरेली उत्तर प्रदेश द्वारा जनहित में विष्णु बाल सदन, कालीबाड़ी, बरेली में एक स्वास्थ्य - चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ विमल भारद्वाज डायरेक्टर मेडीसिटी अस्पताल, डॉ आशीष गुप्ता व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजेश शर्मा रहें। शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर किया गया। डाक्टरों के पैनल द्वारा शिविर में आये मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर व खून से संबंधित जांचें भी की गई। स्वास्थ्य शिविर में जनरल फिजीशियन डॉ यू सी दीक्षित, डॉ ओ पी गंगवार, बालरोग विशेषज्ञ डॉ आकाश गुप्ता, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मौहम्मद रईस सिद्दीकी ने जनहित में अपनी सेवाएं प्रदान की।

## किसान सम्मान निधि के चार वर्ष पूर्ण होने पर मनाई वर्षगांठ

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही किसान सम्मान निधि के 4 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारियों के द्वारा किसान सम्मान निधि वर्ष गांठ का फतेहगंज पश्चिमी तिलोकचंद डिग्री कॉलेज में आयोजन किया गया। अध्यक्षता देवेंद्र गंगवार ने की और संचालन जिला मंत्री अमन सिंह ने किया। पदाधिकारियों ने क्षेत्र से आए किसानों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य दीपक गुप्ता, जिला अध्यक्ष राम पाल गंगवार एवं अन्य लोगों का भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री अमन सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने फूल माला और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी सदस्य दीपक गुप्ता एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामपाल गंगवार ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से कार्यक्रम में उपस्थित समस्त किसानों को अवगत कराया, और अपने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने त्योहारों को लेकर दिए निर्देश

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन द्वारा पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र एवं जोन के जनपद प्रभारियों को गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश और कहा कि आगामी त्यौहारो होली एवं शब-ए-बारात को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा क्षेत्र में लगने वाले मेंलों आदि पर पर्याप्त पुलिस प्रवंध किया जाये, होलिका दहन स्थल का संबंधित थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लें कि उस जगह विवाद की स्थिति तो नही है, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाये, रंजिशन हत्या के प्रकरणों व धार्मिक भावनाओं से जुड़े प्रकरणों को सूचीबद्ध कर समीक्षा कर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर ली जाये, शान्ति एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरूओं के साथ मीटिंग कर ली जाये, सनसनीखेज अपराधों( हत्या, लूट एवं डकैती) की घटनाओं पर राजपत्रित अधिकारीगण मौके पर पहुँचे तथा गुण-दोष के आधार घटना का शीघ्र अनावरण करना सुनिश्चित कर, सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। माफियाओं को चिन्हित करें एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के गैंगो का पंजीकरण कर उन पर कड़ी कार्यवाही की जाये, अपराधों में नियंत्रण हेतु गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति का जब्तीकरण कराया जाये, महिला संबंन्धी अपराधों व छेड़छाड़ की घटनाओं पर अंकुश हेतु महिला सुरक्षा दल को सक्रिय किया जाये सार्वजनिक स्थानों पर नियमित पुलिस गश्त भेजी जाये।

## आरआर क्रिकेट अकादमी ने आरएलबी को 2 विकेट से हराया

**संवाददाता** घाटमपुर। नगर के मूसानगर रोड पर स्थित कैप्टन सुखबासी सिंह स्मारक जनता महाविद्यालय में खेले गये फाइनल मैच में आरआर क्रिकेट अकादेमी ने आरएलबी को 2 बिकेट से हरा दिया।

टास जीत कर आरएलबी ने पहले बैटिंग करते हुए 35 ओवर में सभी बिकेट खोकर 147 रन बनाये, इसमें दिग्बिजय के 44 और अनुज के 41, व मोसिन रजा के 34 रन शामिल हैं। आरआर टीम के सुमित और सागर ने ने दो-दो बिकेट लिये। लक्ष्स का पीछा करते हुए आरआर की टीम ने 8 बिकेअ खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मैन आफ दा मैच सुमित को घोषित किया गया जबकि बेस्ट बैट्स मैन जीतू तिवारी रहे, पुरस्कार बिधायक पति सत्य प्रकाश कुरील के द्वारा बितरण किया गया। इस मौके पर भूप किशोर बिश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

# एएसपी साउथ एनपी सिंह ने मछरेहटा थाने का किया निरीक्षण

## ● निरीक्षण में थाने के सभी कार्यालयों और दस्तावेजों को देखा

**सीतापुर।** जिले में रविवार को एएसपी साउथ एनपी सिंह ने मछरेहटा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मातहत पसीना-पसीना होते रहे। एएसपी ने पूरे थाने का बारीकी से निरीक्षण किया और जो खामियां मिलीं, उन्हें सुधारने के आदेश दिए हैं। आइए आपको बता देते हैं कि एएसपी साउथ एनपी सिंह के निरीक्षण में क्या कुछ पाया गया और क्या कुछ आदेश जिम्मेदारों को दिए हैं। दरअसल, वार्षिक निरीक्षण के तहत रविवार को एएसपी एनपी सिंह ने मछरेहटा थाने पहुंचे। थाने में दाखिल होते ही एएसपी ने पूरे थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्ड डेस्क आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय में कहा कि टूटी मिली नाली को बनवाने को कहा। थाने में खड़े वाहनों की नीलामी के आदेश दिए। जर्जर हो चुकी बिल्डिंग को सही कराने पर जोर दिया। एएसपी ने करीब 2 घंटे तक निरीक्षण किया, जिसमें शौचालय, भोजनालय, आरक्षी आवासों को भी देखा। एएसपी ने कहा कि मालखाने में शराब के मामलों में काफी जखीरा बंद पड़ा है। उसे कोर्ट से आदेश लेकर निस्तारण कराए। पेंडिंग मामले न रखें जाएं। थाने पर आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार किया जाए। इस दौरान एएसपी को कुछेक खामियां भी मिलीं, उन्हें भी सही कराने के लिए मातहतों को हिदायत दी है। मछरेहटा एसओ राम राघव सिंह को निर्देशित किया है। थाने में बनाए जा रहे बैठक रूम को देखकर प्रशंसा भी की। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ये उनका वार्षिक निरीक्षण था। जिसे वह अगले दो दिन में पूरा कर लेंगे।

# पेज एक का शेष

## आबकारी नीति...

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने आशंका जताई थी कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं कई बार जेल जा सकता हूं और मुझे उसका कोई डर नहीं है। जब मैंने एक पत्रकार के रूप में अपनी नौकरी छोड़ी थी, तब मेरी पत्नी ने मेरा साथ दिया और आज भी, मेरा परिवार मेरे साथ खड़ा है। यदि मुझे गिरफ्तार किया जाता है तो मेरे कार्यकर्ता मेरे परिवार की देखभाल करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने आबकारी नीति के विभिन्न पहलुओं, दिनेश अरोड़ा और अन्य आरोपियों के साथ उनके कथित संबंधों और कई फोन से संदेशों के आदान-प्रदान के विवरण सहित अन्य मुद्दों पर मंत्री से पूछताछ की। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि यह महसूस किया गया कि सिसोदिया से गहन पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया जाना आवश्यक है। किसी भी तरह के विरोध या कानून व्यवस्था की समस्या से बचने के लिए आम लोगों व मीडिया कर्मियों को सीबीआई मुख्यालय से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्कोप कॉम्प्लेक्स गेट पर ही रोक दिया गया था।

## गिरफ्तारी से....

छह कैबिनेट मंत्री हैं जिनमें जेल में बंद सत्येंद्र जैन भी शामिल हैं। जैन अब भी बिना किसी विभाग के मंत्री हैं। जैन को प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

## एक-एक...

के खिलाफ इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। इनमें तत्कालीन एक्साइज कमिश्नर समेत तीन अफसर, दो कंपनियां और नौ कारोबारी शामिल थे। लेकिन, मामले का अहम किरदार दिनेश अरोड़ा सरकारी गवाह बन गया। इस रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना के समय शराब विक्रेताओं ने लाइसेंस शुल्क माफी के लिए दिल्ली सरकार से संपर्क किया था। सरकार ने 28 दिसंबर से 27 जनवरी तक लाइसेंस शुल्क में 24.02 प्रतिशत की छूट दे दी थी। इससे सरकारी खजाने को 144.36 करोड़ रुपए की चपत लगी। मालूम हो कि मई 2020 में दिल्ली सरकार विधानसभा में नई शराब नीति लेकर आई थी, जिसे नवंबर 2021 से लागू कर दिया गया। इसे लागू करते समय तर्क दिया गया था कि दिल्ली में शराब माफिया पर अंकुश लगेगा और सरकार का राजस्व बढ़ेगा। यही नहीं, हर वार्ड में शराब की दुकानें खोलने का प्रावधान इसमें था ताकि लोगों को शराब खरीदने में दिक्कत न हो। जुलाई 2022 में इस नीति में दिल्ली सरकार विशेष कर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पूरे मामले की जांच की बात कही। वहीं विपक्षी दल भाजपा ने केजरीवाल सरकार पर नए टेंडर के बाद गलत तरीके से शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ माफ करने के आरोप लगाए। अब तक इस मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी कविता से भी पूछताछ हो चुकी है और कविता के पूर्व सीए को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## कांग्रेस महाधिवेशन...

एकजुटता की जरूरत पर जोर दिया और स्पष्ट रूप से यह संकेत भी दिया कि वह भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब अरुणाचल प्रदेश से गुजरात के बीच यात्रा निकाल सकती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस के महाधिवेशन से अडाणी समूह के मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखे प्रहार किए और यह भी कहा कि जब तक इस प्रकरण की सच्चाई सामने नहीं आ जाती, तब तक उनकी पार्टी सवाल उठाते रहेगी। महाधिवेशन के आखिरी दिन कांग्रेस ने कृषि, सामाजिक न्याय और युवा मामलों संबंधी तीन प्रस्ताव भी पारित किए। पार्टी ने यहां महाधिवेशन में जारी संकल्प पत्र रायपुर की हुंकार में कहा कि छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना विधानसभा चुनावों के नतीजे 2024 के लोकसभा चुनाव की दिशा तय करेंगे। मुख्य विपक्षी दल ने कहा, इस वर्ष कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिज़ोरम, राजस्थान और तेलंगाना में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव होंगे। हमारी जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को अनुशासन, एकजुटता और पूरी एकता के साथ काम करना चाहिए।

## दुनिया माने...

के साथ हर घर तिरंगा आंदोलन शुरू किया गया था और देश में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां भारतीय ध्वज नहीं फहराया जा सकता। कश्मीर के कुछ इलाकों को आतंकवाद प्रभावित बताए जाने के कांग्रेस नेता के बयान पर पात्रा ने निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय तिरंगा अब वहां भी देखा जा सकता है। पात्रा ने यह भी कहा कि गांधी को इस पर टिप्पणी करना बंद कर देना चाहिए कि कौन कमजोर है और कौन मजबूत। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पाकिस्तान को कमजोर देश के रूप में संदर्भित कर रही है जबकि यह एक आतंकवादी देश है और उसने भारत में आतंकवादियों को भेजा है और तबाही मचाई है। उन्होंने कहा, जहां तक भारत की संप्रभुता का सवाल है, आज मोदी के नेतृत्व में भारत एक सक्षम देश है, जिसमें सेना को खुली छूट है।

## मूसेवाला हत्या...

के अंदर झड़प के दौरान बर्तनों और लोहे की छड़ों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि केशव को भी सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था।

## खालिस्तान समर्थकों...

समर्थन दे रहे हैं। सिंह प्रकरण के बाद राज्य में लगे खालिस्तान समर्थक नारों के बारे में पूछे जाने पर मान ने कहा, क्या आपको लगता है कि 1,000 लोग (जिन्हें खालिस्तान समर्थक नारे लगाते देखा गया है) पूरे पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं? आप पंजाब आइए और खुद देखिए कि कौन ऐसे नारे लगा रहे हैं? गुजरात के भावनगर शहर में एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मान ने कहा, इसके पीछे मुट्ठी भर लोग ही हैं जो पाकिस्तान और दूसरे देशों से मिलने वाली राशि से अपनी दुकान चलाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राजस्थान, हालांकि पाकिस्तान के साथ एक बड़ी सीमा साझा करता है, फिर भी ड्रोन (पाकिस्तान से भेजे गए) पंजाब में ही क्यों आते हैं, राजस्थान में क्यों नहीं? क्योंकि उनके (खालिस्तानी तत्वों के) आका वहां (पाकिस्तान में) बैठे हैं और वे पंजाब को परेशान करना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने देंगे।

## आतंकियों ने...

दूरी पर नजदीक से गोली चलाई गई, जो उनके सीने में लगी। उन्होंने बताया कि राहगीर उन्हें एक अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके सहकर्मियों ने कहा कि कश्मीरी पंडित समुदाय के सदस्यों पर पूर्व में हुए हमलों के बाद से वह रात की ड्यूटी पर नहीं जा रहे थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हत्या की निंदा की और कहा कि उनके प्रशासन ने आतंकवादियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी है। उन्होंने यहां एक बयान में कहा, शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। प्रशासन को आतंकवादियों से निपटने के लिए खुली छूट दी गई है और हम आतंकवाद की इस तरह की हरकतों का मुकाबला करना जारी रखेंगे। कश्मीर जोन की पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, आतंकवादियों ने पुलवामा में अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एवं अचन इलाके के निवासी काशीनाथ शर्मा के बेटे संजय शर्मा पर उस वक्त गोली चलाई, जब वह स्थानीय बाजार जा रहे थे। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी), दक्षिण कश्मीर क्षेत्र, रईस भट्ट ने कहा कि यह एक सुनियोजित हमला था। उन्होंने बताया कि घटना वाले गांव में सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा, हमने यहां भी सुरक्षा इंतजाम किए हैं। किन परिस्थितियों में यह हमला हुआ, वह जांच का विषय है। हम जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्वाई करेंगे। डीआईजी ने कहा, इस अपराध में संलिप्त आतंकवादियों का जल्द पता लगा लिया जाएगा और मार गिराया जाएगा...हम आतंकवादियों को उनके नापाक मंसूबों में सफल नहीं होने देंगे। इस साल कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य पर हुआ यह पहला हमला है।

## केरल के...

संकलित आंकड़ों के अनुसार, बंदी हाथियों ने 15 साल की लंबी अवधि में केरल में 526 लोगों को मार डाला है। लगभग 40 वर्षों से कैद थेचिकट्टूकावु रामचंद्रन नामक हाथी केरल के उत्सव सर्किट में सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले हाथियों में से एक है।

# संरा के सतत विकास लक्ष्यों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का चित्रकूट में हुआ शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट

**संयुक्त** राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्य नो पावर्टी एवं अच्छा स्वास्थ्य एवं जीवन स्तर पर चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित द्वितीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ रविवार को दीनदयाल परिसर के लोहिया सभागार में राष्ट्रीय बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के चेयरमैन श्री प्रियंक कानूनगो, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ भरत मिश्रा, पदमश्री उमाशंकर पांडेय तथा दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव श्री अतुल जैन, सेमिनार के संयोजक श्री बसंत पंडित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सेमिनार के संयोजक वसंत पंडित ने बताया कि 1968 में भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान (डीआरआई) ने चित्रकूट में पानी की कमी, आदिवासी बहुल और दूरदराज के इलाकों में संघर्ष मुक्त और आत्मनिर्भर गांवों के लिए अपने दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया है। संस्थान की परियोजनाएं और उसके कार्य विशेष रूप से कृषि, जलवायु अनुकूल कृषि/ बागिकी, आय सृजन और वित्तीय स्थिरता, जल और स्वच्छता, स्वास्थ्य और ज्ञान सह-निर्माण पर केंद्रित हैं और इन्हें बीड और गोंडा में सक्रिय रूप से दोहराया जा रहा है।

तकनीकी सत्र एसडीजी-एक के लक्ष्य 'गरीबी की पूर्णत: समाप्ति' में सेंटर फॉर ग्लोबल गवर्नेंस एंड पॉलिसी के कार्यकारी निदेशक प्रो0 रामास्वामी सुदर्शन, ग्लोबल यूनिवर्सिटी, मिस ह्यून ही बान के चीफ ऑफ सोशल पॉलिसी यूनिसेफ इंडिया ओ पी जिंदल, ग्लोबल मैनेजिंग डायरेक्टर थिंक कंसल्टिंग पारुल सोनी, संधु-एक्स यूनिसेफ एडवाइजर कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस तेजिंदर सिंह, डीडीजी यूआईडीएआई के लेफ्टिनेंट कर्नल प्रशांत कुमार सिंह, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट लखनऊ के सीनियर रिसर्च एसोसिएट डॉ चंद्रमोहन मिश्रा, इंटरनेशनल रिसर्च एडवाइजर एट द यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के डॉ राजीव ठाकुर आदि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों व वक्ताओं ने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में बाल गरीबी में कमी और बाल अधिकार, आय में गरीबी पर ध्यान केंद्रित करने की सीमाएं। गरीबी को उसके सभी आयामों में समाप्त करना विशेषकर बालिकाओं के लिए दृष्टिकोण, आर्थिक सुधारों के संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना, आदि प्रमुख विषयों पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया।

इसके अलावा एसडीजी -तीन 'अच्छा स्वास्थ्य और जीवनस्तर' सत्र में मेडिकल डायरेक्टर एमपी बिरला ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल सतना डॉ संजय माहेश्वरी, आईआईएचएमआर दिल्ली के डॉ सतीश कुमार, कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज के एडवाइजर एंड चीफ मेंटर डॉ सूरज कुमार, एग्जीक्यूटिव टू द चीफ मिनिस्टर ऑफ आंध्र प्रदेश समीर शर्मा, चकमा-साइंटिस्ट जी नेशनल इंस्टीट्यूट आफ रिसर्च इन ट्राईबल हेल्थ डॉ तापस, हेड आईईसी डिविजन अफ्रीकन एशियन रूरल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन डॉ संजीव बहरा आदि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों को शेयर किया।

## किसान की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या

**फतेहपुर।** किसान की कुल्हाड़ी से शुक्रवार रात काटकर हत्या कर दी गई। थरियांव सीओ डीसी मिश्रा, एसओ समेत कई थानों की फोर्स मौके पर जांच करने पहुंची है। पुलिस वारदात के पीछे लूट और रंजिश के बिंदुओं पर जांच कर रही है। वारदात थरियांव थाना क्षेत्र के तलकापुर गांव की है। गांव के छत्रपाल पासवान (65) खेत में नलकूप और घर बनाए हुए थे। खेत की रखवाली के लिए रहते थे। उनके छोटे बेटे श्याम बाबू ने बताया कि वह रात को पिता को घर से खाना देने आया था। इसके बाद चला गया था। उनके नलकूप से पानी लगाने के लिए सुबह गांव के श्यामलाल पिता के पास पहुंचे। तभी पिता का शव देखकर सूचना दी। पिता का शव रक्तरंजित कुल्हाड़ी पड़ी थी। पिता के गले से सोने का लाकेट, अंगूठी, एंड्रायड मोबाइल गायब है। इससे लूट के चलते हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। परिजनों ने रंजिश के चलते भी हत्या का शक जताया है। फोरेंसिक टीम मौके पर साक्ष्य संकलन के लिए पहुंची है। एएसपी ने बताया कि जांच की जा रही है। मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# पुलिस ने पकड़े ज़हरखुरानी गिरोह के चार सदस्य, दो साथी चकमा देकर फरार

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**पुलिस** ने आज अंतरजनपदीय जहर खुरानी लूटपाट करने वाले गिरोह के चार कुख्यात सदस्यों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया जबकि इनके दो साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फर्रुखाबाद शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला व उप निरीक्षक अमित कुमार शर्मा के साथ एसओ जी टीम प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार तथा सर्वि लांस टीम प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश भाटी ने अपने दल बल के साथ रविवार तड़के करीब 4.30 बजे फर्रुखाबाद रोडवेज बस अड्डा शिव मंदिर के पास की गई नाकेबंदी के दौरान,मैनपुरी जिले के थाना वेवर के अठलकडा के हाल निवासी एवं फरुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली एवं कस्बा राजीव नगर निवासी सौरभ शुक्ला उर्फ मदनू एव जनपद फरीदाबाद के थाना धौज केरावल मोड, खोड़ी,के हाल निवासी एवं कन्नौज जिले के थाना छिबरा मऊ के ग्राम ढिपारी निवासी दलवीर शाक्यएव कन्नौज जिले के छिबरामऊ थाना के नगला बंटी निवासी संजय उर्फ पीपी तथा मैनपुरी जिले के बेवर थाना के नरायनपुर निवासी जीतू चौहान उर्फ विपिन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । इस दौरान इनके दो साथी जनपद अलीगढ़ के महावीर नगर, निवासी सतीश शर्मा एवं मैनपुरी जिले के बैरगपुर निवासी नरेन्द्र शाक्य पुलिस को चकमा देकर मौके से भागने में सफल हो गए।

**●जहरखुरानों के पास से मोबाइल, नशीले बिस्कुट, गोलियां, आदि किए बरामद**

यहां पकड़े गए कुख्यात जहरखुरानी लुटेरे बदमाशों ने पुलिस के समक्ष शहर कोतवाली में 9 फरवरी 2013 को शमशाबाद थाना चोखंडा निवासिनी महिला को नशीला पदार्थ देकर 5000 की नकदी व झुमकी सोने की अंगूठी साज सामान तथा 25 फरवरी 2023 को शहर कोतवाली क्षेत्र में फरीदपुर निवासी एक युवक को नशीली चाय पिलाकर तेरह हजार की नकदी आदि सामान लूटपाट करना स्वीकार किया।

# अवैध हथियारों के साथ चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो बाइक भी बरामद

**माधौगढ़,** जालौन। सर्दियों की रातों में अचानक चोरी की घटनाओं से परेशान पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने पुलिस की कई टीमों को इन घटनाओं को अनावरण करने के लिए लगाया। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी और सीओ रविन्द्र गौतम के निर्देशन में माधौगढ़ पुलिस को भारी सफलता मिली। लूट की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे, चार शातिर अंतरराज्यीय बदमाशों को पिस्टल, कारतूस, तमंचा और मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से दो चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

घटना का खुलासा करते हुए सीओ रविंद्र कुमार गौतम ने इनके आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी दी। जिससे स्पष्ट है कि दो साल में इन शातिर चोरों के खिलाफ दस अपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस टीम ने रानू उर्फधर्मेंद्र सिंह पुत्र भिखारीलाल, धर्मेंद्र सिंह उर्फ डीके पुत्र राम सिंह कुशवाहा, मनीष कुमार पुत्र रामजीवन निवासीगढ़ कुरौंती थाना माधौगढ़ व राहुल कुशवाहा पुत्र दारा सिंह निवासी ररी थाना मिहोना जनपद भिंड मप्र को 9 मोबाइल फोन, निकॉन कंपनी का कैमरा, सात चांदी के सिक्के, सात गाय की मूर्तियां, दो जोड़ी पायल,12 बिछिया, एक चांदी का दीपक, चांदी का तार, दो चोरी की मोटरसाइकिल, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, पांच खोका 315 बोर,एक पिस्टल 32 बोर, दो मैगजीन, दो कारतूस 32 बोर, धर्मेंद्र उर्फ डीके से 380 ग्राम चरस व मनीष के कब्जे से 290 ग्राम चरस बरामद कर की गई।

## मन की शुद्धि का साधन है भागवत कथा : पुनीत मिश्र

**पुखरायां,** कानपुर देहात। मूसानगर में विद्यासागर त्रिपाठी के आवास के सामने जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिन महा आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। कथा वाचक पनीत मिश्र ने कथा के दौरान परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र का मनोरम ढंग से वर्णन किया। सुदामा चरित्र का वर्णन अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण ढंग से किया गया। जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। सुदामा चरित्र के माध्यम से लोगों को नि:स्वार्थ भाव से मित्रता निभाने का संदेश दिया गया। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत संपूर्ण सिद्धांतों का निष्कर्ष है। भागवत कथा को सुनने से जन्म-मृत्यु के भय का नाश होता है। यह ग्रंथ भक्ति के प्रवाह को बढ़ाता है। भगवान श्रीकृष्ण को प्रसन्न करने का यह प्रधान साधन है।

# पोषक अनाज प्रदर्शनी का मंत्री ने किया शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट।

**भारत** रत्न नानाजी देशमुख की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चित्रकूट के दीनदयाल परिसर में कृषक कार्यशाला एवं पोषक अनाज प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार को कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री मध्य प्रदेश शासन कमल पटेल एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, पदमश्री जल योद्धा उमा शंकर पांडेय, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद खंडवा ज्ञानेश्वर पाटिल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ यूएस गौतम, डॉ एके सिंह, डॉ प्रभात कुमार, सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा, डॉ एसआरके सिंह डायरेक्टर अटारी जबलपुर, डॉ शांतनु दुबे डायरेक्टर अटारी कानपुर, डॉ सारिका मिश्रा वायोबर्सिटी इंटरनेशनल द्वारा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा के



समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रामखेलावन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राकृतिक खेती के साथ प्रकृति एवं पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए कैसे हम जल, जंगल, जमीन और जानवरों का संरक्षण एवं सम्वर्धन कर सकते हैं, यह आज सभी के लिए महत्वपूर्ण विषय है। आज गेहूं, चावल सस्ते हैं परंतु मोटे अनाज महंगे और यह हमारे स्वास्थ्य के लिए अति महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक खेती आज की महती आवश्यकता है क्योंकि रासायनिक खाद एवं उर्वरकों से तथा आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम अपने प्राकृतिक संपदाओं को नष्ट कर रहे हैं। हमें प्राकृतिक खेती की ओर पुन: लौटना होगा।

कृषि मंत्री कमल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने लिए तो सब जीते हैं परंतु दूसरों के लिए जीना श्रेष्ठ है। यह हम सबको सिखाने वाले हम सबके पथ प्रदर्शक, प्रेरणा स्रोत भारत माता के सच्चे सपूत राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख को शत शत नमन एवं वंदन। दुनिया के सभी देशों में भारत देश सर्वश्रेष्ठ है। पर्वत एवं वन संपदा से भरपूर यहां की मिट्टी उपजाऊ है। देश में सभी सम्पदाएं परिपूर्ण हैं, आवश्यकता इसके समुचित सदुपयोग की है।

# भाजपा नेता ने सीएम योगी से मिलकर सौंपा सरकार की छवि खराब कर रहे अफसरों का चिट्ठा



**चित्रकूट।** चित्रकूट इण्टर कालेज के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान ने लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले की प्रमुख समस्याओं की जानकारी देते हुए सीएम योगी से इनका निराकरण कराने की मांग की। डा रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि उन्होंने लखनऊ जाकर हिन्दू हृदय सम्राट से मुलाकात कर चित्रकूट के विकास और यहां की प्रमुख समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी। साथ ही बजट में पूरे बुन्देलखण्ड समेत चित्रकूट का विशेष ख्याल रखने के लिए धन्यवाद भी दिया। उन्होंने बताया कि चित्रकूट को विश्व स्तरीय पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने के अलावा यहां के एयरपोर्ट, टाइगर रिजर्व को जल्द शुरू करने के साथ पहाड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित डिफेंस कारिडोर की स्थापना के लिए चल रहे प्रयासों को गति प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिले में कुछ अधिकारी जनहित कार्यों को लेकर उदासीनता बरतते हुए जानबूझकर प्रदेश सरकार की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों को चिन्हित करके जिले से बाहर भेजने की मांग भी की गई है। इसी प्रकार अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भी गरीब और मध्यम वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए काम करने के निर्देश पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को दिए जाने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि सभी बिंदुओं को गम्भीरतापूर्वक सुनने और चर्चा के बाद सीएम योगी ने सकारात्मक रूख दिखाते हुए प्राथमिकता के साथ विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं जन समस्या निस्तारण को प्राथमिकता पर रखने के प्रति आश्वस्त किया है।

# जोरदार विरोध प्रदर्शन के चलते नहीं मिली स्वामी प्रसाद मौर्य को आने की अनुमति

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

**श्रीरामचरितमानस** पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी की मांग संत शिरोमणि तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर में लगातार चल रही थी। इसी बीच रविवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के आने की खबर सुनकर लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने राजापुर यमुना पुल मार्ग में लामबन्द होकर कई घंटों तक विरोध प्रदर्शन किया। वहीं विरोध को देखते हुए प्रशासन ने स्वामी प्रसाद मौर्य को चित्रकूट आने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान राजापुर तथा सरधुआ थानों के प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

बताते चलें कि जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने करोड़ों हिन्दुओं की आस्था की केंद्र श्रीरामचरितमानस जैसे ग्रन्थ पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिस पर राजापुर क्षेत्र के जनमानस में एक आक्रोश की भावना पैदा हो गई थी। तभी 24 जनवरी को नगर के तमाम लोगों ने थाना पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग करते रहे। जब मुकदमा



दर्ज नहीं हुआ तो लोगों ने राजापुर तहसील के प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए एफआईआर दर्ज कराने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद लगभग 9बजे की रात स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तभी से स्वामी प्रसाद मौर्य के गिरफ्तारी की मांग चल रही है। रविवार को स्वामी प्रसाद मौर्य के चित्रकूट जिला मुख्यालय स्थित पटेल उत्सव भवन में आयोजित राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आने की खबर मिली थी। जिस पर समाजसेवी अनुज शुक्ला व सुनील मिश्रा की अगुआई में लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने राजापुर यमुना पुल तथा तुलसी चौक के पास विरोध प्रदर्शन करने के लिए सुबह से ही इकट्ठा हुए थे। वहीं कर्वी में व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में सैकडों युवाओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के चित्र पर टमाटर फेंक कर विरोध जताया।

# बुन्देलखंड को सूखे से बचाने के लिये शासन की पहल, मांगी कार्ययोजना

**हमीरपुर।** बुन्देलखंड में शासन ने पहली मर्तवा सूखा से निपटने के लिये हरेक जिले से परियोजनाएं तैयार कर प्रस्ताव मागे है, ताकि बुन्देलखंड को हमेशा के लिये सूखा जैसी आपदा छुटकारा मिल सके। भेजी गयी परियोजनाओं को राज्य आपदा मोचक निधि से बजट आवंटित किया जायेगा। इसके लिये संबंधित एक दर्जन विभागों को सूचित कर दिया गया है। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय ने आज बताया कि बुन्देलखंड में हर साल बाढ़ व सूखा जैसी दैवीय आपदाएं आने से इस क्षेत्र का विकास पूरी तरह अवरुद्ध होता जा रहा है। यहां न केवल जन धन की हानि होती है बल्कि बुन्देलखंड से लगातार लोगों का पलायन जारी है। जन प्रतिनिधियों द्वारा हर साल सरकार से इस आपदा से निपटने के लिये मांग की जा रही थी लिहाजा शासन ने पहली मर्तवा सूखा न्यूनीकरण के तहत परियोजनाएं बनाने के लिये कहा है। शासन का मानना है कि यदि बुंदेलखंड मे बड़े बडे तालाब, व बड़े स्तर पर बरसात का जल रोक कर कोई परियोजना तैयार की जाये तो सूखा जैसी विभीषिका से बचा जा सकता है। हालाकि शासन ने जिले में सात ब्लाक में पांच ब्लाक डार्क जोन यानी सेमी क्रिटिकल घोषित कर दिया है, शासन ने इन सभी विन्दुओ को ध्यान में रखते हुये नयी परियोजना तैयार करने को कहा है। बुन्देलखंड में सूखा में सबसे ज्यादा भयावह स्थिति चित्रकूट,बांदा व महोबा की बतायी जाती है। शासन ने परियोजना बनाकर राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ बनाकर भेजने के आदेश हर एक जिलाधिकारी को दिये हैं।

**● अधिकारियों के साथ 1 मार्च को होगी महत्वपूर्ण बैठक**

**● वाटर रिचार्जिंग के साथ नदियों का गठजोड़ आवश्यक**


# मित्रता भाव से रामराज्य का सपना होगा साकार : गोविन्द दास

**●सातवें दिन तुलसी जन्मस्थली पर पहुंची 84 कोसी वृहद परिक्रमा**

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

**हर** वर्ष की भांति श्री चित्रकूट धाम की 84 कोसी वृहद परिक्रमा रविवार को तुलसी जन्मस्थली के तुलसी घाट पर मां कालिन्दी की पूजा अर्चना के बाद महात्माओं ने रात विश्राम किया। सन्त महात्माओं द्वारा रामनाम संकीर्तन करते रहे और फाल्गुन अमावस्या से भरतकूप तीर्थक्षेत्र से वृहद चौरासी कोशी परिक्रमा प्रारम्भ किया गया और चैत्र की अमावस्या में जानकीकुण्ड में वृहद समापन किया जाएगा।

चौरासी कोशी परिक्रमा के महन्त गोविन्द दास जी महाराज (श्री भगवत आराधना आश्रम, जानकीकुंड, चित्रकूट-सतना) ने बताया कि चित्रकूट जनपद के अलावा बाँदा, सतना, छतरपुर व पन्ना जिलों के तीर्थक्षेत्रों का भ्रमण किया जाता है। इस



परिक्रमा का मुख्य उद्देश्य अहिंसा परमो धर्म: के आधार पर जीवों की रक्षा करते हुए शुद्ध शाकाहारी बनकर अपने विचारों में जनमानस को शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि यदि रामराज्य के सपने को साकार करना है तो समाज को मित्रता का भाव अपनाकर रामराज्य के सपने को साकार किया जा सकता है और समाज को नशामुक्ति का सन्देश देना है। नशे से समाज व परिवार तथा धर्म का नाश होता है और लोग अपने धर्म के कर्तव्यों से विमुख होकर समाज मे कलह पैदा करते हैं। परिक्रमा के माध्यम से सन्त महात्माओं के द्वारा इन बुराइयों को समाज से दूर करने का सन्देश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में 14 कोशी परिक्रमा किया जाता था लेकिन बिंद पर्वत क्षेत्र के अन्तगर्त बहुत से ऐसे तीर्थस्थल हैं जिनका आज तक विकास नहीं हुआ, उन क्षेत्रों को जानने के लिए 84 कोशी वृहद परिक्रमा की शुरुआत 2008 में की गई थी जो प्रतिवर्ष होती चली आ रही है। उन क्षेत्रों के विकास के लिए समाज व सरकार के माध्यम से विकसित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के सुरसेन, सरधुआ, अर्की, भदेहदू तथा यमुना और पैश्वनी के संगम तट पर समस्त साधु संतों ने संगम स्नान कर ध्यान, पूजा अर्चना, तप तपस्या कर सोमवार को परमहँस आश्रम चनहट, हरदौली, डेढ़िया, देहुरुच माफी, पैकौरा माफी, वाल्मीकि आश्रम लालापुर में यात्रा रात विश्राम करेगी।

## चित्रकूट में हुआ राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन

**चित्रकूट।** मुख्यालय के प्रयागराज रोड स्थित पटेल उत्सव भवन में राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन किया गया। महासम्मेलन में हजारों की संख्या में बौद्ध धर्म को मानने वाले और डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों को मानने वाले लोग शामिल हुए। महासम्मेलन के मुख्य संरक्षक मान सिंह पटेल अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा पूरे विश्व सहित भारत में अनेक धर्म संप्रदाय और मजहब के लोग निवास करते हैं और सब लोगों की अपनी-अपनी धार्मिक मान्यताएं हैं। लेकिन बौद्ध धर्म के अनुयाई और मानने वाले लोग विश्व के सर्वाधिक देशों में निवास करते हैं। बौद्ध धर्म एक ऐसा धर्म है जो समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की बात करता है। पंचशील सिद्धांतों के माध्यम से भगवान बुद्ध मनुष्य को मनुष्य बनाने के लिए अनेक बातें बताई हैं। बौद्ध धर्म सत्य अहिंसा विश्व बंधुत्व और भाईचारा सिखाता है।

# सामाजिक जागरूकता अभियान चलायेगी यादव महासभा : ब्रजराज



**उरई,** जालौन। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के नये जिलाध्यक्ष ब्रजराज सिंह यादव रिछारा ने आज जनपद में सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने और समाज को आर्थिक रूप से संपन्न करने और तकनीकी कृषि एवं लघु उद्योगों के लिए प्रेरित करने के साथ ही अहीर रेजीमेंट और जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का ऐलान किया है। स्थानीय कृष्णाधाम में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष ब्रजराज सिंह यादव रिछारा ने यादव महासभा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। संगठन के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी अखिलेश यादव, साहब सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह यादव के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में अपनी प्राथमिकताओं को गिनाया। कार्यकारिणी में भारत सिंह यादव को महासचिव बनाया गया है। मुलायम सिंह यादव माधौगढ़ अध्यक्ष, दीपू यादव, देवेन्द्र यादव, पवन यादव, रामशिवपद यादव को सचिव, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव जबकि ब्रम्हासिंह व कल्लू यादव को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष श्री रिछारा ने स्पष्ट किया कि यादव महासभा अहीर रेजीमेंट और जातिगत जनगणना को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर होने वाले आंदोलनों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेगी और जनपद में सामाजिक कुरीतियों के खात्मे के लिए मार्च, अप्रैल, माई में गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

## क्विक न्यूज

### दुकान से लाखों का इलेक्ट्रानिक का सामान चोरी

**मौदहा,** हमीरपुर। इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से हजारों रुपए का सामान व नगदी चोरी होने से पड़ोसी दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र कम्हरिया गांव में इलेक्ट्रॉनिक दुकान के दुकानदार संतोष कुमार ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने मेरी दुकान में टीवी रिपेयरिंग व टायर ट्यूब आदि सामग्री जिसकी लागत लगभग बीस हजार से अधिक व बिक्री के नगदी दस हजार रुपये रखे थे जिसको चोरों ने गुमटी के पिछले हिस्से की ओर से टीन काटकर ले गए। दुकानदार ने सुबह अपनी दुकान पर गया तो वह दहशत में आ गया, इस संबंध में कोतवाली प्रभारी हेमन्त कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

### झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से युवक मरणासन्न

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। नीम हकीमों झोलाछाप डॉक्टरों का जाल बिछ गया है। इनके इलाज से आए दिन किसी न किसी मरीज की जान जोखिम में पड़ती जा रही है। आज झोलाछाप के इलाज से मरीज युवक की हालत मरणासन्न अवस्था में पहुंच गई। घबराए युवक के परिजन उसे लेकर कायमगंज सीएससी पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी संजीव 34 वर्ष पुत्र सतीश चंद्र काफी लंबे समय से बीमार चल रहा था। जिसका इलाज आगरा से हो रहा था। अभी लगभग 15 दिन पूर्व उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर फर्रुखाबाद के डॉक्टर जितेंद्र कटियार के अस्पताल पहुंचे। जहां थाना कंपिल क्षेत्र के ग्राम कटिया निवासी झोलाछाप डॉक्टर शान उन्हें मिला और उसने कहा कि हम तुम्हारा इलाज घर पर ही कर देंगे। बेचारे भोले भाले संजीव के परिजन उसकी बातों में आ गए।

### ट्रैक्टर से जबरन किसान की फसल नष्ट कर दी

**राठ।** दबंगो ने किसान के खेत में ट्रैक्टर चलाकर जबरन फसल नष्ट कर दी है। पीड़ित किसान ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कुर्रा गांव निवासी प्रदीप कुशवाहा ने बताया कि शुक्रवार को उसका ट्रैक्टर खेत पर कृषि कार्य के लिए गया था। गांव के तीन सगे भाई अपने एक साथी के साथ खेत पर आए और उसका ट्रैक्टर जबरन ले गए। लोगों ने ट्रैक्टर से खेत में खड़ी फसल को नष्ट कर दिया। इसके बाद वह झूठी शिकायत करने कोतवाली चले गए। जब सच्चाई का पता चला तो उक्त लोगों ने ही उसकी फसल नष्ट की है। लोगों ने ट्रैक्टर के चारों टायर नष्ट कर दिए। इससे करीब साठ हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े चार लाख की ठगी

**फतेहपुर।** नौकरी का झांसा देकर किसान से साढ़े चार लाख रुपये की ठगी की गई। मामले की कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक महिला और उसके साथी के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मटियारा गांव निवासी रमेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि पड़ोसी गांव जमरावां के रहने वाले सरवन से मित्रता है। गांव में ही सरवन किराने की दुकान चलाता है। अप्रैल 2022 में सरवन ने उसके पौत्र आदित्य की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने की बात कही। नौकरी के एवज में पांच लाख रुपये की मांग की। धीरे-धीरे रुपये लेनदेन करने की बात तय हुई। सरवन ने किसी महिला से नौकरी के संबंध में मोबाइल पर बातचीत कराई। महिला ने अपना परिचय में सीएमओ होना बताया। महिला ने सरवन को रुपये देने पर 10 दिन में ज्वाइनिंग का भरोसा दिया। नौकरी के लालच में ढाई लाख रुपये का लोन कराया। बाकी उधार रुपये लेकर चार लाख 45 हजार 500 रुपये सरवन को मई माह में दिए। इसके बाद भी पौत्र की नौकरी नहीं लगी। सरवन बोला कि सीएमओ रुपये वापस नहीं करेगी। धीरे-धीरे टरकाता रहा। उसने 16 दिसंबर 2022 को रुपये देने से इन्कार कर दिया।

### ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**जालौन।** अतिरिक्त दहेज के रूप में कार न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीटकर घर से निकाला। बिना कार के वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी शिवांगी तिवारी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने जनवरी 2020 में उसकी शादी जनपद औरैया के विधूना निवासी प्रभात तिवारी उर्फशिवम के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर की थी। शादी के कुछ दिन तक तो सब ठीक रहा। इसके बाद पति प्रभात, सास मनोज, देवर दीपक, ननद ज्योतिस्रा व ननदोई हमांशु ने अतिरिक्त दहेज के रूप में कार की मांग शुरू कर दी। उसके पिता ने शादी में ही काफी रुपये खर्च किए थे। उनकी हैसियत इतनी नहीं थी कि शादी के बाद कार की मांग को पूरा कर सकें। जिसको लेकर ससुरालियों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पिता व रिश्तेदारों ने कई बार उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन उनकी आदतों में सुधार नहीं हुआ। उल्टा उनकी प्रताड़ना बढ़ती रही।

### आयुर्वेद में कैंसर, लिवर व किडनी फेल का इलाज संभव

लखनऊ। कैंसर, लिवर फेलए किडनी फेल और थैलेसीमिया का इलाज आयुर्वेद से पूरी तरह संभव है। यह बातें हॉस्पिटल एंड इंस्टीट्यूट ऑफइंटीग्रेटेड मेडिकल साइंसेज की डॉक्टर नेहा ने 26 फरवरी को हिम्स लखनऊ में कहीं। हिम्स आयुर्वेद के प्रचार.प्रसार के लिए निरंतर सक्रिय हैं और लोगों को अपनी पुरानी विरासत से जागरूक कर निरोग काया का मंत्र दे रहे है। हिम्स लखनऊ में की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर नेहा ने बताया कि हिम्स में शरीर की अंदरूनी शक्ति बढ़ाकर किडनीए कैंसर, लिवर,ए शुगर, बीपी और दिल के रोगों को रिवर्स करने पर जोर दिया जाता है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर नेहा, डॉक्टर अभिषेक, डॉक्टर प्रियंका और हिम्स लखनऊ के मरीज़ शामिल थे। संबोधन के अवसर पर डॉक्टर नेहा ने कहा, विभिन्न अस्पतालों में बहुत समय और पैसा खर्च करने के बाद विभिन्न डायलिसिस रोगी हमारे अस्पताल में आते हैं। हिम्स में हमारी टीम उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करती है और हमने अपने कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को कुछ महीनों के भीतर ही पूरी तरह से ठीक किया है।

### आगामी त्योहारों को लेकर अधिकारी हुए सख्त

**खागा, फतेहपुर।** तहसील क्षेत्र के किशनपुर, धाता व सुल्तानपुर घोष में एसडीएम मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी संजय कुमार व तहसीलदार ईवेंद्र कुमार ने अलग अलग थानों में पहुंचकर आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। जिसमें शांत पूर्ण त्योहार मनाये जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा कर अपील की। खागा तहसील क्षेत्र थाना धाता व किशनपुर में उपजिलाधिकारी मनीष कुमार व क्षेत्राधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में होली त्योहार व सबे बारात को लेकर बैठक करते हुए बताया कि होली हुरदंग का त्योहार है लेकिन सभी लोग त्योहारों को त्योहार की तरह शांत पूर्वक मनाए और रंग खेलें। बताया कि डीजे साउंड मात्र एक साउंड ही बजाया जाए और डीजे पर अश्लील गानों को न बजाए। किशनपुर थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शाही ने कहा कि त्यौहार के दिन शराब पीकर बवाल मचाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नेपाल में प्रचंड नीत सरकार से अब आरपीपी समर्थन वापस लेगा

## गठबंधन सरकार का हिस्सा रहे आरपीपी के चार मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सौपा

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** में सात पार्टियों के सत्तारूढ़ गठबंधन में एक प्रमुख भागीदार राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (पीपीपी) ने राजनीतिक समीकरण में बदलाव का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। गठबंधन सरकार का हिस्सा रहे आरपीपी के चार मंत्रियों ने शनिवार को प्रचंड को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इनमें पार्टी के अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री राजेंद्र लिंगदेन शामिल हैं। काठमांडू पोस्ट की खबर के मुताबिक, शनिवार को पार्टी की केंद्रीय कार्यकारी समिति और सांसदों की एक संयुक्त बैठक में प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार और प्रांतीय सरकारों से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया गया।

आरपीपी प्रवक्ता मोहन कुमार श्रेष्ठ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राजनीतिक समीकरण में अचानक बदलाव और सत्ताधारी सरकार के भीतर सहयोग को देखते हुए, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने सरकार से हटने का फैसला किया है। पार्टी का मानना है कि हालिया बदलाव अंतर्निहित अस्थिरता के स्पष्ट संकेत हैं, और बदले हुए परिप्रेक्ष्य में पार्टी के लिए सत्ता में बने रहना अनुचित होगा। काठमांडू पोस्ट ने बयान के हवाले से बताया, हमने सरकार को दिए गए समर्थन को वापस लेने का फैसला किया है और आज से सरकार हट गए हैं। इसमें कहा गया, पार्टी प्रांतीय सरकारों के संदर्भ में भी यही विश्वास रखती है और इसलिए, प्रांतीय सरकारों को दिए गए समर्थन को भी वापस लेने का फैसला किया गया है। आरपीपी 275 सदस्ईय सदन में 14 सीटों के साथ प्रतिनिधि सभा में पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है।माओवादी सेंटर के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री प्रचंड ने सत्तारूढ़ गठबंधन के बाहर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन करके सत्ताधारी गठबंधन को झटका दिया है।अगले महीने की शुरुआत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव ने सात दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन के भविष्य पर एक गंभीर सवालिया निशान लगा दिया है।



### नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड अपनी पहली विदेश यात्रा पर कतर जाएंगे

**काठमांडू।** नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर अगले सप्ताह कतर का दौरा करेंगे। उन्होंने करीब दो महीने पहले कार्यभार ग्रहण किया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रचंड के नेतृत्व में एक नेपाली प्रतिनिधिमंडल दोहा जाएगा और प्रधानमंत्री वहां सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) के पांचवें सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल तीन मार्च को कतर रवाना होगा और यह यात्रा तीन दिवसीय होगी। मंत्रालय के अनुसार, प्रचंड दोहा में सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह कई द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगे।



बर्लिन ( जर्मनी) में जूरी के प्रमुख क्रिस्टन स्टीवर्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पुरस्कार समारोह में जाते हुए

## टॉम क्रूज और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस पीजीए पुरस्कारों से सम्मानित

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता टॉम क्रूज और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस फिल्म को प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ अमेरिका (पीजीए) पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। कैलिफॉर्निया के बेवर्ली हिल्स में स्थित बेवर्ली हिल्टन में आयोजित समारोह में टॉम क्रूज को डेविड ओ. सेल्जनिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। क्रूज ने कहा , मैं पूरी जिंदगी फिल्में बनाना चाहता था। मैं सोचता था कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं अपने पूरे जीवन करना चाहता हूं। वहीं, एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया है। यह फिल्म पिछले साल सितंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन डेनियल क्वान व डेनियल स्कैनर्ट ने किया है।

# सुनक ने नए ब्रेग्जिट समझौते को लेकर हरसंभव प्रयास का संकल्प लिया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ब्रेक्जिट से जुड़ी समस्याओं के हल और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ नया समझौता करने के लिए रविवार को अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। ईयू के साथ समझौता समस्याएं पैदा कर रहे उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल से संबंधित है। सुनक के पूर्ववर्ती बोरिस जॉनसन ने उस प्रोटोकॉल पर सहमति जताई थी। यह ब्रिटिश क्षेत्र में पड़ने वाले उत्तरी आयरलैंड और यूरोपीय संघ के सदस्य देश आयरलैंड के बीच सीमा विवाद का हल करने में नाकाम रहा है। सुनक ने दैनिक समाचार पत्र डेली टेलीग्राफ में लिखा है, मैंने ब्रेक्जिट के पक्ष में मतदान किया और मैं ब्रेक्जिट में विश्वास करता हूं क्योंकि इससे हमारे पूरे देश में परिवारों और व्यवसायों के लिए व्यापक अवसर मिलता है।



उन्होंने कहा कि ब्रेक्जिट ब्रिटेन की संप्रभुता को बहाल करने से जुड़ा था, जबकि उत्तरी आयरलैंड प्रोटोकॉल ने इसे कमजोर कर दिया और ब्रिटेन के अंदर व्यापार करने के लिए बड़ी बाधाएं पैदा हो गईं, जो अस्वीकार्य है। सुनक ने कहा, मेरा काम इस अवसर से फायदा उठाने का है, कठिन विकल्पों का सामना करना है, और मुझे जो कुछ भी मिला है, उसे देना है। और मैं आपसे वादा करता हूं: मैं किसी ऐसे समझौते पर सहमत नहीं होऊंगा, जिससे समस्याओं को हल नहीं होता और उत्तरी आयरलैंड और हमारे बहुमूल्य संघ के लिए फायदेमंद नहीं है। प्रोटोकॉल का मतलब है कि ब्रिटेन के लिए इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स से उत्पादों के उत्तरी आयरिश बंदरगाहों पर पहुंचने पर उनकी जांच की जाती है।

# समुद्र में नौका टूटी, 30 से अधिक प्रवासियों के शव बरामद, 58 बचाए

एजेंसी। रोम

**इतालवी** तटरक्षक बल और दमकल विभाग के कर्मियों ने एक नौका के रविवार को समुद्र में टूटने के बाद अब तक 30 से अधिक प्रवासियों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह दुर्घटना देश के दक्षिणी तट के पास हुई और अब तक 58 लोगों को बचाया गया है। सरकारी टीवी ने स्थानीय प्रशासन प्रमुख के कार्यालय के हवाले से बताया कि सुबह तक 33 शव निकाले जा चुके थे और 58 लोगों को बचाया गया था। इटली की समाचार एजेंसी एजीआई ने कहा कि शवों में कुछ महीने के एक बच्चे का भी शव शामिल है। सरकारी रेडियो आरआईए ने इटली के कैलेब्रिया प्रायद्वीप के तटीय शहर क्रोटोन के निकट बंदरगाह अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि सुबह के समय जब आयोनियन सागर में लकड़ी की नौका दुर्घटनाग्रस्त हुई, उस समय उसमें 100 से अधिक लोग सवार थे। रेडियो की खबर के अनुसार, बचाव कार्य अभी जारी है। लेकिन इतालवी समाचार एजेंसी लाप्रेसे ने बाद में बचाव दल के अज्ञात अधिकारियों के हवाले से कहा कि हो सकता है कि नौका पर 180 लोग सवार रहे हों। सरकारी टीवी में बताया गया कि 27 लोग खुद तैरकर तट पर आ गए।

### सोमालिया मं अफ्रीकन यूनियन का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**मोगादिशु** (सोमालिया)। सोमालिया में अफ्रीकन यूनियन ट्रांजिशन मिशन का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे तीन लोगो की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। मिशन ने बताया कि हेलीकॉप्टर लोअर शाबेले क्षेत्र में बालेडोगले हवाईपट्टी पर शनिवार को जब दुर्घटनाग्रस्त हुआ तो वह सोमाली नेशनल आर्मी के अधिकारियों को एक संयुक्त प्रशिक्षण मिशन पर लेकर जा रहा था। इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल अमेरिकी सैन्य बल भी करते है। अफ्रीकन यूनियन मिशन ने रविवार को कहा कि हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। मिशन ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सोमालिया की राजधानी मोगादिशु ले जाया गया।

**क्रोएशिया में बस पलटी, एक की मौत व चार घायल:** जगरेब (क्रोएशिया), 26 फरवरी (एपी) क्रोएशिया में एक बस के पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा शनिवार देर रात एक राजमार्ग पर हुआ। उन्होने बताया कि बस फिसल कर पलट गई। सरकारी एजेंसी एचआरटी के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त बस मे नौ यात्री सवार थे। घायलो को अस्पतालो मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना का कारण नही बताया।

## फ्रिज में मिले मॉडल के शव के टुकड़े, पूर्व पति के परिजन पर लगाए गए आरोप

**हांगकांग।** हांगकांग में एक रेफ्रिजरेटर से एक मॉडल के शव के टुकड़े मिलने के मामले में पुलिस ने उसके पूर्व पति के परिजन के खिलाफ हत्या के आरोप दर्ज किए हैं। पुलिस ने एक बयान में बताया कि हांगकांग की मॉडल एबी चोई की हत्या के मामले में उसके पूर्व ससुर और ससुर के बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि उसकी पूर्व सास पर न्यायिक प्रक्रिया में बाधा पैदा करने का आरोप लगाया गया है। प्राधिकारियों ने मॉडल के पूर्व पति (28) को भी शनिवार को गिरफ्तार किया था, लेकिन उसके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाए गए। यह मामला उस समय सामने आया था, जब पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को हांगकांग के ताई पो में एक गांव के एक मकान में रखे फ्रिज से मॉडल के शव के हिस्से बरामद किए थे। पुलिस अधीक्षक एलन चुंग ने शनिवार को बताया कि मकान से मीट ग्राइंडर , आरी, रेनकोट, दस्ताने और मास्क भी बरामद किए गए। चुंग ने बताया कि मॉडल के पूर्व पति एवं उसके परिवार का पीड़िता के साथ वित्तीय विवाद था। पीड़िता कई दिनों से लापता थी। पुलिस को फ्रिज में एक महिला के कटे हुए पैर और मकान से चोई का पहचान पत्र, क्रेडिट कार्ड और अन्य सामान मिला था। चुंग ने बताया कि उन्होंने सूप के बर्तनों में मानव ऊत्तक भी बरामद किए। पुलिस को घटनास्थल से पीड़िता का सिर, धड़ या हाथ नहीं मिले।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में विस्फोट में चार की मौत, 10 घायल

**पेशावर** (पाकिस्तान)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार सुबह एक बाजार में हुए विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बरखान के उपायुक्त अब्दुल्ला खोसो ने डॉन समाचार पत्र से कहा कि धमाका राखनी बाजार इलाके में मोटरसाइकिल में लगा इंप्रोवाइज्ड एक्स्प्लोसिव डिवाइस (आईईडी) फटने से हुआ। बरखान के थाना प्रभारी सज्जाद अफजाल ने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी की गई है। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि नहीं की जा सकती। इन वीडियो में कार्यकर्ताओं को खून से लथपथ पीड़ितों को कथित घटनास्थल से ले जाते हुए देखा जा सकता है और आसपास भारी भीड़ दिख रही है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेन्जो ने विस्फोट की निंदा की है और अधिकारियों को दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, निर्दोष लोगों का खून बहाने वाले मानवता के दुश्मन हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी विस्फोट की निंदा की और मुख्यमंत्री से रिपोर्ट मांगी है।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का सत्र आज से आरंभ होगा

**जिनेव( एजेंसी )** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार संस्था का सत्र सोमवार से शुरु होगा, जिसमें ईरान के विदेश मंत्री, एक वरिष्ठ रूसी दूत तथा फ्रांस और जर्मनी के शीर्ष राजनयिक भाग लेंगे।संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस इस सत्र की शुरुआत करेंगे।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) का यह सत्र लगभग पांच सप्ताह तक चलेगा, जो ऐसे समय हो रहा है जब दुनिया कई चुनौतियों से जूझ रही है। इनमें यूक्रेन पर रूस का हमला, रूस और बेलारूस में असंतोष का दमन, फलस्तीन और इजराइल के बीच हिंसा का नया दौर आदि शामिल हैं। सोमवार को, सत्र को गुतारेस के अलावा कांगो, मोंटेनेग्रो और कोलंबिया के राष्ट्रपति, ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमिरबदोल्लाहियान संबोधित करेंगे।

## बढ़ते तनाव के बीच इजराइल और फलस्तीन के अधिकारियों की बैठक

एजेंसी। यरूशलम

**रमजान** के पवित्र महीने से पहले बढ़ते तनाव को कम करने के प्रयास के तहत फलस्तीन और इजराइल के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों की रविवार को जॉर्डन में बैठक होगी। दोनों पक्षों ने यह जानकारी दी।

इजराइल ने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और आतंरिक सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख शिन बेट इसमें भाग लेंगे। फलस्तीनी खुफिया सेवाओं के प्रमुख के साथ-साथ राष्ट्रपति महमूद अब्बास के सलाहकारों के इसमें शामिल होने की उम्मीद है। अब्बास के कार्यालय ने कहा कि फलस्तीनी पक्ष इजराइल की सभी एकतरफा कार्वाइयों को रोकने की आवश्यकता पर बल देंगे।

एक इजराइली अधिकारी ने बताया कि बैठक रमजान से पहले तनाव कम करने के लिए और अमेरिकी अनुरोध के बाद आयोजित की जा रही है। जॉर्डन के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक इजराइल की एकतरफा कार्वाई को रोकने के लिए आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक जॉर्डन के अकाबा में होगी। फलस्तीन ने इजराइल के साथ किसी भी आधिकारिक बैठक का विरोध किया है जबकि आतंकवादी समूह हमास ने इस प्रस्तावित बैठक की आलोचना की है।इस बीच इजराइल ने वेस्ट बैंक में विद्रोहियों का मुकाबला करने का संकल्प लिया है। गौरतलब है कि इजराइल और फलस्तीन के बीच हिंसा बढ़ गई है क्योंकि पिछले दिनों फलस्तीनी हमलों के बाद इजराइल ने वेस्ट बैंक के शहरों, कस्बों और गांवों में छापेमारी की थी।

## यूरोपीय संघ ने रूस के अधिकारियों बैंकों और व्यापार पर प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर शनिवार को रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इसके तहत युद्ध का समर्थन करने, दुष्प्रचार करने या ड्रोन की आपूर्ति करने के आरोपी अधिकारियों व संगठनों को निशाना बनाते हुए उनपर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके साथ ही उन उत्पादों के व्यापार पर भी पाबंदी लगाई गई है जिनका सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है। ईयू के अध्यक्ष स्वीडन ने कहा, सैन्य और राजनीतिक निर्णय-कर्ताओं, रूसी सैन्य उद्योग का समर्थन कर रहीं या उसके साथ काम कर रहीं कंपनियों और वेगनर समूह के कमांडरों को निशाना बनाकर पाबंदियां लगाई गई हैं। रूस के कुछ बड़े बैंकों से लेनदेन पर भी पाबंदियां लगाई गई हैं। तीन और रूसी बैंकों व सैन्य ड्रोन का निर्माण करने वाली सात ईरानी संस्थाओं की संपत्तियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इनमें कंपनियां, एजेंसियां, राजनीतिक दल या अन्य संगठन शामिल हैं। यूरोपीय संघ को संदेह है कि रूस ने युद्ध के दौरान इन ड्रोन का इस्तेमाल किया है।

### निक्की हेली का संकल्प-सत्ता में आने पर

# चीन-पाकिस्तान जैसे देशों को नहीं देंगे आर्थिक मदद

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय**-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने संकल्प लिया है कि सत्ता में आने पर वह अमेरिका से नफरत करने वाले देशों को मिलने वाली आर्थिक सहायता को पूरी तरह से बंद कर देंगी। पाकिस्तान, चीन, इराक और अन्य देशों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, एक मजबूत अमेरिका बुरे लोगों को रकम नहीं दे सकता। दक्षिण कैरोलिना की दो



बार की गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत रही चुकीं 51 वर्षीय हेली ने इस महीने की शुरुआत में औपचारिक रूप से 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल होने की बात कही थी। न्यूयॉर्क पोस्ट में लिखे एक लेख में हेली ने कहा, सत्ता में आने पर हम अमेरिका से नफरत करने वाले देशों को मिलने वाली आर्थिक सहायता को पूरी तरह से बंद कर देंगे। एक मजबूत अमेरिका बुरे लोगों को रकम नहीं दे सकता। अमेरिका हमारे लोगों की गाढ़ी कमाई को बर्बाद नहीं करता। उन्होंने कहा, और केवल वही नेता हमारे भरोसे के लायक हैं, जो हमारे दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए खड़े होते हैं और हमारे दोस्तों के साथ खड़े होते हैं। हेली ने कहा कि अमेरिका ने पिछले साल विदेशी सहायता पर 46 अरब डॉलर खर्च किए हैं, जो चीन, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं को यह जानने का हक है कि यह रकम कहां जा रही है और इस रकम से क्या किया जा रहा है।



पाकिस्तान योग परिषद द्वारा लाहौर के जीसी विश्वविद्यालय में आयोजित शिविर में योगाभ्यास करते लोग

## अपहरणकर्ताओं ने तीन बंधक रिहा किए

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने रविवार को कहा कि कई दिनों पहले पापुआ न्यू गिनी के एक दूरदराज के क्षेत्र में एक हथियारबंद समूह द्वारा बंधक बनाए गए ऑस्ट्रेलिया के एक पुरातत्वविद और पापुआ न्यू गिनी के दो नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। वोंग ने ट्विटर पर कहा, मैं इस खबर का स्वागत करती हूं कि सभी बंधकों को रिहा कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बंधकों को 20 हथियारबंद लोगों द्वारा कथित तौर पर बंधक बनाया गया था। पुलिस ने यह नहीं बताया कि अपहरण की घटना कब हुई थी।

PUBLIC NOTICE

I, Naseema W/o Farooq Ali Siddiqui R/o C-81, Avantika, Sector-1, Rohini, Delhi-110085, I have Lost my Original last chain of Property documents of D-578, Avantika, Sector-1, Rohini, Delhi-110085. If anybody found please contact 9810109906

Public Notice

This is to inform general public that Mrs. Rinku has acquired the Property bearing area measuring 150 sq. yds. I.e. 125.41 sq. mtr. out of Khata no. 00438 & Khasra no. 653, situated at Gram Kasana Pargana Dankaur Tehsil & Distt. Gautam Budh Nagar vide Gift deed dated 29.01.2022, Doc no. 2117 Now, Mr. Rinku Mavi & Mrs. Shakuntal are mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# डिजिटल क्रांति की शक्ति है ई-संजीवनी ऐप

## मन की बात में प्रधानमंत्री ने सराहा

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने रविवार को कहा कि ऑनलाइन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाले ऐप ई-संजीवनी की पहुंच भारत में डिजिटल क्रांति की शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से अधिक लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 98वीं कड़ी में उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी ऐप आम आदमी, मध्यम वर्ग और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए जीवन रक्षक ऐप बन गया है। उन्होंने कहा, ये है भारत की डिजिटल क्रांति की शक्ति। मोदी ने कहा कि इस ऐप का उपयोग कर अब तक टेलीकंसल्टेशन करने वालों की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। उन्होंने कहा, ए बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारत के लोगों ने तकनीक को कैसे, अपने जीवन का हिस्सा बनाया है, ए इसका जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ई-संजीवनी ऐप के जरिए टेलीकंसल्टेशन एक बड़ा वरदान साबित हुआ।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान एक चिकित्सक और एक मरीज से संवाद भी किया। उन्होंने कहा, देश के सामान्य लोगों के लिए, मध्यम वर्ग के लिए, पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वालों के लिए, ई-संजीवनी जीवन रक्षा करने वाला ऐप बन रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल लेनदेन के मंच यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का भी उल्लेख किया और कहा कि दुनिया के कई देश इसकी तरफ आकर्षित हैं। उन्होंने भारत और सिंगापुर के बीच हाल में डिजिटल लेनदेन लिंक सेवा शुरू किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, भारत का ई-संजीवनी ऐप हो या फिर यूपीआई, ए जीवन जीने की सुगमता को बढ़ाने में बहुत मददगार साबित हुए हैं।



भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनते पार्टी के वरिष्ठ नेता

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भारत को स्वच्छ बनाने में योगदान करने और प्लास्टिक थैलों की जगह कपड़ों के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की। स्वच्छ भारत अभियान ने देश में जन-भागीदारी के मायने बदल दिए हैं। इस क्रम में उन्होंने हरियाणा के दुल्हेड़ी गांव के सफाई अभियान की चर्चा की जिसमें ग्रामीणों ने भिवानी शहर को स्वच्छता के मामले में अनुकरणीय शहर बनाने के लिए युवा स्वच्छता एवं जनसेवा समिति का गठन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे जुड़े युवा तड़के चार बजे ही भिवानी पहुंचकर शहर में अलग-अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाते थे। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि इस समिति से जुड़े युवा अब तक शहर से कई टन कचरा साफ कर चुके हैं। कचरे से कंचन की अवधारणा को स्वच्छ भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा करार देते हुए मोदी ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में स्व:सहायता समूह चलाने वाली कमला मोहराना का उदाहरण दिया और कहा कि इस समूह की महिलाएं टोकरी और मोबाइल स्टैंड जैसी वस्तुएं दूध के पाऊच और अन्य प्लास्टिक पैकिंग सामग्री से बनाती हैं। इससे समूह से जुड़ी महिलाओं को अच्छी आमदनी हो रही है और स्वच्छता भी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि जब समाज की शक्ति बढ़ती है तो देश की शक्ति भी बढ़ती है। उन्होंने संवाद के इस माध्यम से पारंपरिक खेलों और भारतीय खेलों को बढ़ावा दिए जाने सहित अपने विभिन्न आह्वानों का उल्लेख किया और कहा कि लोगों ने इनमें बढ़चढ़कर भागीदारी की।

गौरतलब है कि विपक्षी दल मन की बात कार्यक्रम की अक्सर आलोचना करते हैं और आरोप लगाते हैं कि प्रधानमंत्री सिर्फ अपने मन की बात करते हैं जनता की नहीं सुनते हैं। उन्होंने कहा, इस सफर में मन की बात को आप सभी ने जनभागीदारी की अभिव्यक्ति का अद्भुत मंच बना दिया है। आप, अपने मन की शक्ति को तो जानते ही हैं। वैसे ही, समाज की शक्ति से कैसे देश की शक्ति बढ़ती है, ए हमने मन की बात की अलग-अलग कड़ियों में देखा और समझा है। मैंने इन्हें अनुभव किया है और स्वीकार भी किया है। मोदी ने इस दौरान कहा कि उन्होंने इस कार्यक्रम में भारत के पारंपरिक खेलों, भारतीय खिलौनों को प्रोत्साहन की बात की थी और लोगों ने इसमें बढ़चढ़कर भागीदारी की। जब मैंने भारत के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन की बात की थी, तुरंत उस समय देश में एक लहर सी उठ गई भारतीय खेलों से जुड़ने की, इनमें रमने की, इन्हें सीखने की। जब, भारतीय खिलौनों की बात हुई, तो देश के लोगों ने इसे भी हाथों-हाथ बढ़ावा दे दिया।

## विज्ञापन में मौलाना आजाद की तस्वीर न होने पर विवाद, कांग्रेस ने माफी मांगी

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** रविवार को अपने महाधिवेशन से जुड़े विज्ञापन में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की तस्वीर नहीं होने पर सोशल मीडिया में विवाद होने के बाद माफी मांग ली और कहा कि इसकी जिम्मेदारी तय की जा रही है तथा कार्रवाई भी जाएगी। पार्टी ने अपने 85वें महाधिवेशन के संदर्भ में अखबारों में एक विज्ञापन दिया था, जिसमें गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, भीमराव आंबेडकर, सरोजिनी नायडू, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और नरसिंह राव की तस्वीरें थीं। कांग्रेस की पृष्ठभूमि से जुड़े दिग्गज नेताओं में मौलाना आजाद का नाम न होने पर कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने आपत्ति जताई।

# नागरिकों की संपत्ति और जीवन की सुरक्षा करना राज्य का कर्तव्य : कोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने कहा है कि यह सुनिश्चित करना किसी भी राज्य का कर्तव्य है कि उसके नागरिकों के जीवन और संपत्ति की हर समय सुरक्षा हो। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने हरियाणा के झज्जर की एक अदालत में लंबित एक आपराधिक मामले को दिल्ली की अदालत में स्थानांतरित करने के अनुरोध वाली याचिका पर फैसला करते हुए यह टिप्पणी की। स्थानांतरण याचिका झज्जर के 38 लोगों द्वारा दायर की गई है, जिनकी संपत्तियों को 2016 के आंदोलन के दौरान जाट समुदाय के सदस्यों द्वारा कथित रूप से तोड़ दिया गया था। यह आंदोलन सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण की मांग को लेकर किया गया था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस



आंदोलन के दौरान जाट समुदाय के सदस्यों ने तोड़फोड़ की और आगजनी की। आरोप है कि उनके घरों, गोदामों और अन्य सामान को आग लगा दी गई, जिससे भारी अपूरणीय क्षति हुई। पीड़ित सुनील सैनी के नेतृत्व में याचिकाकर्ताओं ने मामले को इस आधार पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया कि एक वकील, जो कथित तौर पर बहुत प्रभावशाली है और बार का अध्यक्ष रहा है, के कारण कुछ महत्वपूर्ण गवाहों को मुकरने पर मजबूर किया गया और सामग्री दस्तावेज साक्ष्य रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है।

## ओआरओपी के बकाए का भुगतान मामले की याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** पूर्व सैनिकों के एक समूह ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र को यह निर्देश देने की मांग की है किसभी पात्र पेंशनभोगियों को वन रैंक-वन पेंशन (ओआरओपी) योजना के बकाए का भुगतान चार किस्तों के बजाय एक किस्त में किया जाए। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा व जेबी पारदीवाला की पीठ वकील बालाजी श्रीनिवासन के जरिए इंडियन एक्स-सर्विसमेन मूवमेंट द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 27 फरवरी को करेगी। पूर्व सैनिकों के इस संघ ने रक्षा मंत्रालय की ओर से 20 जनवरी, 2023 को किए गए पत्राचार को निरस्त करने की भी मांग की है। एक जुलाई 2019 से इसके क्रियान्वयन तक पेंशन संशोधन से संबंधित बकाए का भुगतान चार वार्षिक किस्तों में किया जाएगा।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाना जी-20 की मुख्य चिंता

भाषा। हैदराबाद

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि जी20 की मुख्य चिंता वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाने के तरीके खोजने की होगी। भारत की एक साल की जी20 की अध्यक्षता पर यहां अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने उपभोक्ताओं को पेट्रोल मूल्य वृद्धि से यथासंभव राहत देने की कोशिश की है तथा महंगाई कम करने के कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, आज दुनिया यह सबक सीख गई है कि सुरक्षा का मतलब केवल भौतिक सुरक्षा नहीं, ना ही केवल आर्थिक सुरक्षा है। इसका अर्थ स्वास्थ्य सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा भी है। इसलिए, हमें आज वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाने के तरीके खोजने होंगे। जयशंकर ने कहा कि इस साल जी20 के



राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री स्तर के सम्मेलनों के अलावा 15 मंत्री स्तरीय बैठकें भी होंगी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने आज पूरी दुनिया पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाला है और इस तरह की नाराजगी की भावना है कि विकसित देशों ने महामारी के दौरान खुद के बारे में ही सोचा। जयशंकर ने कहा कि भारत को छोड़कर कुछ ही देशों ने बाकी दुनिया के बारे में सोचा।

## क्विक न्यूज

### जोशीमठ में पैदल रास्ते पर अचानक फूटा जलस्रोत, मची अफरा-तफरी

**गोपेश्वर।** जोशीमठ नगर में रविवार को मुख्य बाजार से नृसिंह मंदिर जाने वाले पैदल मार्ग पर अचानक पानी का रिसाव होने लगा जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। बाद में लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समीप स्थित पानी के दो टैंकों की आपूर्ति बंद कर दी गई जिससे पानी का रिसाव भी बंद हो गया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि रविवार की सुबह नृसिंह मंदिर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समीप अचानक पानी का स्रोत फूट पड़ा। स्रोत से निकल रहा पानी साफ नजर आ रहा था। अचानक पानी के रिसाव को देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। जोशीमठ के तहसीलदार रवि शाह ने संवाददाताओं को बताया कि बाद में तहसील के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने बारीकी से पानी के रिसाव का निरीक्षण किया और जल संस्थान के कर्मियों को समीप ही स्थित पानी की टंकियों में आपूर्ति बंद करने के लिए कहा। टंकियों में पानी की आपूर्ति बंद होने के कुछ देर बाद रास्ते पर फूटे जलस्रोत से भी पानी का रिसाव धीरे-धीरे कम होने लगा और दोपहर में करीब एक बजे पानी का रिसाव पूरी तरह से बंद हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक फूटी जलधारा से लोग दहशत में आ गए थे। रिसाव वाली जगह पर पानी साफ था लेकिन निचले क्षेत्रों में पानी के साथ मिट्टी बहने से इसका रंग मटमैला हो गया था जिससे लोगों में जमीन धंसने का डर सताने लगा था। जल संस्थान गोपेश्वर के अधिशासी अभियंता राजेश निर्वाल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग कार्यालय के समीप स्थित दो टैंकों में दो इंच की भूमिगत पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति हो रही है। पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण भारी मात्रा में पानी का रिसाव शुरु हो गया था। उन्होंने बताया कि पानी की लाइन ठीक करवाई जा रही थी।

### स्कूल बोर्ड में एकरूपता लाएगा भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक : अमित

नई दिल्ली। शैक्षिक परीक्षण सेवा (ईटीएस) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमित सेवक ने कहा है कि भारत का पहला राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक परख देश में 60 से अधिक बोर्ड द्वारा किए जाने वाले मूल्यांकन में बहुप्रतीक्षित एकरूपता लाएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (एनसीईआरटी) ने नियामक मंच स्थापित करने के लिए द्वारा चुना गया है। समग्र विकास के लिए कार्य-प्रदर्शन आकलन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण अर्थात परख देश में सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बोर्ड के लिए छात्र मूल्यांकन और इसके मानदंड, मानक और दिशानिर्देश तय करने की दिशा में काम करेगा। सेवक ने पीटीआई-भाषा से एक साक्षात्कार में कहा, पहला कदम मूल्यांकन के लिए कुछ मानदंडों और मानकीकृत दिशानिर्देशों को तय करना है, जिसमें योगिक परीक्षण और छात्रों के आकलन के लिए नए तरीकों को अपनाना शामिल हैं। भौगोलिक अंतर और कई भाषाओं के कारण भारत में स्कूली शिक्षा में विविधता पर जोर देते हुए, सेवक ने कहा कि परख 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 62 बोर्ड में मूल्यांकन में एकरूपता लाएगा। उन्होंने कहा, हमारा दृष्टिकोण कौशल का प्रभावी ढंग से आकलन करना है। अभी हम परख के लिए एक प्रारंभिक ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। हम संगठनात्मक रूपों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में चर्चा करेंगे, अंत में हम अधिक विशिष्ट विवरणों जैसे स्थान आदि के बारे में बात करेंगे। हालांकि, सेवक ने परख के औपचारिक रूप से तैयार होने की निश्चित समय-सीमा के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में उल्लेखित एक पहल, परख विभिन्न राज्य बोर्ड के साथ नामांकित छात्रों के अंकों में असमानताओं को दूर करने में मदद के लिए सभी बोर्ड के वास्ते मूल्यांकन दिशानिर्देश बनाएगा। परख लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विश्व-स्तरीय मूल्यांकन और सीखने की प्रणाली तैयार करने के वास्ते वैश्विक मॉडल के रूप में काम करेगा।

## राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर तीन कर्मचारी बर्खास्त किए गए

**जम्मू।** कई विस्फोट करने के आरोप में हाल में गिरफ्तार किए गए एक स्कूली शिक्षक समेत तीन सरकारी कर्मचारियों को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने एक सरकारी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक आरिफ शेख (रियासी), जूनियर इंजीनियर (लोक निर्माण विभाग) मंजूर अहमद इट्टू (बांदीपुरा) और समाज कल्याण विभाग में अर्दली के रूप में कार्यरत कुपवाड़ा के सैयद सलीम अंद्राबी को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के मामले में संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत बर्खास्त करने का आदेश दिया गया।

## लड़की का अपहरण करने के आरोप में मदरसा शिक्षक सहित दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में 16 साल की एक लड़की का अपहरण करने के आरोप में मदरसा शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मदरसे में अरबी की पढ़ाई कर रही लड़की को छुड़ा लिया गया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसके परिवार को सौंप दिया गया। अधिकारी ने बताया कि डोडा के बथारी गांव के मुख्य आरोपी बिलाल अहमद को रामबन के रामसू इलाके में बचाव अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। बिलाल अहमद मदरसे में मौलवी है। प्रवक्ता ने बताया कि डोडा के गंडोह गांव से अहमद के पड़ोसी रियाज अहमद को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि लड़की के पिता ने रख अंब तल्ली पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने कार्वाई शुरू की।

## हरि की पैड़ी कॉरिडोर का काम जल्द शुरू होगा: धामी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि काशी विश्वनाथ, वाराणसी और महाकाल मंदिर, उज्जैन की तर्ज पर हरिद्वार में प्रस्तावित हरि की पैड़ी कॉरिडोर योजना पर जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। यहां कई कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे धामी ने इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि काशी और उज्जैन कॉरिडोर की तर्ज पर हरि की पैड़ी कॉरिडोर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, सभी के सहयोग से एक दिव्य हरिद्वार, एक नए हरिद्वार का काम प्रारंभ होगा।

# आईआईटी-मद्रास 100 करोड़ रुपये का नवोन्मेष एवं उद्यमिता कोष बनाएगा

भाषा। चेन्नई

**भातीय प्रौद्योगिकी** संस्थान-मद्रास (आईआईटी-एम) स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपए का नवोन्मेष एवं उद्यमिता कोष स्थापित करेगा। संस्थान की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि वह यह सुनिश्चि करने की भी योजना बना रहा है कि उसके कम से कम पांच उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सलेंस) अपने-अपने क्षेत्र में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तीन स्था बनाएं। संस्थान ने बताया कि यह उसके उन प्रमुख लक्ष्यों में शामिल है जिन्हें उसने अपने लिए वर्ष 2022-27 की रणनीतिक योजना के तहत निर्धारित किया है। आईआईटी-एम ने कहा कि वह दो दशकों से अधिक समय से समय-समय पर रणनीतिक योजनाओं को बनाकर उनका पालन कर रहा है। इस योजना के अंत तक संस्थान अपने महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए अपनी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से उच्चीकृत और विकसित कर देगा। आईआईटी-एम के दूसरे परिसर का नाम डिस्कवरी परिसर है जो मुख्य परिसर से 36 किलोमीटर दूर स्थित है। डिस्कवरी परिसर में अधिक संख्या में विशेषीकृत विश्व स्तरीय शोध सुविधाएं होंगी।

# नड्डा ने की राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक



● त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को राष्ट्रीय महासचिवों के साथ एक बैठक की और इस दौरान उन्होंने त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनावों और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। त्रिपुरा में मतदान हो चुका है, जबकि मेघालय और नगालैंड में विधानसभा चुनाव के तहत सोमवार को मतदान होना है।

बैठक में पार्टी महासचिव अरुण सिंह, दुष्यंत कुमार गौतम, डी पुरंदेश्वरी, सी टी रवि, तरुण चुग, दिलीप सैकिया, विनोद तावड़े, सुनील बंसल और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष ने हिस्सा लिया। नड्डा के कार्यालय की ओर से एक ट्वीट में कहा गया, आज नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की व उनका मार्गदर्शन किया। बैठक के बारे में पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इसमें लोकसभा प्रवास कार्यक्रम की समीक्षा की गई और चुनावी राज्यों के संबंध में जानकारी दी गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों और जी-20 की बैठकों के बारे में भाजपा द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। ज्ञात हो कि जनवरी महीने में राजधानी दिल्ली में हुई भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में पार्टी ने कहा था कि देश में होने वाली जी-20 की बैठक केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की आम जनता से जुड़ा हुआ कार्यक्रम है। पार्टी ने कहा था कि उसके करोड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों से मिलकर काम करेंगे। कार्यसमिति की इसी बैठक में साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाए जाने का फैसला लिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कार्यकाल विस्तार मिलने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा अपनी टीम को आकार देने के लिए इसका पुनर्गठन कर सकते हैं। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में भी फेरबदल को लेकर लंबे समय से कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि जल्द ही यह कवायद की जा सकती है, क्योंकि अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में भी विधानसभा चुनाव होने हैं।

## मुंबई को अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाने की जरूरत, शंघाई जैसा नहीं: शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि मुंबई को शंघाई जैसा बनाने का सपना देखने की जरूरत नहीं है, बल्कि इस महानगर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है। शिंदे ने यह भी कहा कि उन्हें कुछ ठेकेदारों के प्रभाव को हटाने और लोगों को बेहतर सड़कें तथा सेवाएं प्रदान करने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव जीतने की जरूरत है। वह एक सार्वजनिक समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे, जहां उन्होंने मुंबई में 320 विभिन्न परियोजनाओं पर काम की शुरुआत की। मुंबई को शंघाई जैसा बनाने का सपना देखने की जरूरत नहीं है। शहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना है। हम कई मलजल उपचार संयंत्र भी स्थापित कर रहे हैं जो इस्तेमाल किए गए पानी को स्वच्छ करेंगे और केवल साफ पानी ही समुद्र में छोड़ेंगे। वह आलोचना का जवाब नहीं देंगे, क्योंकि वह बात करने के बजाय काम करना पसंद करते हैं।

# अमीरों की सूची में 30वें स्थान पर फिसले अडाणी

## कंपनियों का मूल्यांकन 12 लाख करोड़ रुपए घटा

भाषा। नई दिल्ली

**सिर्फ एक महीने** पहले गौतम अडाणी की गिनती दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स के रूप में होती थी लेकिन अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की नकारात्मक रिपोर्ट आने के बाद उनकी अगुवाई वाले समूह के शेयरों में इस कदर बिकवाली हुई कि अब वह सबसे अमीर लोगों की सूची में 30वें स्थान पर आ गए हैं। बंदरगाह, हवाई अड्डा, खाद्य तेल, बिजली, सीमेंट और डेटा केंद्र जैसे तमाम क्षेत्रों में कारोबारी दखल रखने वाले अडाणी समूह के शेयरों में बीते एक महीने में भारी बिकवाली हुई है। आंकड़े बताते हैं कि अडाणी समूह की 10 कंपनियों के सम्मिलित बाजार मूल्यांकन में इस दौरान 12.06 लाख करोड़ रुपए की भारी-भरकम गिरावट आ चुकी है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट 24 जनवरी



को प्रकाशित हुई थी जिसमें अडाणी समूह पर शेयरों के दाम बढ़ाने में हेराफेरी और फर्जी विदेशी कंपनियों का इस्तेमाल करने के गंभीर आरोप लगाए गए थे। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को झूठा एवं आधारहीन बताते हुए उन्हें खारिज कर दिया था। अडाणी समूह की तरफ से दिए गए तमाम स्पष्टीकरण के बाद भी इसके शेयरों में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। सर्वाधिक नुकसान अडाणी टोटल गैस लिमिटेड को हुआ है जिसके बाजार मूल्यांकन में 80.68 प्रतिशत की बड़ी गिरावट हो चुकी है। इसी तरह अडाणी ग्रीन एनर्जी का मूल्यांकन 74.62 प्रतिशत घट गया है। अडाणी ट्रांसमिशन के बाजार मूल्य में 24 जनवरी से अबतक 74.21 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं समूह की मुख्य कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का मूल्यांकन करीब 62 प्रतिशत तक गिर चुका है। अडाणी पावर और अडाणी विल्मर के अलावा इसकी सीमेंट कंपनियों अंबुजा सीमेंट्स एवं एसीसी के बाजार पूंजीकरण में भी इस दौरान गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही मीडिया कंपनी एनडीटीवी और अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड को भी मूल्यांकन में खासा नुकसान हुआ है।

अगर गौतम अडाणी की व्यक्तिगत पूंजी की बात करें तो उनका मूल्यांकन 120 अरब डॉलर से घटकर 40 अरब डॉलर से भी कम रह गया है। इस तरह उनके व्यक्तिगत मूल्यांकन में 80 अरब डॉलर यानी दो-तिहाई की गिरावट आ चुकी है। अडाणी की संपत्ति में गिरावट आने के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी फिर से देश के सबसे धनी आदमी बन गए हैं। अंबानी 81.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 10वें सबसे अमीर शख्स हैं। अमेरिका के पूर्व वित्त मंत्री और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष लैरी समर्स ने हाल ही में अडाणी प्रकरण की तुलना एनरॉन मामले से करते हुए कहा था कि यह भारत का एनरॉन प्रकरण बन सकता है। वर्ष 2001 में अमेरिकी कंपनी एनरॉन कॉरपोरेशन पर राजस्व बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के आरोप लगने के बाद उसके शेयरों में भारी गिरावट आई थी।

# उद्धव और पवार ने जरूरत के समय मुस्लिम समुदाय का साथ नहीं दिया : ओवैसी

भाषा। ठाणे



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम युवाओं से आह्वान किया कि वे देश में अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए मजबूत ताकत बनकर उभरें। उन्होंने इसके साथ ही उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इन नेताओं ने जरूरत के समय मुस्लिम समुदाय का साथ नहीं दिया। ओवैसी महाराष्ट्र के ठाणे जिले स्थित मुंब्रा इलाके में शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेधन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के युवाओं से सवाल किया, अगर अजित पवार, सुप्रिया सुले, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस नेता बन सकते हैं तो आप क्यों नहीं? एआईएमआईएम की स्थापना 65 साल पहले कुछ मुट्ठी भर लोगों ने की थी और कुछ लोग ही उसकी बैठकों में शामिल होते थे लेकिन अब यह संख्या हजारों में जा चुकी है। हमारी मौजूदगी संसद, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों में है और यह लगातार बढ़ रही है। ओवैसी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आएं, एआईएमआईएम को मजबूत बनाएं और मुस्लिमों एवं दलितों के अधिकारों के लिए लड़ें।

## नासिक में सावरकर को समर्पित पार्क और संग्रहालय बनेंगे

भाषा। नासिक

**महाराष्ट्र** के पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने रविवार को कहा कि हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर को समर्पित एक भव्य थीम पार्क और संग्रहालय नासिक जिले में उनके पैतृक गांव भागुर में बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनके जीवन से जुड़े क्षेत्रों को शमिल करते हुए एक सर्किट भी होगा। वह सावरकर की पुण्य तिथि पर भागुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। वीर सावरकर का जीवन और उनके विचार सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। महाराष्ट्र सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि पूरा संसार उनके जीवन और काम के बारे में जाने। हम वीर सावरकर को समर्पित अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक भव्य पार्क और संग्रहालय का निर्माण करेंगे। थीम पार्क का प्रबंधन महाराष्ट्र के पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा और इसके निर्माण का काम जल्द पूरा कराया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया की महिलाएं फिर बनी विश्व विजेता

● दक्षिण अफ्रीका को 19 रन से हराया

● छठी बार महिला टी20 विश्व कप जीता

**भाषा।** केपटाउन




**सलामी बल्लेबाज** बेथ मूनी के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 19 रन से हराकर लगातार तीसरी और कुल छठी बार खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया के अलावा कोई और टीम एक से अधिक बार यह खिताब नहीं जीत पाई है।

ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले 2010, 2012, 2014, 2018 और 2020 में यह खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने मूनी की 53 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के से नाबाद 74 रन की पारी के अलावा उनकी एलिसा हीली (18) के साथ पहले विकेट की 36 और एशलेग गार्डनर (29) के साथ दूसरे विकेट की 46 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सलामी बल्लेबाज लॉरा वोलवार्ट (48 गेंद में 61 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक के बावजूद छह विकेट पर 137 रन ही बना सकी। वोलवार्ट के अलावा दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्लो ट्रायोन (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाईं। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 55 रन भी जोड़े। लगातार सातवीं बार फाइनल में खेल रहे ऑस्ट्रेलिया की ओर से एशलेग (चार ओवर में 20 रन पर एक विकेट), मेगान शुट (चार ओवर में 23 रन पर एक विकेट) और डार्सी ब्राउन (चार ओवर में 25 रन पर एक विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट चटकाया। पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में खेल रही दक्षिण अफ्रीका की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें ओवर में ही ताजमिन ब्रिट्स का विकेट गंवा दिया जो 17 गेंद में 10 रन बनाने के बाद ब्राउन की गेंद पर ताहलिया मैकग्रा को कैच दे बैठीं। मेजबान टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 22 रन ही बना सकी। वोलवार्ट ने इसके बाद मोर्चा संभालते हुए ब्राउन पर चौका और जेस जोनासेन पर छक्का मारा। मारिजेन कैप हालांकि एशलेग की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर ब्राउन को आसान कैच दे बैठीं। उन्होंने 11 रन बनाए। वोलवार्ट ने जॉर्जिया वेयरहैम पर चौके के साथ 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया लेकिन कप्तान सुने लुस दो रन बनाकर रन आउट हो गई जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 54 रन हो गया। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजों ने लगातार दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर रखा। वोलवार्ट और ट्रायोन ने रन गति बढ़ाने का प्रयास किया। वोलवार्ट ने ताहलिया मैकग्रा और वेयरहैम पर छक्के जड़े जबकि ट्रायोन ने भी वेयरहैम की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। वोलवार्ट ने ब्राउन की गेंद पर चौके के साथ 43 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 59 रन की दरकार थी।

### स्कोरबोर्ड


**ऑस्ट्रेलिया महिला टीम:** हीली का डि क्लर्क बो कैप 18, मूनी नाबाद 74, गार्डनर का लुस बो ट्रायोन 29, हैरिस बो मलाबा 10, लेनिंग का ट्रायोन बो कैप 10, पैरी का ब्रिट्स बो इस्माइल 07, वेयरमैन बो इस्माइल 00, मैकग्रा नाबाद 01, **अतिरिक्त:** 07, **कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर: 156 रन, **विकेट पतन:** 1-36, 2-82, 3-103, 4-122, 5-155, 6-155, **गेंदबाजी:** मलाबा 3-0-24-1, इस्माइल 4-1-26-2, कैप 4-0-35-2, खाका 4-0-27-0, डि क्लर्क 3-0-27-0, ट्रायोन 2-0-15-1

**दक्षिण अफ्रीका महिला:** वोलवार्ट पगबाधा बो शुट 61, ब्रिट्स का मैकग्रा बो ब्राउन 10, कैप का ब्राउन बो एशलेग 11, लुस रन आउट 02, ट्रायोन बो जोनासेन 25, डि क्लर्क नाबाद 08, बोश रन आउट 01, जाफ्ता नाबाद 09, **अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर: 137 रन, **विकेट पतन:** 1-17, 2-46, 3-54, 4-109, 5-121, 6-122, गेंदबाजी: शुट 4-0-23-1, एशलेग 4-0-20-1, ब्राउन 4-0-25-1, पैरी 1-0-5-0, जोनासेन 3-0-21-1, वेयरहैम 2-0-21-0, मैकग्रा 2-0-17-0

# आस्ट्रेलिया की हीली ने हरमनप्रीत पर कसा तंज

● आप कह सकते है कि आप पूरी जिंदगी बदकिस्मत रहे :

**भाषा।** केपटाउन





**ऑस्ट्रेलिया** की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली का मानना है कि महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर का रन आउट किस्मत नहीं बल्कि वास्तविक प्रयास में कमी के कारण हुआ था। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स की 41 गेंदों में 69 रन की चौथे विकेट की साझेदारी के दम पर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के करीब पहुंच गई थी। लेकिन 15वें ओवर में दूसरा रन पूरा करने की कोशिश के दौरान हरमनप्रीत का बल्ला पिच में फंस गया और हीली ने गिल्लियां बिखेर कर भारतीय कप्तान को रन आउट कर दिया। यहां से मैच का रुख पलट गया और पांच रन की करीबी हार से भारतीय टीम का विश्व कप अभियान खत्म हो गया। हीली ने एबीसी स्पोर्ट्स के ट्विटर पर जारी वीडियो में रविवार को कहा, यह एक विचित्र मामला है और मेरा मतलब है कि हरमनप्रीत कह सकती है कि वह बदकिस्मत रही लेकिन मेरा मानना है कि उनके प्रयास में कमी रह गई और वह शायद क्रीज को पार कर सकती थी। अगर वह ईमानदारी से प्रयास करती तो यह बस दो मीटर का मामला था। हमें इसका कोई मलाल नहीं। मैच के बाद हरमनप्रीत ने नम आंखों के साथ कहा था, मैं इससे ज्यादा दुर्भाग्यशाली महसूस नहीं कर सकती। लेकिन हीली उन पर तंज कसने में पीछे नहीं रही। आप कह सकते हैं कि आप अपने पूरे जीवन बदकिस्मत रहे, लेकिन यह आम तौर पर उस समय के प्रयास और ऊर्जा के बारे में है। यह विकेटों के बीच दौड़ने के बारे में है। यह उन छोटी-छोटी बुनियादी चीजों को लेकर विपक्ष से बेहतर करने के बारे में है और बड़े टूर्नामेंट इसी तरह से जीत सकते हैं। मुझे लगता है कि हम इसे काफी अच्छे से कर रहे हैं। अगर बल्लेबाज के साथ कोई परेशानी होती है तो वह गिल्लियां बिखेरने से बचती हैं लेकिन हरमनप्रीत का मामला ऐसा नहीं था।

### मार्सेल ने जीता खिताब

**गुरुग्राम।** शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत हीरो इंडियन ओपन गोल्फ में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ रहे जबकि जर्मनी के मार्सेल सिएम ने हमवतन यानिक पॉल को पछाड़ कर खिताब अपने नाम किया। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अंतिम दौर में छह बर्डी और दो बोगी के साथ 68 का शानदार कार्ड खेला जबकि अहलावत ने एक ओवर 73 का स्कोर किया। इन दोनों का स्कोर 284 रहा। सिएम ने आखिरी दिन चार अंडर 68 का स्कोर कर पॉल (70) को एक शॉट से पीछे छोड़ कर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पांचवां खिताब जीता।

### रीयल कश्मीर ने टीआरएयू को, पंजाब ने दिल्ली को रौंदा

**नई दिल्ली।** रीयल कश्मीर ने टिड्डीम रोड एथलेटिक्स यूनियन (टीआरएयू) को आई-लीग फुटबॉल मैच में रविवार को यहां 2-0 से हराया जबकि राउंड ग्लास पंजाब ने सुदेवा दिल्ली को 8-0 के बड़े अंतर से शिकस्त दी। गुरुग्राम के ताऊदेवी लाल स्टेडियम में खेल गए मुकाबले में पंजाब की टीम के लिए जुआन मेरा ने गोल की हैट्रिक (21वें, 33वें, 76वें) लगाई जबकि लुका माजेन ने दो गोल (28वें, 69वें) किए।

### वैदेही ने गुरुग्राम में आईटीएफ खिताब जीता

**गुरुग्राम।** अनुभवी वैदेही चौधरी ने रविवार को यहां बलियावास में 15 हजार डॉलर इनामी आईटीएफ महिला टेनिस टूर्नामेंट के एकल फाइनल में संदीप्ति सिंह राव को हराकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में महिला युगल विजेता जील देसाई को हराने वाली 19 साल की संदीप्ति ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए पहला सेट जीता लेकिन वैदेही ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए 4-6 6-2 6-0 से जीत दर्ज की।

### जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका ए पर 4-0 की शानदार जीत के साथ इस देश के दौरे को अजेय रहते हुए खत्म किया। दीपिका सीनियर ने शनिवार रात को खेले गए मुकाबले के 13वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत का खाता खोला। इसके कुछ मिनट बाद नीलम (15वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया।

### भगत-कदम को युगल स्वर्ण, तरुण को एकल खिताब

**विक्टोरिया (स्पेन)।** प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने यहां स्पेनिश पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जबकि तरुण ने कदम को हराकर एकल खिताब अपने नाम किया।लेवल दो के टूर्नामेंट के एसएल3-एसएल4 वर्ग में चुनौती पेश कर रहे भगत और कदम ने तरुण और नितेश की भारतीय जोड़ी को फाइनल में 22-20 12-21 21-9 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।

### वार्नर के टेस्ट भविष्य पर फैसला हो : टेलर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने चयनकर्ताओं से मांग की है कि वे इस साल होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट मे डेविड वार्नर के भविष्य को लेकर फैसला करें। उन्होने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट की तीन पारियो मे एक, 10 और 15 रन बनाए जिसके बाद वह कनकशन (सिर मे चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) और कोहनी में फ्रेक्चर के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए।

# घरेलू मैचों में उपकप्तान अनुचित : शास्त्री

● अंतिम एकादश के चयन में बनते हैं समस्या समस्या

**भाषा।** नई दिल्ली



भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री घरेलू श्रृंखला में उप-कप्तान नियुक्त के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि ऐसे खिलाड़ी के लय में नहीं होने के कारण सर्वश्रेष्ठ एकादश के चयन में परेशानी होती है। शास्त्री ने यह भी संकेत दिया कि शुभमन गिल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट में लोकेश राहुल की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाना चाहिए। राहुल के लंबे समय से लय में नहीं है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपनी पिछली सात पारियों में 22, 23, 10, दो, 20, 17 और एक रन का स्कोर बनाया है। इसके उलट गिल सभी प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टेस्ट टीम में जगह मिलने का इंतजार कर रहे है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट में कहा, टीम प्रबंधन उनके (राहुल) फॉर्म के बारे में जानता है, वे उनकी मानसिक स्थिति को समझते हैं। उन्हें पता है कि उन्हें गिल जैसे खिलाड़ी को किस नजर से देखना चाहिए। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत में खेलते हुए उप-कप्तान नियुक्त नहीं करना चाहिए। मैं सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना पसंद करूंगा, और अगर किसी कारण से कप्तान को मैदान छोड़ना पड़ता है, तो उसकी गैरमौजूदगी में आप किसी दूसरे खिलाड़ी को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दे सकते है। उपकप्तान नियुक्त कर आपको जटिलताएं पैदा करने की आवश्यकता नहीं है।

### ग्रैग के बाद इयान भी बिफरे



**नई दिल्ली(** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि भारतीय पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ बचने का एकमात्र तरीका स्वीप शॉट खेलना नही है और इसकी जगह स्पिनरों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के लिए बल्लेबाजों को अच्छे फुटवर्क की जरूरत होती है। ऑस्ट्रेलिया की भारतीय स्पिनरो के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने की पूर्व नियोजित रणनीति बुरी तरह से विफल रही जिससे मेजबान टीम ने शुरुआती दो टेस्ट जीतकर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-0 की बढ़त के साथ ट्रॉफी अपने पास रखना सुनिश्चित किया। अभी चार टेस्ट की श्रृंखला के दो मैच खेले जाने है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के लिए अपने कॉलम मे लिखा, नियमित रूप से स्वीप शॉट खेलना अच्छी स्पिन गेंदबाजी को खेलने का जवाब नही है ।

# स्वियातेक को हराकर क्रेजीकोवा बनी दुबई ओपन चैम्पियन



**भाषा।** दुबई

**बारबोरा क्रेजीकोवा** ने दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-4, 6-2 हराकर खिताब अपने नाम किया। क्रेजीकोवा ने अपने खिताबी अभियान के दौरान रैंकिंग के तीनों शीर्ष खिलाड़ियों को शिकस्त दी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरे रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला, सेमीफाइनल में दूसरे स्थान पर काबिज आर्यना सबलेंका और फाइनल में पोलैंड की स्वियातेक को मात दी। क्रेजीकोवा ने दूसरे दौर में रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज डारिया कसात्किना को भी मात दी थी। क्रेजीकोवा ओपन युग में एक ही टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष तीन खिलाड़ियों हराने वाली पांचवीं महिला हैं। फ्रेंच ओपन की इस पूर्व चैम्पियन ने खिताब जीतने के बाद कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है और मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलेगा कि मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दे सकती हूं। उन्होंने अपना पिछला खिताब भी बीते साल अक्टूबर में ओस्ट्रावा ओपन में स्वियातेका को ही हराकर जीता था।


### मेदवेदेव ने मरे को हराकर कतर ओपन का खिताब जीता



**दोहा।** दुनिया के दो पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों के बीच हुए कतर ओपन टेनिस के फाइनल में दानिल मेदवेदेव ने एंडी मेर्रे को सीधे सेटो मे 6-4, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे मेदवेदेव ने शुरूआती सेट मे 4-1 और दूसरे सेट मे 3-1 की बढ़त के साथ दबदबा बनाया। मेर्रे ने हालांकि दोनो सेट मे इसके बाद शानदार वापसी की लेकिन मेदवेदेव को 17वां एकल खिताब जीतने से नही रोक सके। मेदवेदेव ने पिछले सप्ताह रॉटरडैम में भी जीत हासिल की थी जिससे उनकी जीत का सिलसिला लगातार नौ मैचो का हो गया। मेर्रे का दोहा मे यह रिकॉर्ड पांचवां फाइनल मुकाबला था।

### अलकराज और नॉरी रियो ओपन के फाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज और कैमरून नॉरी ने रियो ओपन के सेमीफाइनल मे अपने-अपने मुकाबलों मे जीत दर्ज की जिससे लगातार दूसरे टूर्नामेंट में दोनो के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। इससे पहले 20 फरवरी को दोनों का सामना अर्जेंटीना ओपन के फाइनल मे हुआ था जहां स्पेन के अलकराज ने नॉरी को शिकस्त दी थी।



### मैक्स पुर्सेल ने बेंगलुरू ओपन का खिताब जीता

**बेंगलुरू।** मैक्स पुर्सेल ने रविवार को यहां ऑल आस्ट्रेलियाई फाइनल में जेम्स डकवर्थ को तीन सेट में हराकर बेंगलुरू ओपन टेनिस टूर्नामेंट के साथ अपना लगातार दूसरा एटीपी चैलेंजर एकल खिताब जीता। डकवर्थ को पहला सेट जीतने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी लेकिन पुर्सेल ने इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए 3-6 7-5 7-6 (5) से जीत दर्ज की। गत चैंपियन विंबलडन पुरुष युगल टीम में शामिल रहे पुर्सेल ने दूसरे सेट के 10वें गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट हासिल किए लेकिन डकवर्थ ने सभी को बचा लिया।



### जर्मनी के चांसलर शोल्ज बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे

**बेंगलुरु।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने रविवार को यहां एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम मे आरसीबी की पुरुष और महिला टीम से मुलाकात की। शोल्ज ने केएससीए, आरसीबी की पुरुष और महिला टीम के सदस्यो के अधिकारियो से करीब 15 मिनट तक बात की।

# अनामिका, अनुपमा व गोविंद को रजत

स्ट्रेंड्जा मुक्केबाजी

**भाषा।** सोफिया



**भारतीय मुक्केबाजों** अनामिका (50 किग्रा), अनुपमा (81 किग्रा) और गोविंद कुमार साहनी (48 किग्रा) को रविवार को यहां स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट के अपने फाइनल मुकाबलों में शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। गत राष्ट्रीय चैंपियन अनामिका को लाइटवेट फाइनल में चीन की ह्यू मेइई के खिलाफ 1-4 के खंडित फैसले से हार झेलनी पड़ी। गोविंद को भी कड़े मुकाबले में उज्बेकिस्तान के शोदियोरजोन मेलिकुजीव के खिलाफ खंडित फैसले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ अनुपमा को ऑस्ट्रेलिया की एमा सुइ ग्रीनट्री ने तकनीकी दक्षता के आधार पर 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। भारतीय मुक्केबाजों ने टूर्नामेंट में तीन रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते। गोविंद और 2023 एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मेलिकुजीव के बीच मुकाबले में दोनों खिलाड़ी आक्रामक दिखे और दोनों ने एक दूसरे के शरीर पर कई मुक्के लगाए। एशियाई चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता गोविंद ने अपनी गति और तेज मुक्कों का इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान अपना गार्ड नीचे कर रहे थे जिसका फायदा विरोधी मुक्केबाज ने उठाया। अनामिका ने आक्रामक शुरुआत की लेकिन मेइई के मजबूत डिफेंस को नहीं भेद पाईं। चीन की खिलाड़ी ने पहला दौर सर्वसम्मत फैसले से जीता। अनामिका ने पहले दौर की तुलना में दूसरे में बेहतर प्रदर्शन किया।

### भारतीय अंडर-17 टीम को कतर ने 1-3 से हराया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम को दो मैचों की मैत्री श्रृंखला के पहले मुकाबले में कतर से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोहा के एस्पायर अकादमी में शनिवार को खेले गए मैच के पहले घंटे में भारतीय टीम ने कतर को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिरी के मिनटों में टीम को लय गंवाने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

### मेघालय की नजरें संतोष ट्रॉफी के खिताब पर

**नई दिल्ली।** पहली बार संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली मेघालय की टीम की नजरें सऊदी अरब में एतिहासिक खिताब जीतने पर टिकी हैं। पहली बार संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन विदेशी सरजमीं पर हो रहा है। टूर्नामेंट के नॉकआउट (सेमीफाइनल, फाइनल और तीसरे स्थान का प्ले ऑफ) चरण के मुकाबले रियाद के किंग फहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हो रहे हैं।

# सरफराज ईरानी कप से बाहर, ईशांत बहके



**भाषा।** कोलकाता

**मुंबई के स्टार** बल्लेबाज सरफराज खान दिल्ली कैपिटल्स के शिविर में बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में लगी चोट के कारण ईरानी कप से बाहर हो गए हैं जहां उन्हें शेष भारत का प्रतिनिधित्व करना था। सरफराज ने रविवार को ईडन गार्डन्स में अभ्यास मैच में हिस्सा नहीं लिया। ईरानी कप मुकाबला एक मार्च से ग्वालियर में खेला जाएगा। चोट के कारण सरफराज ने अपनी अंगुली पर फाइबर का सुरक्षात्मक कास्ट पहन रखा था और उन्होंने बल्लेबाजी या क्षेत्रक्षण नहीं किया। वह हालांकि एनर्जी ड्रिंक देकर टीम के अपने साथियों की मदद कर रहे थे। सरफराज के मुंबई की टीम के साथी पृथ्वी साव ने अभ्यास मैच के दौरान आक्रामक रवैया अपनाया और मार्गदर्शक सौरव गांगुली तथा सहायक कोच प्रवीण आमरे की मौजूदगी में मैदान में चारों तरफ शॉट खेले। पृथ्वी हालांकि बल्लेबाजी सत्र के बाद मैदान से चले गए और बेंगलुरु जाने के लिए हवाई अड्डा चले गए। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शिविर में हिस्सा लेना है। भारतीय टीम से बाहर और चोट के कारण बामुश्किल घरेलू क्रिकेट खेलने वाले अनुभवी इशांत शर्मा अभ्यास मैच के दौरान लय में नहीं दिखे। उन्होंने अभ्यास मैच में दोनों टीम की ओर से गेंदबाजी की। मौजूदा सत्र में सिर्फ एक रणजी मुकाबला खेलने वाले इशांत मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाकी सत्र से बाहर हो गए थे।

### शेष भारत की अगुआई करेंगे मयंक अग्रवाल

**मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलेंगे**

नई दिल्ली। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ग्वालियर में एक मार्च से शुरू होने वाले ईरानी कप मुकाबले मे मध्य प्रदेश के खिलाफ शेष भारत की अगुआई करेंगे। अग्रवाल हाल मे संपन्न रणजी ट्रॉफी सत्र मे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। टेस्ट टीम मे वापसी की कोशिशो मे जुटे अग्रवाल के अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान अंगुली में चोट के कारण शेष भारत की 16 सदस्ईय टीम मे शामिल नही है। यह मैच शुरुआत मे इंदौर मे होना था लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक मार्च से तीसरे टेस्ट की मेजबानी का अधिकार होलकर स्टेडियम को मिलने के बाद इसे ग्वालियर स्थानांतरित कर दिया गया। शेष भारत की बल्लेबाजी का दारोमदार अग्रवाल और ईश्वरन के अलावा सुदीप कुमार घरामी, यशस्वी जायसवाल, बी इंद्रजीत और यश धुल पर होगा। मौजूदा रणजी ट्रॉफी चैपियन सौराष्ट्र की टीम से विकेटकीपर-सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई तथा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया को ही शेष भारत की टीम मे जगह मिली है। शेष भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई मुकेश कुमार और आकाश दीप की बंगाल की जोड़ी करेगी और उनका साथ सकारिया तथा दिल्ली के नवदीप सैनी देंगे।

### फॉलोऑन मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने किया पलटवार

**भाषा।** वेलिंगटन

**पहली** पारी में कप्तान टिम साउदी की 49 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी के बावजूद फॉलोऑन बचाने में नाकाम रही न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 202 रन बनाकर मजबूत वापसी की। इंग्लैंड के आठ विकेट पर 435 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी में 209 रन पर सिमटी। इंग्लैंड के पास 226 रन की बढ़त थी और टीम ने न्यूजीलैंड को फॉलोऑन दिया। स्टंप उखड़ते समय न्यूजीलैंड इंग्लैंड से 24 रन पीछे है और उसके सात विकेट बचे हुए है। केन विलियमसन 25 और हेनरी निकोल्स 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 138 रन से की। साउदी ने कल के नाबाद बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल (38) के साथ आठवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया।

# मान व गावते बने दिल्ली मैराथन के पुरुष और महिला वर्ग के विजेता



भाषा। नई दिल्ली

**मान सिंह ने** अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां नई दिल्ली मैराथन में जीत दर्ज की तो वहीं महिला वर्ग में ज्योति गावते खिताब का बचाव करने में सफल रही। मान सिंह ने पुरुष वर्ग की बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ को दो घंटे 14 मिनट और 13 सेकंड के समय के साथ अपने नाम किया। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो घंटे 16 मिनट 58 सेकंड था। 33 साल के इस धावक को पुरस्कार के तौर पर डेढ़ लाख रुपए का चेक मिला। बेलियप्पा एबी और कार्तिक ने 42.195 किलोमीटर के कोर्स को क्रमशः दो घंटे 14 मिनट एवं 15 सेकंड और दो घंटे 14 मिनट एवं 19 सेकंड के समय के साथ पूरा कर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले धावकों ने महासंघ की तरफ से हांगझोऊ एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन के लिए तय दो घंटे 15 मिनट से कम का समय लिया। क्वालीफिकेशन समय हासिल करने से हालांकि एशियाई खेलों का टिकट पक्का नहीं होगा। यह चयन के लिए प्रवेश मानक कट ऑफ था और एएफआई पदक जीतने की संभावना सहित कई कारकों को ध्यान में रख कर टीम का फैसला करेगा। पिछले एशियाई खेलों (2018) में कांस्य विजेता ने दो घंटे 18 मिनट और 48 सेकंड का समय निकाला था ।